# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 25 फरवरी 2025



MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएं

उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## मध्यप्रदेश में उद्योग एवं रोज़गार का नया युग प्रारंभ

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

# समापन समारोह

मुख्य अतिथि

**अमित शाह**

केंद्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति

**डॉ. मोहन यादव**

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**25 फरवरी, 2025**

सायं 4:30–6:00 । मुख्य हॉल

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल**

मुख्य आकर्षण

- एमपी मोबिलिटी एक्सपो
- सेंट्रल इंडिया फैब्रिक एंड फैशन एक्सपो
- ओडीओपी विलेज
- कन्ट्री सेशन
- एमपी पवेलियन
- एग्जीबिशन एवं एक्सपो
- एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट (बी2बी मीटिंग)
- मध्यप्रदेश सरकार एवं बिजनेस मीट (बी2जी मीटिंग)

CII Confederation of Indian Industry

EY Shape the future with confidence

D-11197/24



सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

www.investmp.in

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 25 फरवरी 2025

ऐतिहासिक समागम



भोपाल। राजधानी में आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के शुभारंभ अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव, राज्यपाल पटेल की उपस्थिति में हजारों निवेशकों ने सहभागिता की।



### पावरफुल इंजन होने के साथ हाईटेक सुविधाओं से लैस गाड़ियां


## ऑटो एक्सपो में आई सुपर कार, 3 सेकंड में पकड़ेगी 100 की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आयोजित ऑटो एक्सपो लोगों के आकर्षण बना हुआ है। इस एक्सपो में कई सुपर कारें आई हैं। प्रदर्शनी में लम्बोर्गिनी और फेरारी जैसी सुपर कारें देखने आ रहे हैं। जिन कारों के बारे में अभी तक सिर्फ लोगों ने सुना था, उन्हें ऑटो एक्सपो में देखने का मौका मिला। ऑटो एक्सपो में आई फेरारी की 'सुपर कार' की खासियत बताते हुए भोपाल सुपर क्लब के को-कोडिनेटर अपूर्व वाजपेयी ने बताया कि फरारी 488 जीटीबी कार बेहद ही खूबसूरत है। इसमें 4 लीटर का वी 8 टर्बो चार्जड इंजन है।

मात्र तीन सेकंड में यह कार 100 किमी की रफ्तार पकड़ लेती है। कार की टॉप स्पीड 330 किमी प्रति घंटा है। पावरफुल इंजन होने के साथ ही अन्य सुविधाएं दी गई हैं, जो इस सुपर कार को अलग बनाती है। इस मॉडल की कार की कीमत साढ़े तीन करोड़ रुपए से ज्यादा है। यह इंजन 660 बीएचपी की पावर और 760 एनएम का टॉर्क देता है। यह कार 0 से 100 किमी की रफ्तार तीन सेकंड में पकड़ लेती है। 330 किमी इसकी टॉप स्पीड है और इसका एवरेज 2-3 किमी प्रति लीटर है। इस कार में प्रीमियम क्वालिटी का पेट्रोल लगता है। इसके साथ ही यहां पर फोर्ड की मस्टैंग जीटी कार भी है जिसमें 5.0 लीटर का वी 8 इंजन है। इसका एवरेज कंपनी 7-8 किमी प्रति लीटर क्लेम करती है। 0-100 की रफ्तार 3-4 सेकंड में ये कार पकड़ती है। प्रदर्शनी में जबलपुर व्हीकल फैक्ट्री के साथ ही ईवी के अनेक मॉडल प्रदर्शित किए गए। यहां फोर्ड मस्टैंग जीटी, पोर्श 987 बॉक्सटर एस, बीएमडब्ल्यू एम 340 जैसी दमदार कारों की पेशकश की गई है।

### लम्बोर्गिनी, फेरारी, पोर्श के मॉडल लोगों को लुभा रहे







वंदे भारत का इंजन भी खास



### कार, बाइक और मिलेट्री टैंक के साथ ली सेल्फी

समिट में लगे ऑटो एक्सपो में बाइक के दीवानों के लिए भी खास बाइकें हैं। एक से बढ़कर एक महंगी बाइक, कार के साथ मिलेट्री टैंक को देख डेलिगेट्स सेल्फी लेने और फोटो लेने से नहीं हिचके। यहां बाइक अलग-अलग कंपनियों की हैं, जिनकी प्रदर्शनी लगाई गई है। इनकी कीमत भी लाखो रुपए की है। ऐसे में भोपाल और बाहर से आए लोग इनको देखने जा रहे हैं। एक्सपो में एक बाइक की कीमत वहां 20 लाख रुपए थी। लोग बड़ी संख्या में कार और बाइक्स को देखने के लिए पहुंच रहे हैं।





### ऑटो एक्सपो में उद्यमियों और स्टार्टअप से जुड़े युवाओं से मिले सीएम डॉ. मोहन

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में लगाए गए ऑटो एक्सपो का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्टार्टअप से जुड़े अनेक युवाओं से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री एक महिला उद्यमी के आग्रह पर सटी राइड के स्टॉल का भी अवलोकन किया। समिट में पहुंचे अनेक युवा प्रतिभागियों ने समिट के आयोजन को सार्थक कदम बताया। युवाओं ने मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी भी ली।*



**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया ऑटो एक्सपो का अवलोकन**

## शहर की सड़कों पर दौड़ेंगी नई 100 ई-बस, दिक्कत होगी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





» महापौर ने जीआईएस के ऑटो एक्सपो में मॉडल का लिया जायजा

» नगर निगम को जल्द मिलेंगी नई बसें

शहर में मिनी बसों के बंद होने के बाद लो-फ्लोर और मिडी बसों के बंद होने के बाद आम लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। जिसको देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नगर निगम को सौ नई ई बसें देने का ऐलान किया है। जिसको लेकर सोमवार को महापौर मालती राय ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में लगाए गए ऑटो एक्सपो में ई-बस के मॉडल का जायजा लिया। जल्द ही यह बसें नगर निगम को मिलेंगी, जिन्हें शहर के अलग-अलग रूट पर चलाया जाएगा।

महापौर ने कहा कि जल्द ही भोपाल को ई-बसें मिलने जा रही हैं। भारत सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण और ट्रांसपोर्ट सेवा के लिए नगर निगम को 100 ई-बसें उपलब्ध कराई जा रही है। इन बसों का संचालन नगर निगम बीसीएलएल के माध्यम से किया जाएगा। महापौर ने बस का जायजा लेते हुए बस निर्माण कंपनी आयशर के इंजीनियर्स से बसों के बारे में जानकारी ली।

### शहर में कई मार्ग रहेंगे प्रतिबंधित

## आज भोपाल दौरे पर रहेंगे गृहमंत्री अमित शाह राजधानी में बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को भोपाल आ रहे हैं। इसके चलते यातायात प्रबंधन पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। सुबह 11 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। असुविधा से बचने के लिए ट्रैफिक प्लान को समझें।

**यात्री बसों के लिए परिवर्तित व्यवस्था (समय दोपहर 3 बजे से)**

- इंदौर, उज्जैन की ओर से आने-जाने वाली यात्री बसों का हलालपुर बस स्टैंड से आगे लालघाटी की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। ये बसें हलालपुर बस स्टैंड पर समाप्त होंगी।
- राजगढ़-ब्यावरा मार्ग की ओर से हलालपुर बस स्टैंड आने-जाने वाली यात्री बसें मुबारकपुर बायपास तिराहा से खजूरी बायपास तिराहा से बैरागढ़ मार्ग होते हुए हलालपुर बस स्टैंड तक जा सकेंगी। राजगढ़-ब्यावरा मार्ग की ओर से नादरा बस स्टैण्ड आने-जाने वाली बसें मुबारकपुर बायपास तिराहा से गांधीनगर तिराहा, करौंद, बेस्टप्राईज तिराहा, जेपी नगर तिरहा से नादरा बस स्टैण्ड की ओर आ-जा सकेंगी। सभी प्रकार के मालवाहक, भारी, व्यावसायिक एवं अनुमति प्राप्त वाहन (समय दोपहर 3 बजे तक)।

**वैकल्पिक मार्ग**

- भारत माता चौराहा, भदभदा चौराहा, नीलबड़ तिराहे से दाये मुड़कर, नाथू बरखेडा रोड़,मुगालिया छाप, खजूरी सड़क, खजूरी बायपास तिराहा-मुबारकपुर चौराहा होकर आवागमन कर सकेंगे।
- सामान्य दो- पहिया, चार पहिया वाहन- (समय दोपहर- 4 बजे )
- पॉलिटेक्निक चौराहा से कमला पार्क, रेत घाट, वीआईपी रोड, लालघाटी, गांधीनगर तिराहा एवं पॉलिटेक्निक चौराहा से कमला पार्क तक आवागमन परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

**वैकल्पिक मार्ग**

- बैरागढ़ राजाभोज विमानतल एवं राजगढ़ा ब्यावरा की ओर आवागमन करने वाले वाहन भारतमाता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षी-सजयाबा तिराहा, नीलबड़ तिराहे से दाये मुड़कर, नाथू बरखेडा रोड़, मुगालिया छाप, खजूरी सड़क, खजूरी बायपास तिराहा-मुबारकपुर चौराहा होकर आवागमन कर सकेंगे।
- सीहोर- इंदौर की ओर आवागमन करने वाले वाहन भारतमाता चौराहा, भदभदा चौराहा, नीलबड़ होकर आवागमन कर सकेंगे।



हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन की 18 नई नीतियों को लांच करते पीएम मोदी

## पहले दिन बरसा निवेश

पहले दिन **22 लाख 50 हजार 657 करोड़** के निवेश प्रस्ताव आए और एमओयू हुए। इसमें 8 बड़े उद्योगपतियों के साथ करीब 3.50 लाख करोड़ के करार शामिल

### दो दिवसीय जीआईएस 2025 का प्रधानमंत्री ने किया शुभारंभ

# पीएम मोदी ने कहा-मप्र में निवेश करने का यही समय, सही समय



पीएम बोले-अपनी क्षमता से देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल होगा मप्र

देश की ईवी क्रांति का लीडिंग स्टेट बना मप्र, मप्र मैन्युफैक्चरिंग के नए सेक्टर्स के लिए शानदार डेस्टिनेशन

*प्रधानमंत्री ने उद्योगपतियों को दिया टैक्सटाइल टूरिज्म और टेक्नोलॉजी में निवेश का मंत्र*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मप्र तेज गति से ग्रोथ करने वाले राज्यों में से एक है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जनवरी 2025 तक मप्र में दो लाख इलेक्ट्रिक वाहन रजिस्टर्ड हुए, यह देश के अन्य राज्यों के मुकाबले से अधिक है।

यह 90 फीसदी ग्रोथ रेट है। इतना ही नहीं कभी खराब सड़कों की वजह से मप्र में वाहन ठीक से नहीं चल पाते थे, आज वही मप्र भारत के रिवॉल्यूशन में लीडिंग राज्यों में से एक है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का एक बड़ा हिस्सा मप्र से होकर गुजरता है। मप्र के पास 5 लाख किमी का रोड नेटवर्क है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को मप्र के सबसे ▶▶ शेष पेज 2 पर

मोदी ने कहा कि मप्र तेज गति से ग्रोथ करने वाले राज्यों में से एक है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जनवरी 2025 तक मप्र में दो लाख इलेक्ट्रिक वाहन रजिस्टर्ड हुए, यह देश के अन्य राज्यों के मुकाबले से अधिक है। यह 90 फीसदी ग्रोथ रेट है



## दिग्गजों ने दिखाई रुचि



**अडाणी समूहः दो लाख 10 हजार करोड़**

*समिट में आना मेरे लिए सौभाग्य का विषय है। अडाणी ग्रुप मध्यप्रदेश में 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर चुका है। भविष्य में उनके समूह की दो लाख 10 हजार करोड़ रुपए की योजना है। यह निवेश सीमेंट, खनन और ऊर्जा क्षेत्र में होगा, इससे वर्ष 2030 तक एक लाख 20 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे।*

गौतम अडाणी, चेयरमैन, अडाणी ग्रुप

**अवाडा समूह 50 हजार करोड़**



अवाडा समूह की मध्य प्रदेश में 50 हजार करोड़ रुपए के निवेश से सोलर-विंड पॉवर प्रोजेक्ट स्थापना की योजना है। प्राकृतिक संसाधनों का भंडार होने के साथ मप्र देश का दिल है। हमारा समूह मालवा और बुंदेलखंड में नए उद्योग लगाएगा। मप्र में जल देवी, वायु देवी की कृपा है। इस कारण ग्रीन एनर्जी उत्पादन के लिए मप्र अनुकूल है। इस क्षेत्र में हमारा समूह 15 हजार करोड़ का निवेश करेगा।

**विनीत मित्तल**
चेयरमैन, अवाडा समूह


**मप्र में निवेश करना बुद्धिमानी का काम**



गोदरेज मध्यप्रदेश में अपना निवेश बढ़ाएगी। मप्र लगातार हर क्षेत्र में विकास कर रहा है, इसलिए यहां निवेश करना उद्योगपतियों के लिए बुद्धिमानी का काम है। मालनपुर में गोदरेज का निवेश है। मध्यप्रदेश में क्वालिटी एजुकेशन, बेहतर खान-पान और अच्छी आबो-हवा है।

**नादिर गोदरेज**
मैनेजिंग डायरेक्टर
गोदरेज इंडस्ट्री

**मप्र कृषि क्षेत्र का पावर हाउस**



मध्य प्रदेश कृषि क्षेत्र में पावर हाउस है। यहां निवेश की अपार संभावनाएं नजर आती हैं। सीएम मोहन यादव का भी उद्योगपतियों को भरपूर सहयोग मिल रहा है।

**संजीव पुरी**
चेयरमैन, आईटीसी ग्रुप

**आईटी सेक्टर के लिए अपार संभावनाएं**




मध्य प्रदेश में आईटी के लिए बेहतर माहौल बन चुका है। इंदौर में 100 से ज्यादा आईटी कंपनियां हैं। इंदौर आईटी का हब बन चुका है। दूसरे शहरों में भी आईटी इंडस्ट्री में निवेश आ रहे हैं। क्वालिटी एजुकेशन, बेहतर खान-पान और अच्छी आबो हवा आईटी प्रोफेशनलों को आकर्षित करती है। आईटी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए आईटी पार्क विकसित हो रहा है। जिसमें स्पेस पाने वाली कंपनियों को एसईजेड की रियायत मिल रही है।

**संजय दुबे**
एडिशनल चीफ सेक्रेट्री, मप्र शासन

## मप्र में औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल ईकोसिस्टमः सीएम

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि किसी भी प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए 4 मूलभूत संसाधनों की आवश्यकता होती है, भूमि, जल, बिजली और कुशल कार्यबल। प्रदेश में सरप्लस बिजली है, भरपूर पानी है, विशाल लैंड बैंक है और कुशल मानव संसाधन है। यहां की कानून-व्यवस्था भी निवेश अनुकूल है। मप्र में औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल ईकोसिस्टम तैयार है।

- **मप्र अगले पांच वर्ष में राज्य की अर्थव्यवस्था को करेगा दोगुना**
- **बड़े से बड़ा और छोटे से छोटा निवेशक भी हमारे लिए है अतिथि**



**टैक्सटाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी देश के विकास को गति देंगे**

*मोदी ने कहा कि टैक्सटाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी आगामी वर्षों में देश के विकास को गति देंगे। मप्र सहित देश में मेडिकल टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। हेल्थ एंड वेलनेस क्षेत्र को प्रोत्साहित किया जा रहा है। एमएसएमई सेक्टर को गति देने के लिए सप्लाई चैन को विकसित किया जा रहा है। ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस को प्रोत्साहित करने पुराने कानूनों को समाप्त किया गया।*



**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा...**

### विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने प्रदेशवासी प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की थीम 'अनंत संभावनाएं' है। अनंत संभावनाएं केवल एक विचार नहीं, बल्कि मप्र के प्रत्येक क्षेत्र में अवसरों की व्यापकता को दर्शाने वाला दृष्टिकोण है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प समस्त भारतवासियों ने लिया है, हमारा लक्ष्य देश को 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। राज्य सरकार अगले 5 वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग एवं रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत 6 विभाग शहरी विकास विभाग, पर्यटन विभाग, खनिज विभाग, नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एवं एमएसएमई विभाग की अलग से समिट हो रही है।

### औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के लिए 18 नई नीतियां की लॉन्च

*पीएम मोदी ने रिमोर्ट का बटन दबाकर प्रदेश में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के लिए लागू 18 नवीन नीतियों का शुभारंभ किया। इसके तहत मप्र उद्योग नीति 2025, एमएसएमई नीति, एक्सपोर्ट प्रमोशन नीति, लॉजिस्टिक्स नीति, स्टार्टअप नीति, मध्यप्रदेश एनीमेशन, वीआर, गैमिंग कॉमिक्स और विस्तारित रियलिटी नीति, जीसीसी नीति, सेमी कंडक्टर नीति, ड्रोन संवर्धन और उपयोग नीति, फिल्म पर्यटन नीति, पर्यटन नीति, पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज नीति, सिटी गैस डिस्टिब्यूशन नीति, विमानन नीति, नवकरणीय ऊर्जा नीति, स्वास्थ निवेश प्रोत्साहन नीति और एकीकृत टाउनशिप नीति शामिल हैं।*

**पीएम मोदी ने सीएम यादव की तारीफ की**

- *मोदी ने वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जमकर पीठ थपथपाई और बधाई दी।*
- *उन्होंने जीआईएस के भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जमकर तारीफ की*

### विद्यार्थियों की परीक्षा बाधित न हो, इस कारण 20 मिनट की देरी से आया

*प्रधानमंत्री मोदी ने जीआईएस के शुभारंभ कार्यक्रम में 15-20 मिनट विलंब पहुंचने पर खेद जताया। उन्होंने कारण बताते हुए कहा कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि सोमवार को 10 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों की परीक्षा है। वीआईपी मूवमेंट होने से विद्यार्थियों को कोई परेशानी न हो, इस उद्देश्य से उन्होंने अपना शेड्यूल 20 मिनट की देरी हुई। इसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं।*

### लीथियम बैटरी और न्यूक्लियर एनर्जी में भी निवेश आ रहा

*प्रधामनंत्री मोदी ने कहा कि दो दशक पहले लोग मप्र में निवेश करने से डरते थे। जिस प्रदेश में बसें ठीक से नहीं चल पाती थीं, वह राज्य अब इलेक्ट्रिक व्हीकल के मामले में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। लीथियम बैटरी और न्यूक्लियर एनर्जी में भी निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मप्र में शत-प्रतिशत रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण किया जा चुका है। रानी कमलापति स्टेशन के चित्र सभी का मन मोह रहे हैं। इसी तर्ज पर प्रदेश के 80 रेलवे स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है। विमानन सेवा के लिए ग्वालियर और जबलपुर के एयरपोर्ट को विस्तार दिया गया है।*

### विभागवार निवेश प्रस्ताव और एमओयू

| विभाग का नाम | प्रस्तावित निवेश एवं एमओयू | प्रस्तावित रोजगार सृजन |
|---|---|---|
| नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा | 5,21,279 | 1,46,592 |
| डी.आई.पी.आई.पी | 4,94,314 | 3,04,775 |
| खनिज एवं संसाधन विभाग | 3,22,536 | 55,494 |
| शहरी विकास और आवास | 1,97,597 | 2,31,376 |
| ऊर्जा | 1,47,990 | 20,180 |
| लोक निर्माण विभाग | 1,30,000 | |
| पर्यटन | 64,850 | 1,23,799 |
| विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 64,174 | 1,83,144 |
| तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार | 43,326 | 51,027 |
| एमएसएमई | 21,706 | 1,32,226 |
| लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 17,205 | 49,237 |
| उच्च शिक्षा | 7,043 | 15,346 |
| उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण | 4,729 | 8,871 |
| चिकित्सा शिक्षा | 3,908 | 9,401 |
| **कुल** | **20,40,657** | **13,31,468** |
| अडाणी समूह | 2,10,000 | 12,000 |
| टोटल | 22,50,657 | 13,43,468 |

**13 लाख 43 हजार 468 रोजगार मिलेंगे**

## पहले दिन इन कंपनियों के साथ हुए 'एमओयू'



जीआईएस के पहले दिन ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के काफी सुखद परिणाम आए हैं। समिट के पहले दिन बड़ी संख्या में निवेश के प्रस्ताव मिले। इसमें 22 लाख 50 हजार 657 करोड़ के इंटेशन-टू-इन्वेस्ट, एमओयू और निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे 13 लाख 43 हजार 468 रोजगार सृजन होगा। 8 बड़े उद्योगपतियों के साथ करीब 3.50 लाख करोड़ रुपए के एमओयू हुए। इसमें एमटीपीसी-एनजीईएल और एमपीपीजीसीएल के साथ रिन्यूबल पॉवर एनर्जी में 1.20 लाख करोड़ रुपए के निवेश के लिए एमओयू हुए। इसी तरह एनटीपीसी न्यूक्लियर के साथ ऊर्जा के क्षेत्र में 80 हजार करोड़ रुपए के निवेश के लिए एमओयू हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज ▶▶ शेष पेज 2 पर





मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से वर्ल्ड बैंक, साउथ एशिया के रीजनल डायरेक्टर इमाद फखरी ने वन-टू-वन संवाद किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों से वन टू वन भेंट में एमपिन एनर्जी लिमिटेड के पिनाकी भट्टाचार्य ने भेंट की।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कार्य कर रहे जिंदल इंडिया संस्थान के प्रमोटर गुंजन जिंदल पोद्दार और अन्य प्रतिनिधियों ने भेंट की।

# स्वास्थ्य, पर्यटन, रियल एस्टेट में निवेश के प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले दिन सोमवार को विभिन्न उद्योगपतियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा की। पतंजलि समूह के आचार्य बालकृष्ण ने भेंट के दौरान मुख्यमंत्री से हेल्थ एवं वेलनेस क्षेत्र में निवेश के संदर्भ में चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट करने वालों में इटली के कान्सूलेट जनरल वॉलटर फेरेरा भी थे। ईजीट्रिप डॉट कॉम के सीईओ एवं कॉ-फाउण्डर रिकांत पिटी ने भी भेंट की और पर्यटन क्षेत्र में निवेश संबंधी चर्चा की। टॉरेंट पॉवर के जिगिश मेहता एवं ओमप्रकाश नेनवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में निवेश की इच्छा जताई।

## सीएम की उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा

आदित्य बिरला ग्रुप के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात कर मप्र में औद्योगिक संभावनाओं को तलाशने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से किए जा रहे प्रयासों को सराहा। हिन्डालको कम्पनी के एमडी सतीश पई, एमडी ग्रेसिम एचके अग्रवाल, एसेल माईनिंग के एमडी थॉमस चेरियन, अरविंद ग्रुप के डॉ. परम शाह एवं एनटीपीसी के चेयरमैन एवं एमडीगुरदीप सिंह ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वन-टू-वन चर्चा की। गोदरेज समूह के ग्रुप प्रेसीडेंट राकेश स्वामी भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले। उन्होंने रियल स्टेट और टाउनशिप क्षेत्र में समूह कीओर से किए जा रहे कार्य की जानकारी दी।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से मुंबई से आए फिल्मकार जैकी भगनानी ने भेंट कर मध्यप्रदेश में फिल्म निर्माण संबंधी प्रस्ताव दिया।

# सबसे सस्ती बिजली बनाने में मप्र ने बनाया रिकॉर्ड

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव जीआईएस में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा पर आयोजित विभागीय शिखर सम्मेलन में हुए शामिल
- भारतीय रेल के साथ हुआ पीपीए अनुबंध




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में गत वर्षों में नवीन और नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में तेज गति से वृद्धि हुई है। अब यह हमारी कुल ऊर्जा उत्पादन का 15% हो गई है। साथ ही मप्र ने सबसे सस्ती बिजली बनाने का रिकॉर्ड भी बनाया है। प्रदेश के नीमच जिले में स्थापित सोलर परियोजना में 02 रुपए 14 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली उत्पादन किया जा रहा है और यह सस्ती बिजली हमारी सरकार भारतीय रेलवे को बेच रही है, जो एक बड़ी उपलब्धि है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा पर आयोजित विभागीय शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमवार को भोपाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट आयोजित की गई है, जिसमें दुनिया भर से मध्यप्रदेश में निवेश प्रस्ताव आ रहे है। देश-विदेश के निवेशकों ने मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर भरोसा जताया है। हमारे लिए छोटा से छोटा निवेश भी बहुत बड़ा है और हर निवेशक महत्वपूर्ण है।

## नवकरणीय ऊर्जा विशेष रूप से सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा विशेष रूप से सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहा है। रीवा में 750 मेगावाट क्षमता का अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क स्थापित किया गया है। नीमच में 500 मेगावाट का सोलर पॉवर प्लांट और भारत का सबसे बड़ा पम्पड हाइड्रो पॉवर स्टोरेज प्रोजेक्ट लगाया गया है। यह सबसे सस्ती बिजली का उत्पादन कर रहा है। ओंकारेश्वर में भारत का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट स्थापित किया गया है। नर्मदापुरम जिले के मुहासा बाबई में भारत का पहला पॉवर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग जोन बनाया गया है। पहले इसके क्षेत्र को बढ़ाकर 884 एकड़ किया गया था, अब इसमें 1000 एकड़ क्षेत्र और बढ़ाया जा रहा है। मप्र भारत के 500 गीगावॉट के नवकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

### मध्यप्रदेश में निवेश का अच्छा माहौल बना

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि मप्र में निवेश का अच्छा माहौल बना है। वर्ष 2030 तक भारतीय रेल ऊर्जा के क्षेत्र में नेट जीरो हो जाएगी, अर्थात शत-प्रतिशत बिजली पर चलेगी। अभी 97% रेलवे लाइन का इलेक्ट्रिफिकेशन कर लिया गया है। आज मप्र के साथ 170 मेगावाट का पावर परचेज एग्रीमेंट किया गया है, जो अपने आप में अत्यंत महत्वपूर्ण है। मप्र जितनी भी अतिरिक्त बिजली उत्पादित करेगा हम खरीदेंगे। वैष्णव ने कहा कि मप्र में रेलवे नेटवर्क का ऐतिहासिक कार्य चल रहा है। इस क्षेत्र में एक लाख 4 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। वर्ष 2014 के बाद 2456 किमी का रेलवे नेटवर्क तैयार किया गया है।

### नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यः मंत्री शुक्ला

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि मप्र में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। आज हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री स्वयं ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में आए हैं। मुख्यमंत्री निरंतर प्रदेश में निवेश बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में 10 वर्ष पहले मात्र 500 मेगावाट नवकरणीय ऊर्जा उत्पादित होती थी जो अब 7000 मेगावाट हो गई है।

### शिखर सम्मेलन में यह उद्योगपति हुए शामिल

शिखर सम्मेलन में सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन के आरपी गुप्ता, साउथ एशिया रीजनल डायरेक्टर इमाद फारुकी, अवाडा ग्रुप के विनीत मित्तल, एलएलपी समूह के सुनील जैन, उद्योगपति पराग शर्मा, पिनाकी भट्टाचार्य, पवन अग्रवाल, नवीन खंडेलवाल, राजीव जैन, जिग्नेश मेहता,गुरदीप सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अपर प्रमुख सचिव एमएसएमईमनु श्रीवास्तव ने शिखर सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की और स्वागत भाषण दिया। एमडी अमनवीर सिंह बैंस ने आभार व्यक्त किया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से डीसीटी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अनीश नाथानी ने मुलाकात की।


मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से वर्ल्ड रिसर्चस संगठन के को-फाउंडर डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. शंकर लाल गर्ग ने भेंट की।


मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से माल्दोवा की राजदूत एना तबन ने वन-टू-वन संवाद किया।

**ब्लॉग**

## पीएम मोदी का जीआईएस-2025 का शुभारंभ करना प्रदेशवासियों के लिए गौरवशाली क्षणः डॉ. यादव

मप्र की राजधानी और झीलों की नगरी भोपाल में सोमवार को नया इतिहास रचा गया है। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि 8वीं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के इस ऐतिहासिक समागम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद के साथ हुआ है। ये दो दिन मध्यप्रदेश की प्रगति और विकास के नये आयाम स्थापित करेंगे। इस वर्ष की थीम है 'अनंत संभावनाएं', जो मध्यप्रदेश में उद्योग और निवेश की असीमित संभावनाओं को दर्शाती है। इन्वेस्टर्स समिट के रूप में निवेश मनीषियों का यह समागम अनंत संभावनाओं के साथ विकास का नया इतिहास लिखने जा रहा है। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि राजा भोज की नगरी भोपाल अपने गौरवशाली अतीत के साथ भविष्य की स्वप्निल उड़ान के लिए तैयार है।

हमें अति प्रसन्नता है कि दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र के सबसे बड़े नायक, यशस्वी प्रधानमंत्री स्वयं इस समिट के साक्षी बने और उन्होंने मप्र को स्वर्णिम विकास का आशीर्वाद दिया। समिट में अनेक देशों के प्रतिनिधि, उद्योग जगत के प्रमुख उद्योगपति, निवेशक बंधु, मप्र के प्रवासी मित्र आदि शामिल हुए हैं। मैं इस समिट में पधारे सभी निवेशकों का अपने हृदय की गहराइयों से मप्र की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से स्वागत करता हूं।

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। उनके नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। आज पूरी दुनिया में भारत और भारतवासियों का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक भारत आर्थिक और सामरिक रूप से विश्व में सर्वश्रेष्ठ शक्ति बने। प्रधानमंत्री के इस संकल्प के अनुरूप ही मध्यप्रदेश ने विकास की रूपरेखा तैयार की है। विकास का यह स्वरूप विरासत के साथ वैश्विक भी है।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि यशस्वी प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हम एक वर्ष पहले निवेश और औद्योगिक विकास की यात्रा पर निकले। मध्यप्रदेश क्षेत्रफल की दृष्टि से दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। यह जल, वन, खनिज, पुरा और कृषि संपदा से समृद्ध है। विविधता से संपन्न प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है, क्षमता है, मेधा है और आवश्यकता है। इसी को केन्द्र में रखकर हमने पहली बार सबसे पहले रीजनल इन्वेस्टर्स समिट का नवाचार किया। इसमें प्रदेश के हर क्षेत्र का कौशल और उद्यम शामिल हुआ। हमने व्यापार में सरलता और निवेशकों के साथ सीधे संवाद को प्राथमिकता दी। मार्च 2024 में उज्जैन से शुरू हुई इस निवेश यात्रा में जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा, शहडोल, नर्मदापुरम, मुंबई, कोयंबटूर, बेंगलुरु, कोलकाता, पुणे, दिल्ली, यूके, जर्मनी और जापान आदि शामिल हैं।

इन विभिन्न सम्मेलनों, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रोड-शोज के माध्यम से मध्यप्रदेश ने 4.8 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं। इन निवेश प्रस्तावों ने लगभग 2 लाख नए रोजगार के अवसर सृजित किए हैं, जो प्रदेश के प्रति निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। हमने वर्ष-2025 को 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया और लक्ष्य निर्धारित किया। इसी दिशा में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कदम उठाये। निवेश को सरल,सहज और व्यवहारिक बनाने के लिए विभिन्न उद्योगों और क्षेत्रों के लिए विशेष नीतियां बनाई गईं।

निवेश, उद्योग, ऊर्जा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नवाचार, अनुसंधान, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 19 नई नीतियां लेकर आए हैं। इन नीतियों से ऑटोमोबाइल, टैक्सटाइल एवं गारमेंट, कृषि, दवा उत्पादन, आईटी, डाटा सेंटर एवं जीसीसी, एनिमेशन एवं गेमिंग, ड्रोन एवं सेमी-कंडक्टर, खनिज, पेट्रोलियम, पर्यटन, शिक्षा तथा चिकित्सा के क्षेत्र में निवेश कर अच्छा वित्तीय लाभ प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश को देश का टेक्सटाइल कैपिटल और मैन्युफैक्चरिंग का फेवरिट डेस्टिनेशन कहा है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। साथ ही हमें टैक्सटाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी का 'ट्रिपल-टी' मंत्र दिया है, हम उस मंत्र का अनुसरण करेंगे।

उद्योगों के विकास और विस्तार के लिए भूमि, जल, बिजली और कुशल कार्यबल आवश्यक है। मुझे यह बताते हुए संतोष है कि हमारे प्रदेश में सरप्लस बिजली है, पर्याप्त पानी है, विशाल लैंड बैंक है और स्किल्ड मेन पॉवर है। कुशल कार्यबल निर्मित करने के लिए हमने ग्लोबल स्किल पार्क की स्थापना की, जिसमें कौशल संवर्धन के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। ऊर्जा संपन्न मध्यप्रदेश ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कई नवाचार किए। रीवा सोलर प्लांट से दिल्ली मेट्रो को बिजली की आपूर्ति हो रही है। वर्ष 2030 तक प्रधानमंत्री द्वारा नवकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन उत्पादन का जो लक्ष्य रखा है, उसमें मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

(लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

## मप्र 2047 तक बनेगा 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था

मप्र की अर्थव्यवस्था संभावित रूप से अपने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को 2047-48 तक 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (248.6 लाख करोड़ रुपए) तक बढ़ा सकती है, जो मौजूदा 164.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर (13.6 लाख करोड़ रुपए) से 8.6% की सीएजीआर से बढ़ सकती है। भारतीय उद्योग परिसंघ की रिपोर्ट में यह बात रेखांकित हुई है। एनविज़निंग मध्यप्रदेश इकोनॉमी 2047 के अनुसार यह रिपोर्ट आर्थिक विकास के लिए एक दृष्टिकोण, प्रमुख क्षेत्रों की पहचान, नीतिगत हस्तक्षेप और निवेश के अवसरों की रूपरेखा तैयार करती है जो राज्य के परिवर्तन को आगे बढ़ाएंगे। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि निवेश को बढ़ावा देने और विकास को गति देने के लिए समर्पित एक सक्रिय राज्य सरकार के साथ, मध्यप्रदेश 2047-48 तक भारत की जीडीपी में अपना योगदान मौजूदा 4.6% से बढ़ाकर 6.0% करने के लिए अच्छी स्थिति में है।

# जापान से मध्य प्रदेश में निवेश के खुलेंगे नए द्वार




**भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में क्रॉस कंट्री सेशन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पार्टनर कंट्री जापान के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने और मप्र में निवेश के नए द्वार खोलने के लिए एक महत्वपूर्ण क्रॉस कंट्री सेशन का आयोजन किया गया। सेशन में जापान और मप्र के बीच आर्थिक सहयोग, तकनीक हस्तांतरण और साझा विकास के अवसरों पर चर्चा हुई। इसमें जापान और भारत के उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया और निवेश एवं व्यापारिक संबंधों को सशक्त करने के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। कौंसुलेट जनरल ऑफ जापान यागी कोज़ी, जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जेट्रो) के डायरेक्टर जनरल हीरोयुकी कितामारु, जेट्रो के डायरेक्टर संजय भाटिया और ब्रिजस्टोन इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर हिरोशी योशीजाने ने अपने विचार रखे। इन विशेषज्ञों ने जापान और मप्र के बीच आर्थिक सहयोग को और अधिक सशक्त बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए।



**खेल एवं युवा कल्याण मंत्री जीआईएस में 'यंग लीडर डायलॉग' सत्र में हुए शामिल**

# महिला सशक्तिकरण के लिए सामाजिक जागरुकता की अधिक जरूरतः सारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए समाज को और अधिक जागरूक करने की जरूरत है। महिलाओं को स्वयं को कमजोर नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा और कि महिला सशक्त होगी तो घर, समाज, देश सशक्त होगा। महिलाओं के बिना पुरुष भी अधूरा है। मंत्री सारंग ने जीआईएस में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के तहत महिलाओं को सशक्त बनने और अधिक सामाजिक संकेतकों में सुधार करना विषय पर संबोधित किया।




मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि वर्ष 2047 में भारत विश्व का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बने। इसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उनके सशक्त होने से ही देश सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी अपनी मानसिकता बदलनी होगी, वृद्ध अपने आपको अबला न समझे। वह घर, परिवार, समाज और देश की निर्माता है। महिलाओं के बिना समाज की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती। प्राचीन समय में भी महिला प्रधान समाज हुआ करता था।

### महिलाओं के लिए अनुकूल वातावरण हो

मंत्री सारंग ने कहा कि महिलाओं के लिए उनके वर्क प्लेस पर अनुकूल वातवरण बने। इसके लिए शासकीय और अशासकीय संस्थानों में विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मंत्री सारंग ने कहा कि महिला-पुरुष को अलग-अलग न मानते हुए सकरात्मक शोध के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति महिला प्रधान रही है। स्टील इनोवेशन प्रा.लि. की डायरेक्टर सुश्री निधि अग्रवाल ने प्रत्येक संस्था में पुरुष एवं महिला नहीं हुनर के हिसाब से वेतन देने की बात कहीं। उन्होंने ग्रामीण और शहरी महिलाओं की परिस्थिति पर अलग-अलग विचार करने को कहा।

### स्वास्थ्य भी जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. प्रिया भाव चितावर ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर विचार करने को कहा। उन्होंने महिलाओं के वर्क प्लेस पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। मेजर अनिकेत चतुर्वेदी ने महिला सुरक्षा और उनके आत्म-विश्वास को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि ॽमिट्टी सिस्टमॽ के माध्यम से वे निःशुल्क महिलाओं को सशक्त बनाने का अभियान चला रहे है। कार्यक्रम का संचालन वाथआई भोपाल की प्रमुख सुश्री श्रद्धा सुहाने ने किया और कार्यक्रम के बारे में सुश्री निशा, हरिश और प्रखर दवे ने जानकारी दी।

# आयुष्मान से स्वास्थ्य सेवा और फार्मा क्षेत्र में असीम संभावनाएं हुई विकसितः शुक्ल

- विशेष प्रस्तावों के लिए वन-टू-वन चर्चा कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे आवश्यक प्रावधान
- बायोसिमिलर प्लांट में करेंगे 250 करोड़ का निवेश
- हेल्थ केयर, फार्मास्युटिकल्स एवं मेडिकल डिवाइसेज सेशन में निवेश के लिए किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आयुष्मान भारत योजना से स्वास्थ्य सेवा और फार्मा क्षेत्र में असीम संभावनाएं विकसित हुई हैं। राज्य में कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में ड्राई पोर्ट हैं और लॉजिस्टिक्स की दृष्टि से यह एक उपयुक्त राज्य है। यह बात उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में हेल्थ केयर, फार्मास्युटिकल्स एवं मेडिकल डिवाइसेज सेशन में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र में निवेश के लिए निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कही। आईपीसीए लेबोरेट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीएफओ अजीत कुमार जैन ने कहा कि बायोसिमिलर प्लांट में 250 करोड़ का निवेश करेंगे। अपोलो हॉस्पिटल के सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विवेक गुप्ता ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और निवेश की संभावनाओं पर अपने विचार रखे। सत्र का संचालन एसएस सुंदरम ने किया।

### सरकार की नीयत और नीतियां औद्योगिक विकास के लिए अनुकूलः राज्य मंत्री पटेल

राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि सरकार की नीयत और नीतियां औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल हैं। भारत सरकार के फार्मास्यूटिकल्स विभाग के सचिव अमित अग्रवाल ने कहा कि मप्र अपनी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस नीति, लॉजिस्टिक हब और केंद्रीय लोकेशन के कारण फार्मा क्षेत्र के लिए एक आदर्श स्थान बनता जा रहा है। यहां औद्योगिक विकास होगा।

भोपाल
मंगलवार, 25 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष–12
वर्ष : 11, अंक : 332
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 28
न्यून. 15

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




### यहां निवेश की संभावनाएं देखने आया हूं



मैं पहली बार मध्यप्रदेश आया हूं और भोपाल में यह देखना चाहता हूं कि यहां क्या संभावनाएं हैं। स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, लिचेंस्टाइन और नॉर्वे सहित यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन देशों ने भारत के साथ व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत अगले 15 वर्षों में भारत में 100 बिलियन डॉलर का निवेश किया जाएगा। अब हमें यह सुनिश्चित करना है कि स्विस कंपनियां भारत आएं और यहां निवेश करें। इस समझौते के तहत भारत और स्विट्जरलैंड के आर्थिक संबंधों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

**मार्टिन यू. माइयर**, स्विट्जरलैंड के वाणिज्य दूतावास के महावाणिज्य दूत

### फूड प्रोसेसिंग, आईटी और सोलर में करेंगे निवेश



मप्र में पतंजलि की मौजूदा समय में यहां चार से पांच यूनिट कंपनी की संचालित हैं। यहां निवेश बढ़ाने से मप्र के किसानों को अधिक लाभ होगा। देश का संभवतः सबसे बड़ा सोया प्रोसेसिंग का काम पतंजलि मप्र में कर रहा है। पांच लाख टन सोयाबीन को प्रोसेस करते हैं। भविष्य में हम फूड प्रोसेसिंग आईटी और सोलर में इंवेस्ट करेंगे।

**आचार्य बालकृष्ण**, एमडी पतंजलि ग्रुप

### मप्र में संसाधनों की कोई कमी नहीं



मध्यप्रदेश में संसाधनों की कोई कमी नहीं है और यहां निवेश की असीम संभावनाएं हैं। हमारे निवेश शिक्षा, बुनियादी ढांचे और चिकित्सा सुविधाओं में हो रहे हैं। हमारी कंपनी में 50 हजार से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें 60 प्रतिशत महिलाएं हैं। हमारा लक्ष्य राज्य की समृद्धि में योगदान देना और सकारात्मक बदलाव लाना है।

**सुधीर अग्रवाल**, फाउंडर एवं चेयरमैन, सागर ग्रुप

### मप्र में निवेश की अनंत संभावनाएं



मध्य प्रदेश में बिजली, पानी की कमी नहीं है। हम देश में सोलर पंप्स में लीडर हैं। पीएम कुसुम योजना में हम सबसे आगे हैं। मध्य प्रदेश में निवेश की अनंत संभावनाएं हैं।

**दिनेश पाटीदार**, चेयरमैन, शक्ति पंप

**जीआईएस का आज समापन करेंगे शाह**

## दो केंद्रीय मंत्री खट्टर, शेखावत और अभिनेता पंकज त्रिपाठी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को भोपाल की दो दिवसीय इन्वेस्टर्स समिट का समापन करेंगे। शाह की उपस्थिति में एमपी स्टेट को ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड और एनडीडीबी यानि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के बीच एमओयू पर दोनों ही कंपनियों के अधिकारी हस्ताक्षर करेंगे। समापन अवसर पर दो केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत और अभिनेता पंकज त्रिपाठी भी मौजूद होंगे। समिट में दूसरे दिन केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय सचिव श्रीनिवास कटिकिथला के साथ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे। शुभारंभ प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला के स्वागत उद्बोधन से होगा। इस दौरान खट्टर मप्र सरकार द्वारा तैयार इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए ईवी पोर्टल का लोकार्पण भी करेंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

**खबर संक्षेप**

### हॉस्टल की दूसरी मंजिल से कूदी छात्रा, गंभीर



**शिवपुरी।** सीएम राइज स्कूल में 10वीं की छात्रा स्कूल से आते ही भागकर दूसरी मंजिल पर पहुंची और छलांग लगा दी। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां से उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। पुलिस जांच कर रही है लेकिन आत्महत्या के प्रयास क्यों किए पता नहीं चला।

### केदारनाथः चार साल में ढाई गुना बढ़ गई आय



**केदारनाथ।** केदारनाथ मंदिर की आय पिछले चार सालों में 2.3 गुना बढ़ी है। दान, चढ़ावे और विभिन्न सेवाओं से होने वाली आय साल 20-21 में 22.04 करोड़ रुपए थी, जो 2023-24 में बढ़कर 52.9 करोड़ रुपए हो गई। श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने एक सूचना के अधिकार आवेदन के जवाब में दिया है।

### काशी विश्वनाथ मंदिर में वीआईपी दर्शन पर रोक



**वाराणसी।** महाकुंभ की अंतिम तिथि होने की वजह से वाराणसी में लाखों भक्तों के आने का अंदाजा है। विश्वनाथ मंदिर में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को दर्शन प्राप्त करेंगे। भीड़ को देखते हुए मंदिर में 25 से 27 फरवरी तक वीआईपी दर्शन बंद रहेगा। शिव बारात दारानगर से 27 फरवरी को निकाली जाएगी।

**खुफिया एजेंसी ने पहले ही दी थी चेतावनी** | यूक्रेन सरकार यूरोप में रूस के दूतावासों पर आतंकवादी हमले की योजना बना रही है

# फ्रांस में रूसी वाणिज्य दूतावास में विस्फोट मॉस्को ने कहा- आतंकवादी हमले के संकेत

**विस्फोट स्थल पर करीब तीस दमकल कर्मी पहुंचे**

*रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि हम मांग करते हैं कि फ्रांस तत्काल और गहराई से घटना की जांच करे और रूस की विदेश में स्थित सुविधाओं की सुरक्षा बढ़ाने के उपाय करे*

एजेंसी ▶▶ मार्सिले (फ्रांस)


फ्रांस के मार्सिले में सोमवार को रूसी वाणिज्य दूतावास में एक विस्फोट हुआ। इसको लेकर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि यह एक आतंकवादी हमले जैसा लगता है। करीब तीस दमकल कर्मी विस्फोट स्थल पर पहुंचे।

हालांकि, रूसी समाचार एजेंसी 'तास' ने फ्रांस के बीएफएमटीवी की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं हैं। तास ने एक पत्रिका की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि अज्ञात लोगों ने वाणिज्य दूतावास के बागीचे में दो पेट्रोल बम फेंके थे। घटनास्थल के पास एक चोरी की कार भी मिली।



*अज्ञात लोगों ने वाणिज्य दूतावास के बागीचे में दो पेट्रोल बम फेंके*

*घटनास्थल के पास एक चोरी की कार भी मिली*



**रूस के विदेश मंत्रालय ने की जांच की मांग**

जखारोवा ने कहा कि रूस इस घटना की तत्काल और गहन जांच की मांग करता है और रूसी सुविधाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कदम उठाने की अपील करता है। उन्होंने कहा कि मार्सिले में रूसी वाणिज्य दूतावास में हुए धमाके में आतंकवादी हमले के सभी संकेत हैं। हम ▶▶ शेष पेज 2 पर

**एसवीआर ने दी थी हमले की चेतावनी**

रूस की विदेश खुफिया सेवा (एसवीआर) ने 19 फरवरी को चेतावनी दी थी कि यूक्रेन सरकार यूरोप में रूस के दूतावासों पर आतंकवादी हमले की योजना बना रही है, खासकर जर्मनी, बाल्टिक ▶▶ शेष पेज 2 पर

**राष्ट्रपति मैक्रों ने चाकूबाजी को भी बताया था आतंकवादी हमला**

इससे पहले फ्रांस में चाकू से हमले का मामला भी सामने आया था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और तीन घायल हो गए थे। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ▶▶ शेष पेज 2 पर

**यूक्रेन पर हमले को 3 साल पूरे, हमले के लिए भी यही दिन चुना**

रूस ने यूक्रेन पर तीन साल पहले 24 फरवरी 2022 को हमला किया था। रूस के वाणिज्यिक दूतावास पर हमले के लिए भी यही दिन चुना गया। बताया जा रहा है कि हमले के लिए फेंका गया दूसरा डिवाइस फटा नहीं। इसके बाद बम डिस्पोजल एक्सपर्ट को मौके पर बुलाया गया।

बता दें कि हाल ही में, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्सिले में भारतीय वाणिज्यिक दूतावास का उद्घाटन किया था, जो इस हमले के केंद्र से कुछ दूरी पर है।

**पहले फ्रांस में रूस के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे**

इस घटना से पहले, फ्रांस में रूस के खिलाफ कई विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं, खासकर 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद। फ्रांस के प्रमुख शहरों जैसे पेरिस और मार्सिले में रूस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए हैं, जिनमें रूस के आक्रमण के खिलाफ आवाज उठाई गई थी।



**किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी**

## 9.8 करोड़ किसानों के खाते में पीएम मोदी ने भेजे 2-2 हजार रु.

***22,000 करोड़ से अधिक रुपए ट्रांसफर किए गए***

एजेंसी ▶▶ पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की। इस योजना के तहत 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खातों में कुल 22,000 करोड़ से अधिक रुपए ट्रांसफर किए गए।

यह योजना छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि वे खेती से जुड़े खर्चों को आसानी से पूरा कर सकें। इस योजना के तहत पात्र किसानों को हर चार महीने में 2-2 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है, जिससे वे सालाना कुल 6,000 रुपए प्राप्त करते हैं। यह राशि ▶▶ शेष पेज 2 पर

**18वीं किस्त में 9.6 करोड़ किसानों को मिला था लाभ**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के अनुसार 18वीं किस्त के दौरान 9.6 करोड़ किसानों को इस योजना का लाभ मिला था, जबकि 19वीं किस्त में यह संख्या बढ़कर 9.8 करोड़ हो गई। इससे यह स्पष्ट होता है कि योजना का दायरा लगातार बढ़ रहा है और अधिक किसान इस सहायता का लाभ उठा रहे हैं।

**अब तक वितरित हो चुके हैं 3.46 लाख करोड़ रुपए**

सरकार इस योजना के तहत अब तक 3.46 लाख करोड़ रुपए वितरित कर चुकी है। 19वीं किस्त जारी होने के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 3.68 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। यह दुनिया की सबसे बड़ी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजना बन चुकी है, जिससे किसानों को वित्तीय सुरक्षा मिल रही है।

**महिला ने प्रेमी के साथ की करतूत**

### पति से ठगे 38 लाख... नकली सोना रखकर असली सोने के गहने गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



सरकारी नौकरी दिलाने के बहाने रची साजिश

एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर ससुराल वालों को लाखों रुपए का चूना लगा दिया। इतना ही नहीं नकली सोना घर पर रखकर असली सोने के जेवरात गायब कर दिए।

मामले का खुलासा होने के बाद पीड़ित ने मदन महल थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने महिला और उसके बॉयफ्रेंड के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के बाद ▶▶ शेष पेज 2 पर

**रतलाम में चलती ट्रेन से अलग हुआ इंजन**

### यात्री घबराकर नीचे उतरे, 30 मिनट तक खड़ी रही 'गाड़ी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम



कपलिंग टूटने से इंजन मेन यूनिट से अलग हो गया

यहां सोमवार को 1000 से अधिक यात्रियों को लेकर जा रही डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डेमू) ट्रेन का इंजन अलग हो गया और कुछ दूरी तक दौड़ता चला गया।

उधर, अचानक डिब्बों के पहिए थम जाने से घबराए यात्री डिब्बों से नीचे उतर गए। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। यह खराबी सुबह करीब 11 बजे बदायला चौरासी स्टेशन ▶▶ शेष पेज 2 पर

**दो युवकों ने गोली मारकर दी जान**

### एक ने अवैध कट्टे से तो दूसरे ने राइफल से खुद को उड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना



मौत के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों द्वारा गोली मारकर आत्महत्या का मामला सामना आया है। पहली घटना में 26 साल के युवक ने सोमवार सुबह अपने घर के पीछे बने मैरिज गार्डन में खुद को गोली मार ली। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। वहीं, कोतवाली थाना क्षेत्र में 18 साल के युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसने रविवार रात को अपने भाई की ▶▶ शेष पेज 2 पर

**जबलपुर में दो सड़क हादसाः आठ की गई जान**

## कार और बस की टक्कर में कर्नाटक के 6 लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

सिहोरा में सोमवार अलसुबह चार बजे एक कार और बस की टक्कर में कर्नाटक के 6 लोगों की मौत हो गई और 2 लोग घायल हो गए। वहीं बायपास पर एक कार खड़े ट्रक से टकरा गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। कार और बस की टक्कर से घायल हुए यात्रियों को सिहोरा अस्पताल में प्रारंभिक इलाज देने के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। टक्कर के बाद ड्राइवर बस को लेकर भाग निकला था।



■ डिवाइडर तोड़कर रांग साइड में पहुंची तूफान वाहन बस से टकराई

जानकारी के मुताबिक तूफान वाहन प्रयागराज से जबलपुर की ओर जा रहा था। ▶▶ शेष पेज 2 पर

**बाइपास में ट्रक से भिड़ी कार, दो की मौत**

जबलपुर-नागपुर बाइपास पर एक कार अंधमूक चौराहा के पास सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि को लगभग दो बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की गति अधिक थी। वह अनियंत्रित होकर ट्रक के पीछे के भाग में जा घुसी। दुर्घटना में कार का सामने का भाग क्षतिग्रस्त हुआ। कार चालक अश्विनी चौधरी और उसके बाजू की सीट में बैठे सौरभ सराठे एवं पीछे बैठी वर्षा लोधी घायल हो गए। घायलों को तुरंत मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। ▶▶ शेष पेज 2 पर

**रेलवे और मप्र में बिजली खरीद समझौता**

## मंत्री वैष्णव बोले- 100 फीसदी विद्युतीकरण का लक्ष्य करेंगे पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्लोबल निवेशक सम्मेलन (जीआईएस) में राज्य के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि सरकार 2030 तक रेलवे को नेट जीरो बनाने का लक्ष्य पर काम कर रही है।

रेलवे अगले साल तक 100 फीसदी विद्युतीकरण का लक्ष्य पूरा कर लेगा। साथ ही हम नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग में भी प्रगति कर रहे हैं। केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि अब तक रेलवे का 97 प्रतिशत से



■ 170 मेगावाट बिजली खरीद पर सहमति

अधिक विद्युतीकरण हो चुका है और वित्त वर्ष 2025-26 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली प्राप्त करने की क्षमता में इजाफा किया गया है। रेलवे को 1500 मेगावाट से 1.5 गीगावाट की क्षमता तक बिजली आपूर्ति की जा चुकी है। सोमवार को मध्य प्रदेश के साथ 170 मेगावाट बिजली खरीद का समझौता इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

यह समझौता रेलवे, वारी एनर्जी और रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड के बीच हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश जो भी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न कर सकता है रेलवे उसे खरीदने के लिए तैयार है, बशर्ते आपूर्ति स्थिर रहे। अगर मध्य प्रदेश परमाणु ऊर्जा संयंत्र भी ▶▶ शेष पेज 2 पर

**अपने देश की करारी हार पर ऐसे बौखला रहा है पाक मीडिया, दावा सुनकर नहीं रुकेगी हंसी**

## 22 पंडितों के जादू-टोने से पाक के खिलाफ जीती टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान को 6 विकेट से रौंद डाला। यह हार पाक टीम और उसके फैंस के लिए निराश कर देने वाली इसलिए भी है क्योंकि पाकिस्तान के लिए अब सेमीफाइनल के दरवाजे लगभग बंद हो गए हैं। एक तरफ सरहद के उस पार लोग निराश दिखे, वहीं भारतीय फैंस ने जमकर पटाखे फोड़े।

अब एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग पाकिस्तान की हार पर चर्चा करते दिख रहे हैं। एक व्यक्ति ने तो यह दावा तक कर दिया कि टीम इंडिया ने कुछ जादू-टोना करके पाकिस्तान पर जीत प्राप्त ▶▶ शेष पेज 2 पर

**अलग खबर**

*चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया था*



***उधर, माला लेकर रिजवान कर रहे थे टोटका***



*भारत-पाकिस्तान मुकाबले में पाक टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए टोटका करते हुए नजर आए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में रिजवान हाथ में तस्बीह लेकर बैठे हुए हैं। तस्बीह एक पवित्र माला है जो आमतौर पर मुस्लिम धार्मिक गुरुओं के हाथों में नजर आती है। कमेंटेटर आकाश चोपड़ा कहते हैं कि रिजवान कुछ कर रहे हैं। उन्होंने पूछा कि उनके हाथ में आखिर क्या है? इसका जवाब कमेंटेटर और पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी वहाब रियाज ने बताया कि यह तस्बीह है। रियाज ने आगे तस्बीह के धार्मिक महत्व के बारे में भी बताया।*

# पॉपुलर एक्ट्रेस के साथ फिल्म करके भी फ्लॉप रहे, फिर गायकी से बनाया नाम...



**नई दिल्ली।** 1950-60 के दशक का वह शख्स, जिसकी मखमली और रोमांटिक आवाज लोगों को मदहोश कर देती थी। गायकी ही नहीं, अभिनय की दुनिया में भी अपने कमाल के लिए जाने वाले तलत महमूद किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। संगीत की दुनिया में तलत महमूद एक ऐसा नाम है, जिनके गानें आज भी लोगों के जुबां पर हैं। संगीत के लिए इन्होंने परिवार तक को छोड़ दिया था। नूतन, सुरैया जैसे तमाम बड़े अभिनेत्रियों के साथ अभिनय की दुनिया में भी काम किया।

***संगीत का घोर विरोधी था इनका परिवार:*** यूपी राज्य के नवाबों के शहर लखनऊ में तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को हुआ। इनके परिवार वाले पुराने विचारों वाले थे, जो संगीत को बहुत खराब शौक मानते थे। तलत साहब का बचपन से ही संगीत में खास रूझान था, इस कारण उन्होंने अपने परिवार वालों को भी छोड़ दिया। संगीत करियर की शुरुआत महमूद साहब ने ऑल इंडिया रेडियो से की, जहां वह गजलों को गाया करते थे। मात्र 17 वर्ष की उम्र में तलक ने 1941 में अपना पहला गाना रिकॉर्ड किया था, जो एक बंगाली गीत था 'सब दिन एक समान नहीं'।

## 50-60 के दशक में बॉलीवुड में लाई क्रांति

तलत महमूद ने 1944 में एक गाना गाया 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला ना सकेगी', इस गाने ने तलत साहब को मशहूर कर दिया था। इसके बाद उन्होंने अपनी नाजुक और भावुक आवाज से बॉलीवुड के संगीत की दुनिया में क्रांति लाने का काम किया। महमूद साहब ने कई हिट्स गाने दिए जिसमें जाएं तो जाएं कहां, शाम-ए-गम की कस, हवा ये रात ये चांदन, फिर वही शाम वही गम, जैसे गानें शामिल हैं। उनकी आवाज में एक ठहराव था, एक गहराई थी, जो सीधे दिल को छू जाती थी। महमूद साहब ने सभी भाषाओं में कुल मिलाकर 750 गाने गाए।


साउथ इंडियन बैंक
SOUTH INDIAN Bank
ब्रान्च भोपाल: ग्राउण्ड फ्लोर, प्लाट नम्बर 25, ए-सेक्टर, इन्द्रपुरी, रायसेन रोड, भोपाल म.प्र. -462022
फोन: 0755-2600979, ई-मेल: br0443@gmail.com

सूचना

विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे दिए गए खातों में गिरवी रखे गये स्वर्ण ऋण की सार्वजनिक नीलामी साउथ इंडियन बैंक भोपाल शाखा प्लाट नम्बर 25, ए-सेक्टर, इन्द्रपुरी, भोपाल में 01/03/2025 को अपरान्ह 3 बजे से 4 बजे के बीच आयोजित की जायेगी, नीलामी उस चूककर्ता ग्राहक के गिरवी रखे गए सोने के गहनों की हैं जो पंजीकृत नोटिस द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपनी ऋण राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं। नीलामी किये जाने हेतु प्रतिज्ञा किये गये व्यक्तियों की सूची-

| ऋणी का नाम | गोल्ड लोन नम्बर | कुल वजन |
|---|---|---|
| योगेश वर्मा | 0443653000001783 | 53.50 ग्राम |

इच्छुक पार्टियाँ ऊपर बताए गए समय के अनुसार नीलामी की तारीख पर एक तस्वीर, वैध फोटो पहचान प्रमाण और पते के प्रमाण के साथ पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की प्रति के साथ साउथ इंडियन बैंक के उपर्युक्त परिसर में जा सकती हैं। अन्य नियम एवं शर्तें नीलामी प्रक्रिया के समय सूचित कर दी जाएगी।
दिनांक: 24/02/2025, स्थान: भोपाल ब्रान्च मैनेजर


## जैकेट का शेष

### पीएम मोदी ने कहा...

महत्वाकांक्षी कार्यक्रम ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 (जीआईएस) का शुभारंभ करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने जीआईएस के भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में ऐसा अवसर पहली बार आया है, जब पूरी दुनिया भारत के लिए आशान्वित है। भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमता को सिद्ध किया है, जिसके परिणाम स्वरूप संपूर्ण विश्व भारत पर विश्वास प्रकट कर रहा है। यही विश्वास हम मप्र में अनुभव कर रहे हैं। मप्र जनसंख्या की दृष्टि से देश का पांचवां बड़ा राज्य है, कृषि और खनन में अग्रणी है, इसके साथ ही राज्य को मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में हो रहे अधोसंरचना विकास का लाभ मप्र को मिला है। दिल्ली, मुंबई एक्सप्रेस-वे का बड़ा भाग मप्र से निकलता है। रोड नेटवर्क की वजह से लॉजिस्टिक्स की यहां अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। मप्र में हर वह क्षमता है, जो इसे देश के शीर्ष पांच राज्यों में ला सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जमकर पीठ थपथपाई और बधाई दी।

**देश का कॉटन कैपिटल है मप्र:** मोदी ने उद्योगपतियों से कहा कि मप्र में निवेश के लिए 300 से अधिक इंडस्ट्री जोन हैं। प्रदेश में 31 हजार मेगावाट सरप्लस बिजली है, जिसमें 30 फीसदी रिन्यूएबल एनर्जी है। कुछ दिन पहले ही ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सौर ऊर्जा परियोजना का शुभारंभ हुआ है। हाल ही में 45 हजार करोड़ रुपए लागत की केन-बेतवा लिंक परियोजना की आधारशिला रखी गई, जिससे 10 लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता बढ़ेगी। प्रदेश में कपड़ा उद्योग और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने मप्र को देश का कॉटन कैपिटल बताते हुए कहा कि कपड़ा उद्योग और कॉटन सप्लाई में मप्र, देश का सबसे बड़ा उत्पादक है। यहां का मलेबरी सिल्क और चंदेरी साड़ियां बहुत पसंद की जाती हैं। देश में बन रहे सात बड़े टैक्सटाइल पार्क में से एक मप्र में है। देश के टूरिज्म सेक्टर में मप्र अजब भी है, गजब भी है और सहज भी है।

### पहले दिन इन कंपनियों...

लिमिटेड के साथ रिन्यूबल एनर्जी पर 60 हजार करोड़, अवाडा ग्रुप के साथ सोलर, विंड, हाईब्रिड रिन्यूबल एनर्जी के लिए 50 हजार करोड़ रुपए, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन के साथ ऊर्जा पर 26,800 करोड़ रुपए, रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन के साथ 21 हजार करोड़ तथा ओपीजी पावर जनरेशन प्रालि. के साथ 13,400 करोड़ रुपए के निवेश पर एमओयू हुए।


कार्यालय नगर निगम, भोपाल
विद्युत शाखा
आई.एस.बी.टी. गोविन्दपुरा
निविदा आमंत्रण सूचना
150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA
क्रमांक 13/वि.शा./2025 दिनांक 20/02/2025
निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार परसेन्टेज/आयटमरेट मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | आनलाईन टेण्डर नं. | कार्य स्थल का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर | निविदा की अवधि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_404291_1 | Street light arrangement in Govt Quarters Ward No. 28 Bhopal | 673200/- | 7000/- | 2000/- | Registered Electrical contractor in centralized Registration system in MPPWD having valid electrical license | MPUADD Electrical SOR 2021 and Non SOR Item | 1 माह | 1 माह |

नियम व शर्तें :-
निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि, धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे। समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। यदि किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वह website पर प्रदर्शित होगा। वह पृथक से सामाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।
नि.क्र. 1373/024/025
कार्यपालन यंत्री (वि.)
नगर निगम भोपाल


## पेज एक का शेष

### रूस के विदेश...

मांग करते हैं कि फ्रांस तत्काल और गहराई से घटना की जांच करे और रूस की विदेश में स्थित सुविधाओं की सुरक्षा बढ़ाने के उपाय करे।

### एसवीआर ने दी ...

और स्कैंडिनेवियाई (नॉर्वे, स्वीडन और डेनमार्क) देशों में।

### राष्ट्रपति मैक्रों ने ...

ने इस हमले को इस्लामी आतंकवाद बताया था। जर्मनी की सीमा के पास मुलहाउस में हुई इस वारदात में पुर्तगाल के नागरिक की मौत हुई थी। घटना में सात पुलिस अधिकारी भी घायल हुए थे।

### 9.8 करोड़ किसानों ...

सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है, जिससे वे बीज, खाद और अन्य कृषि जरूरतों को पूरा कर सकें।

### पति से ठगे 38 लाख...

से ही लगातार पुलिस दोनों को तलाश कर रही थी। इस दौरान पता चला कि महिला का बॉयफ्रेंड नरसिंहपुर में छिपकर बैठा है। उसे पकड़ने पुलिस मौके पर पहुंची तो उसने अपने आपको बीमार बताया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है। इधर, महिला की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। महिला ने अपनी नौकरी के लिए पति पर दबाव बनाकर 38 लाख रुपए बॉयफ्रेंड के खाते में ट्रांसफर भी करवाए हैं। यही नहीं घर में रखे 20 तोला से अधिक सोने के जेवरात को भी गायब कर दिए। सिवनी जिले के धूमा में रहने वाले रूद्र प्रताप मिश्रा राजस्व निरीक्षक के पद पर थे। 2021 में उनके इकलौते बेटे आदित्य मिश्रा का विवाह नरसिंहपुर निवासी पूजा दुबे से हुआ था। शादी के कुछ माह तक सबकुछ ठीक था। इस बीच पूजा के बॉयफ्रेंड आकाश नेमा का आना-जाना शुरू हो गया। पूजा उसे अपना मुंहबोला भाई बताती थी।

### यात्री घबराकर नीचे...

के पास हुई, जब रतलाम से चलकर डीईएमयू जावरा के पास पहुंच रही थी। बदायला चौरासी जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर है और यह पश्चिमी रेलवे के रतलाम डिवीजन का हिस्सा है। रतलाम रेलवे डिवीजन के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने बताया कि एक कपलिंग टूट गई, जिसके परिणामस्वरूप इंजन मेन यूनिट से अलग हो गया और कुछ समय के लिए अपने आप चलता रहा। डीईएमयू में दूसरा इंजन लगाए जाने के 30 मिनट बाद यह राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के लिए रवाना हो गई। मंडल रेल प्रबंधक अश्विनी कुमार ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित करने का आदेश दिया है। यह समिति एक पखवाड़े में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

### एक ने अवैध कट्टे ...

लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मारी है। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। बड़ोखर इलाके में रहने वाले सोनू उपाध्याय (26) ने सोमवार सुबह करीब 5 बजे अकेले मैरिज गार्डन में पहुंचा। चलते-चलते उसने अवैध कट्टे को अपनी कनपटी पर रखकर फायर कर दिया। घटना के बाद से परिवार सदमे में है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुरैना सीएसपी दीपाली चंदोलिया ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पूरे मामले की जांच जारी है। कोतवाली थाना क्षेत्र में रिहान (18) अपने भाई के साथ वाटर वर्कर्स कॉलोनी में शासकीय आवास में रहता था। रिहान का भाई इमरान मुरैना नगर पालिका में कर्मचारी है। रविवार रात को रिहान ने अपने भाई की लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मार ली। उसे तुरंत जिला अस्पताल मुरैना लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कार और बस ...

इसी दौरान सिहोरा के खितौला थाना इलाके में सुबह 4 बजे तूफान वाहन डिवाइडर तोड़ते हुए रांग साइड पर पहुंच गया और बस से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर में मौके पर ही 6 लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मृतकों के परिजनों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। बस जबलपुर की तरफ से कटनी जा रही थी। हादसे के बाद ड्राइवर बस को भगाकर ले गया। पुलिस ने बस को बरामद कर लिया है, वह संजय बस कंपनी, महाराष्ट्र की बताई जा रही है।

### बाइपास में ट्रक ...

अश्विनी और सौरभ को मृत घोषित कर दिया। दोनों रायसेन जिले के निवासी है। अस्पताल में भर्ती महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### मंत्री वैष्णव बोले-...

स्थापित कर सकता है तो रेलवे खरीदने के लिए तैयार है। हम पवन ऊर्जा की खरीद में भी रुचि रखते हैं।

### 22 पंडितों के जादू-...

की है। इस पॉडकास्ट पर चर्चा के दौरान एक व्यक्ति ने कहा कि भारतीय टीम ने अपने 22 पंडित दुबई स्टेडियम में भेजे थे। दावा किया गया कि पाकिस्तान के हर एक प्लेयर के लिए 2 पंडित रखे गए, जो जादू-टोना कर रहे थे।

यह भी कहा गया कि टीम इंडिया इसी कारण पाकिस्तानी धरती पर नहीं आना चाहता था, क्योंकि वो यहां आते तो पंडितों को साथ नहीं ला पाते और इन्हीं 22 पंडितों के कारण पाकिस्तानी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने में परेशानी हुई। इस पॉडकास्ट पर चर्चा यहीं नहीं रुकी। एक व्यक्ति ने अंदर की खबर का हवाला देकर कहा कि मैच होने से एक दिन पहले भारत ने मैदान पर 7 पंडित उतारे थे, तब तक भारतीय टीम मैदान पर नहीं पहुंची थी। ऐसा भी बोला गया कि पंडितों द्वारा किए गए जादू-टोने के बाद ही भारतीय टीम को मैदान पर लाया गया था।


आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

प्रॉपर्टी
खरीदना है सागर शहर के आसपास या ग्रामीण एरिया 100 एकड़ से 1500 एकड़ सस्ती जमीन खरीदना है सम्पर्क करें- 9827951230, 9131508711
BLS-22 to 28-02-2025

नाम परिवर्तन
मैं आर्मी नंबर 14440856X RANK - L/nk रामपाल सिंह पिता रघुवीर सिंह पता - सेमली खेड़ा शाजापुर मध्य प्रदेश पिन कोड 465337 मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम Viklp Rathore अंकित हो गया है जो कि गलत है मेरे पुत्र का सही नाम Vishvaprtap Singh है शपथ पत्र क्रमांक 75AA683989 दिनांक 22/02/2025

नाम परिवर्तन
मैं Sangita Satish Jadhav पता - Vill - Kasarwadi, Post - Kasarwadi, Teh - Haveli, Dist - Pune, State - Maharashtra Pin - 411034 मेरे पति आर्मी नंबर JC778284N Rank - Sub Name - Jadhav Satish Mahadev के आर्मी रिकॉर्ड में मेरा नाम Sangita अंकित हो गया है जो कि गलत है मेरा सही नाम Sangita Satish Jadhav है शपथ पत्र क्रमांक 75AA683991 दिनांक 22/02/2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

नाम परिवर्तन
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम MOHD ZEESHAN SHAIKH था, परन्तु अब मैंने नाम परिवर्तित कर MOHD ZEESHAN MOIN SHAIKH कर लिया है, अतः अब मुझे MOHD ZEESHAN MOIN SHAIKH S/O MOIN SHAIKH निवासी FLAT NO. F-11,1ST FLOOR, MOTI APPARTMENT, BARKHEDI, AISHBAGH ROAD, BHOPAL (M.P.) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

नाम परिवर्तन
सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम तसनीम हुसैन लिखा है। जबकि मेरा नाम तसनीम एवं सरनेम हुसैन है। अतः मुझे मेरे सही नाम तसनीम एवं मेरे सरनेम हुसैन से जाना व पहचाना जाए। पता : तसनीम हुसैन पत्नी मुस्तफा हुसैन, मकान नं. 180, सईद कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, बैरसिया रोड, करोंद, भोपाल, मध्यप्रदेश - 462038

नाम परिवर्तन
मैं आर्मी नंबर 14440856X RANK - L/nk रामपाल सिंह पिता रघुवीर सिंह पता - सेमली खेड़ा शाजापुर मध्य प्रदेश पिन कोड 465337 मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरी पुत्री का नाम Rashi Rathore अंकित हो गया है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही नाम Akshara Singh Rathore है शपथ पत्र क्रमांक 75AA683988 दिनांक 22/02/2025

नाम परिवर्तन
मैं सजल विनोद अमूले आत्मज श्री विनोद अमूले निवासी ग्राम सोनझरा पोस्ट खड़खड़ी जिला बालाघाट, मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम सजल विनोद अमूले(Sajal Vinod Amuley) अंकित है मेरे 10th एवं 12th महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षा मंडल पुणे की अंकसूची में मेरा नाम अमूले सजल विनोद (Amuley Sajal Vinod)सरनेम फर्स्ट, यह सजल विनोद अमूले एवं अमूले सजल विनोद दोनों नाम मेरे ही है भविष्य में कोई भी आपत्ति आती है तो मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा मुझे आज से सजल विनोद अमूले(Sajal Vinod Amuley) के नाम से जाना व पहचाना जावे

नाम परिवर्तन
मैं Kamal Mahadev Jadhav पता - Vill - Kasarwadi, Post - Kasarwadi, Teh - Haveli, Dist - Pune, State - Maharashtra Pin - 411034 मेरे पुत्र आर्मी नंबर JC778284N Rank - Sub Name - Jadhav Satish Mahadev के आर्मी रिकॉर्ड में मेरा नाम Kamal तथा जन्मतिथि 01/07/1957 अंकित हो गयी है जो कि गलत है मेरा सही नाम Kamal Mahadev Jadhav तथा जन्मतिथि 01/06/1959 है शपथ पत्र क्रमांक 75AA683990 दिनांक 22/02/2025

आवश्यक सूचना
वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-14/02/25 to 18/4/25- not-fab, 16,23,26 not= march-2,9,14,16,23,30,31, April- 6,10,13,14

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

लेकसिटी हॉस्पिटल
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस., एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
कटे होठ आयुष्मान कार्डधारकों के लिए चिन्हित सभी प्लास्टिक सर्जरी के मुफ्त ऑपरेशन
कटे तालू 400 से ज्यादा आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्लास्टिक सर्जरी के सफल ऑपरेशन
Smile Train
सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार समय : दोपहर 2 से 5 बजे तक लेकसिटी हॉस्पिटल, भोपाल
प्रत्येक गुरुवार समय : दोपहर 12 से 3 बजे तक विदिशा में उपलब्ध
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.) Helpline Number : 9111933376

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष:** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला:** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ सकती हैं।

**मकर:** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5789

**बाएँ से दाएँ**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़पन्न-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

मंगल सैनाचा, बैंगलोर

### शब्द पहेली - 5788 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | ■ | र | बा | ना | हो | ना |
| न | ■ | म | क | र | ■ | त | ल | ना | ■ | का |
| मो | ह | ■ | ■ | गि | ■ | ज | ■ | ■ | क | म |
| ह | म | ■ | आ | स | ल | गा | ना | ■ | मा | या |
| क | ल | र | व | ■ | क्ष | ■ | म | त | ल | ब |
| ■ | ■ | ■ | भ | ला | ■ | जो | र | ■ | ■ | ■ |
| ज | ग | म | ग | ■ | मौ | ■ | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | र | म |
| न | त | ■ | ■ | हा | ■ | ल | ■ | ■ | ल | क |
| दा | ■ | म | चा | न | ■ | खा | रि | श | ■ | दा |
| र | म | णी | य | ता | ■ | ना | ट | क | का | र |

## सूडोकु नवताल- 5799

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5798 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## खबर संक्षेप

### लॉजिस्टिक्स हब की रूपरेखा सीआईआई ने की तैयार

**हैदराबाद।** भारतीय उद्योग परिसंघ ने भारत को वैश्विक लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण तैयार किया है। सीआईआई ने कहा कि यह पहल देश के तेजी से बढ़ते लॉजिस्टिक्स क्षेत्र और आर्थिक क्षमता का लाभ उठाकर नौकरी के अवसरों में वृद्धि, निवेश आकर्षित करने और आर्थिक विकास को गति देने पर केंद्रित है। अनुमान है कि यह क्षेत्र वर्ष 2030 तक 1.5 करोड़ से 1.7 करोड़ नौकरियों का सृजन करेगा।

### सुप्रीम का शुद्ध लाभ 195 फीसदी बढ़ा

**पुणे।** सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 की पहली छमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड के सीईओ अमोल शिंगाटे के अनुसार पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 200.77 करोड़, वार्षिक वृद्धि 25.95फीसदी, एबिटडा 18.63 करोड़, वार्षिक वृद्धि 33.03 फीसदी, एबिटडा मार्जिन 9.28 फीसदी, वार्षिक वृद्धि 49 बीपीएस, शुद्ध लाभ 4.80 करोड़, वार्षिक वृद्धि 194.89फीसदी रही।

### ग्लोब टैक्सटाइल्स को 53.7 फीसदी का लाभ

**अहमदाबाद।** टेक्सटाइल उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक ग्लोब टेक्सटाइल्स ने थर्ड क्वार्टर और नौ महीनों के फायनान्शियल रीजल्ट्स की घोषणा की है। कंपनी ने रेवेन्यू और प्रोफिट में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है 31 दिसंबर 2024 को खत्म हुए क्वार्टर के लिए राजस्व 46.2 प्रतिशत 15,159.21 लाख हो गया, जबकि पिछले वर्ष की इसी समयावधि में यह 10,367.19 लाख था।

### बंधन म्यूचुअल फंड का नया इंडेक्स फंड लांच

**नई दिल्ली।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स 10:90 गिल्ट प्लस एसडीएल इंडेक्स-दिसंबर 2029 फंड लांच की है, जो एक ओपन-एंडेड टारगेट मैच्योरिटी इंडेक्स फंड है जो निवेशकों को एक स्ट्रक्चर्ड और सॉवरेन-समर्थित निवेश का मौका प्रदान करता है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 25 फरवरी, 2025 को निवेश के लिए खुलेगा और 5 मार्च 2025 को बंद होगा।

# सीआईआई ने पेश की रिपोर्ट : मप्र की अर्थव्यवस्था 2047 तक 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंचेगी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था संभावित रूप से अपने सकल राज्य घरेलू उत्पाद को 2047-48 तक 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (248.6 लाख करोड़ रुपए) तक बढ़ा सकती है, जो मौजूदा 164.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर (13.6 लाख करोड़ रु ) से 8.6 फीसदी की सीएजीआर से बढ़ सकती है। यह आंकड़े सीआईआई ने अपनी रिपोर्ट में पेश की। सीआईआई महानिदेशक,चंद्रजीत बनेर्जी ने सोमवार को राजधानी भोपाल में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में रिपोर्ट पेश की। एनविजनिंग मध्य प्रदेश इकोनॉमी 2047 शीर्षक वाली रिपोर्ट आर्थिक विकास के लिए एक दृष्टिकोण, प्रमुख क्षेत्रों की पहचान, नीतिगत हस्तक्षेप और निवेश के अवसरों की रूपरेखा तैयार करती है।




**मप्र के आर्थिक नेतृत्व के लिए एक परिवर्तनकारी रोडमैप पेश**

**इसमें नेताओं, नीति निर्माताओं और अकादमिक विशेषज्ञों के इनपुट शामिल**

*सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बेनर्जी ने कहा कि निवेश को बढ़ावा देने और विकास को गति देने के लिए समर्पित एक सक्रिय राज्य सरकार के साथ मध्य प्रदेश 2047-48 तक भारत की जीडीपी में अपना योगदान मौजूदा 4.6 फीसदी से बढ़ाकर 6.0 फीसदी करने के लिए अच्छी स्थिति में है। रिपोर्ट व्यापक डेटा विश्लेषण और हितधारक परामर्श पर आधारित है, जिसमें उद्योग के नेताओं, नीति निर्माताओं और अकादमिक विशेषज्ञों के इनपुट शामिल हैं। मध्य प्रदेश की पूर्ण आर्थिक क्षमता को उजागर करने, सतत विकास, रोजगार सृजन और बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करने के लिए एक ब्लूप्रिंट के रूप में कार्य करता है।*

### राज्य में निवेशक आकर्षण में सुधार की कुंजी होगी

*बेनर्जी के अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था एक मोड़ पर है और औद्योगिक क्षमताओं को विकसित करने के लिए संरचनात्मक सुधार को आगे बढ़ाना राज्य में निवेशक आकर्षण में सुधार की कुंजी होगी। मध्य प्रदेश ने तकनीकी नवाचार, उन्नत कृषि पद्धतियों और व्यापक फसल विविधीकरण के आधार पर कृषि उत्कृष्टता के निर्माण के लिए नई कसौटी तैयार की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कृषि में देखी गई सफल रणनीतियों के आधार पर, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में पहल की आवश्यकता है जो राज्य को प्रगति की दिशा में नए रास्ते खोलने में मदद करेगी।*

## सोना प्रति 10 ग्राम 89300 रुपए और चांदी 97800 रुपए किलो के स्तर पर

# सोना दो महीने में 10700 रुपए हुआ महंगा, चांदी 6300 रुपए हुई महंगी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



सोना दिन ब दिन सोणा होता जा रहा है। सोमवार को स्थानीय सराफा बाजार में सोना 90 हजार से महज 7000 रुपए दूर यानी 24 कैरेट सोना प्रति 10 ग्राम 89300 रुपए स्तर पर पहुंच गया। जबकि चांदी लखपति होने से महज 2200 रुपए दूर यानी इसके भाव 97800 रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गए हैं। सराफा कारोबारी नवनीत अग्रवाल, संजीव गर्ग (गांधी) के अनुसार शुरू फरवरी माह से अब तक सोने के दाम में 3800 रुपए की बढ़त दर्ज हुई है जबकि जनवरी के शुरूआती दिन से अब तक सोने के भाव में 10700 रुपए की जबरदस्त बढ़त दर्ज हुई है। जबकि चांदी शुरू फरवरी माह से अब तक 3300 रुपए उछली और बात करें जनवरी माह के शुरूआती दिन से अब तक की तो इसमें 6300 रुपए की जबरदस्त तेजी आई है।

### नए साल में भी आरबीआई को भाया सोना

*सोने की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी के बीच आरबीआई ने नए साल की शुरुआत यानी जनवरी में फिर से सोना खरीदा। इससे पहले बीते साल दिसंबर में लगातार 11 महीने की खरीद के बाद केंद्रीय बैंक ने खरीदारी से परहेज किया था। फिलहाल आरबीआई के कुल विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स रिजर्व) में गोल्ड की हिस्सेदारी बढ़कर 11 फीसदी के पार (11.31 फीसदी) पहुंच गई है। एक साल पहले यह हिस्सेदारी 7.7 फीसदी थी। इसी अवधि के दौरान देश के कुल फॉरेक्स रिजर्व में फॉरेन करेंसी एसेट की हिस्सेदारी 88.5 फीसदी से घटकर 85.2 फीसदी पर आ गई । केंद्रीय बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार नए साल की शुरुआत में उसकी तरफ से 2.8 टन सोने की खरीद की गई। जनवरी 2025 के अंत में देश का गोल्ड रिजर्व बढ़कर 879.01 टन पर पहुंच गया। पिछले साल के मुकाबले यह 8 फीसदी ज्यादा है। 2 फरवरी 2024 को देश का गोल्ड रिजर्व 812.33 टन था।*

# 5 लाख करोड़ रुपए स्वाह... ट्रंप के टैरिफ से सहमा मार्केट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। भारतीय बाजार में सभी सेक्टरों में बिकवाली देखी गई। बीएसई सेंसेक्स में कारोबार के दौरान 900 अंक से अधिक गिरावट आई है जबकि निफ्टी 250 अंक से अधिक गिर गया।

शेयर बाजार में सोमवार को आई बड़ी गिरावट से निवेशकों के पांच लाख करोड़ रुपए डूब गए। बीएसई पर लिस्टेड कुल कंपनियों का मार्केट कैप सोमवार को घटकर 397,81,410 करोड़ रुपए पर आ गया। जबकि शुक्रवार को यह 402,95,043 करोड़ रुपए था।

## मार्केट कैप 5,13,633 करोड़ रुपए घटा



**डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ से घरेलू शेयर बाजार में हाहाकार**

इस तरह लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 5,13,633 करोड़ रुपए घटा है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज 400 अंक से ज्यादा की गिरावट लेकर 74,893 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 74,387.44 अंक तक फिसल गया था। अंत में सेंसेक्स 856.65 अंक या 1.14 फीसदी की गिरावट लेकर 74,454.41 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी बड़ी गिरावट लेकर 22,609 पर ओपन हुआ। अंत में यह 242.55 अंक या 1.06फीसदी की गिरावट लेकर 22,553.35 पर क्लोज हुआ।

### विदेशी निवेशकों की तगड़ी बिकवाली से हिला बाजार

*भारतीय बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) लगातार अपना निवेश निकाल कर सुरक्षित बाजारों और परिसंपत्तियों की ओर जा रहे हैं, इससे उभरते बाजारों जिसमें भारत भी शामिल है भारी मात्रा में निकासी देखी जा रही है। घरेलू बाजार में 2024 में एफपीआई के प्रवाह यानी इनफ्लो (निवेश) में भारी गिरावट देखने मिली जो कि पिछले साल की तुलना में शुद्ध निवेश में 99 प्रतिशत कमी को दर्शाता है। बाजार के विशेषज्ञ मानते हैं कि जब तक वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां ठीक नहीं हो जाती हैं, तब तक भारतीय शेयर बाजार से एफपीआई की निकासी जारी रहेगी।*

# प्रधानमंत्री मोदी का कक्ष क्रमिक विकास के विशेष बौद्धिक संकलन से रहा सुसज्जित




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ग्लोबल इंवेस्टर समिट का शुभारंभ करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते दिन शाम भोपाल पहुंचे और रात्रि विश्राम राजभवन में किया। इस अवसर पर राजभवन को भेंट किए गए क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक के विशेष शोध संकलित बौद्धिक संसाधन उनके विश्राम कक्ष एवं लिविंग रूम में अवलोकन के लिए रखे गए, ताकि वे खूबसूरत भोपाल की ऐतिहासिक विरासत, नगर नियोजन और शहरी विकास की अनूठी यात्रा को समीप से अनुभव कर सकें।

### प्रधानमंत्री के विश्राम कक्ष में विशेष संकलन प्रदर्शित

*राजा भोज की विचारवान प्रतिमा- यह आकर्षक प्रतिमा मनोज मीक के महीनों के गहन शोध, न्यू एज टेक और ऐतिहासिक संवाद के आधार पर निर्मित की गई है, जो राजा भोज के नगर नियोजन, जल प्रबंधन और सांस्कृतिक दृष्टिकोण को सजीव करती है।*

### भोपाल क्षेत्र की विशिष्टताओं से संबंधित ग्रंथ और पुस्तकें

*ग्लोरियस भीमबेटका - बंसीलाल मल्ला: रॉक पेंटिंग्स की 30,000 साल पुरानी पाषाण कालीन मानव सभ्यता की गाथा। समरांगण सूत्रधार - राजा भोज: स्थापत्य और नगर नियोजन का प्राचीन ग्रंथ। हिस्ट्री ऑफ़ अर्बन फॉर्म ऑफ़ इंडिया - प्रत्यूष शंकर: भारत में नगरों के विकास का ऐतिहासिक विश्लेषण। सुख संपति घर आवे* **मनोज मीक** *: शहरी विकास पर पहली हिंदी बेस्टसेलर बुक। 'कमाल का भोपाल' अभियान की आधिकारिक रिपोर्ट। भोपाल के ऐतिहासिक और आधुनिक विकास को दर्शाती चर्चित रिपोर्ट।*

### 'कमाल का भोपाल' अभियान की निरंतर बढ़ रही लोकप्रियता

*ये सभी बौद्धिक संपदा 'कमाल का भोपाल' अभियान का हिस्सा हैं। यह अभियान अब केवल स्थानीय पहल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चर्चा का विषय बन चुका है। भोपाल को भारत के ऐतिहासिक और भौगोलिक केंद्र के रूप में स्थापित करने का यह एक महत्वपूर्ण कदम है। अतीत की भव्यता, वर्तमान की प्रगति और भविष्य की प्रेरणा का संगम।*

**बैंक आफ महाराष्ट्र**
(भारत सरकार का उद्यम)
www bankofmaharashtra in

अंचल कार्यालय : 1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011

**आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं हैंड डिलेवरी द्वारा भेजा गया था। ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है । ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, गोविन्दपुरा शाखा, भोपाल** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक रखी संपत्ति के विवरण | मांग सूचना दि. / कब्जा दिनांक | बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| **गोविन्दपुरा शाखा, गोविन्दपुरा भोपाल** | | | |
| ऋणीः **1. मेसर्स पूजा कोल्ड स्टोरेज एंड आइस फैक्ट्री** प्रोपाइटर- श्री सूरत सिंह उर्फ श्री करण सिंह पुत्र श्री हरि प्रसाद **2. श्री सूरत सिंह उर्फ श्री करण सिंह पुत्र श्री हरि प्रसाद (जमानतदार)** पता-1 एवं 2 : **पता 1:-** कमर्शियल डायवर्टेड संपत्ति खसरा नंबर 175/2/1/ ख/2 0.404 हेक्टेयर ग्राम-लांबाखेड़ा पीएच हल्का लांबाखेड़ा ईटखेड़ी सड़क, वार्ड नंबर तहसील हुजूर जिला, भोपाल-462038 **पता 2:-** मकान नं. 79, इस्लामनगर रोड, लांबाखेड़ा, तहसील-हुजूर, भोपाल (म.प्र.) **पता 3:-** वार्ड क्रमांक 67, प्लॉट क्रमांक 175/2, ख/1, इस्लामनगर रोड, लांबाखेड़ा, भोपाल (म.प्र.) **3. श्री राम गोपाल दुबे पुत्र श्री सुंदर लाल दुबे (जमानतदार)** पताः ए-20 एलिक्सिर गार्डन बायपास जेल रोड, करोंद, हुजूर तहसील हुजूर, जिला भोपाल 462038 | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित एक किता व्यावसायिक डायवर्टेड भूमि खसरा क्रमांक 175/2/1/बी/2, क्षेत्रफल 0.404 हेक्टेयर (4040 वर्ग मीटर) ग्राम-लम्भाखेड़ा, पीएच- लाम्बाखेड़ा राजस्व निरीक्षक मंडल- ईटखेड़ी सड़क, तहसील-हुजूर, जिला- भोपाल, वार्ड क्रमांक 79 चर्तुसीमाएं- पूर्व- खसरा क्रमांक-175/2/1/बी/1 की भूमि, पश्चिम-सड़क और अन्य भूमि, उत्तर- खसरा क्रमांक 175/2/1/ए की अन्य भूमि, दक्षिण- खसरा क्रमांक 175/2/2 की अन्य भूमि संपत्ति मालिक- श्री सूरत सिंह उर्फ श्री करण सिंह पुत्र श्री हरि प्रसाद के पास है। | 29/10/2024 / 19/02/2025 | ₹ 7,92,839/- + दि. 29/10/2024 से अप्रभारित ब्याज एवं पेनल ब्याज एवं अन्य खर्च |

दिनांक : 25/02/2025
स्थानः भोपाल

मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी
असेट रिकवरी सेल

## बिजनेस न्यूज

### एलएन आयुर्वेद कॉलेज को 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान में द्वितीय पुरस्कार



**भोपाल।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान संपूर्ण देश में आयोजित किया गया था। अभियान का उद्धेश्य 18 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी प्रकृति के अनुसार उचित आयुर्वेदिक सलाह देना है। अभियान के दौरान पंजीकृत नागरिकों को प्रकृति के अनुसार जीवन शैली सुधारने,गैर संचारी रोगों से बचाव के लिए ऋतुचर्या, दिनचर्या और योग का पालन करने का सुझाव समय समय पर दिया जाएगा। आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित इस अभियान ने एक साथ एक ही उद्धेश्य पर विश्वरिकार्ड स्थापित कर गिनीज बुक आफ रिकार्ड में एक अपूर्व रिकार्ड स्थापित किया है। एक माह में आयुर्वेदिक विशेषज्ञों द्वारा 1 करोड़ 30 लाख से अधिक नागरिकों का प्रकृति परीक्षण किया गया। पुरूस्कार वितरण समारोह में आयुष मंत्री भारत सरकार प्रताप राव जाधव , पद्मश्री बैद्य राजेश कोटेचा आयुष सचिव भारत सरकार, महाराष्ट्र के आरोग्य मंत्री प्रकाश अंबटकर, एनसीआईएसएम के अध्यक्ष बैद्य जयंत देवपुजारी, रेटिंग बोर्ड के अध्यक्ष वैद्य रघुराम भट्ट , आयुर्वेद बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. बी. एस प्रसाद , रजिस्ट्रेशन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। ज्ञात्व्य है कि एल. एन. आयुर्वेद महाविद्यालय ने एक माह में 119.99 के स्ट्राईक रेट के साथ कुल 69371 प्रकृति परीक्षण किए गए एवं मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान का पुरूस्कार प्राप्त किया। इस अभियान में मध्यप्रदेश देश में पांचवे स्थान पर रहा।

### राधारमण में 'सीपीआर प्रशिक्षण' कार्यक्रम आयोजित



**भोपाल ।** राधारमण इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी एंड साइंस में 'सीपीआर एक जीवन रक्षक कौशल' विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों और फैकल्टी मेम्बर्स को आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षा के लिए आवश्यक कौशलों, विशेष रूप से कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन में प्रशिक्षित करना था। राधारमण नर्सिंग कॉलेज से आईं अंकिता एंड्रूस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक, जिन्होंने जीवन रक्षक तकनीकों का प्रदर्शन किया और प्रतिभागियों को सीपीआर की सही प्रक्रिया समझाई। कार्यशाला में सीपीआर की परिभाषा, इसका महत्व, कार्डियक अरेस्ट की पहचान, वयस्कों, बच्चों और शिशुओं पर सीपीआर देने की विधियाँ एवं छाती संपीड़न (चेस्ट कंप्रेशन) की सही तकनीक पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से हैंड्स-ओनली सीपीआर (बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के सीपीआर देने की प्रक्रिया) को भी समझाया गया। प्रतिभागियों को मॉडलों (मैनीकिंस) पर लाइव डेमोंस्ट्रेशन और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में व्यावहारिक अभ्यास का अवसर प्रदान किया गया, जिससे वे वास्तविक जीवन में इस तकनीक को प्रभावी रूप से लागू कर सकें। राधारमण समूह के चेयरमेन आर. आर. सक्सेना ने इस अवसर पर कह कि हमारे संस्थान का उद्देश्य केवल तकनीकी शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि छात्रों एवं संकाय सदस्यों को ऐसे महत्वपूर्ण जीवन रक्षक कौशलों में प्रशिक्षित करना भी है। सीपीआर का सही ज्ञान और समय पर किया गया प्रयास किसी की जान बचा सकता है। इस कार्यशाला से निश्चित रूप से हमारे छात्रों एवं संकाय को लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में राधारमण समूह के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पी. के. लाहिरी भी उपस्थित रहे ।

### एसआरएम के चांसलर को आईसीडी से प्राप्त हुआ 'ऑनररी फेलोशिप' का सम्मान

**चेन्नई।** इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ डेंटिस्ट्री (आईसीडी ) सेक्शन फाइव VI ने एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के फाउंडर चांसलर डॉ.टीआर पारीवेंधर को ऑनररी फैलोशिप प्रदान करते हुए सम्मानित किया है। नॉन-डेंटिस्ट, नॉन-मेडिकल क्षेत्र में यह डिस्टिंक्शनशायद ही कभी किसी को मिलती है, परंतु डॉ.पारीवेंध को यह प्रतिष्ठित फेलोशिप प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आईसीडी के ग्लोबल प्रेसिडेंट डॉ. आयन एम. डॉयल एवं आईसीडी सेक्शन VI की प्रेसिडेंट डॉ. मीरा वर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने उन्हें ऑनररी फैलोशिप से नवाजा।



### गलत जीएसटी की विवरणी दर्ज करने पर टैक्स की देनदारी में हो सकती है वृद्धि : पस्तोर



**भोपाल।** विक्रेता द्वारा जीएसटी की विवरणी प्रस्तुत करते समय एचएसएन संख्या को सही से दर्ज करना चाहिए। इसको गलत दर्ज करने से कर की देनदारी में वृद्धि हो सकती है। अभी जीएसटी पोर्टल में इसको लेकर कुछ समस्याएं हैं, लेकिन उन्हें विभाग द्वारा धीरे-धीरे दूर किया जा रहा है। यह बात टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मृदुल आर्य की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में युवा अधिवक्ता सानिध्य पस्तोर कही। इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल एवं बच्चन आचार्य, सचिव मनोज पारख, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, सहसचिव संदीप चौहान, प्रवक्ता विकास अग्रवाल सहित वरिष्ठ सदस्य राजेश्वर दयाल, नरेश बलानी, शंकर वसंता , हेमंत जैन, पंकज अग्रवाल आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में मौजूद मुख्यवक्ता के रूप में पस्तोर ने कहाकि क्रेडिट नोट को जारी करने के दो तरीके होते है विक्रेता द्वारा या क्रेता द्वारा, अभी विभाग द्वारा जो परिवर्तन किए गए हैं उसमें विक्रेता द्वारा इन क्रेडिट नोट को अपनी बिक्री की विवरणी में दर्शन अनिवार्य कर दिया गया है एवं इसे क्रेता द्वारा स्वीकार या अस्वीकार किया जा सकता है इसके लिए क्रेता को अपने बिल प्रबंधन प्रणाली को हर हर माह अच्छे से देख लेना चाहिए। विभाग द्वारा ऐसा इसलिए किया गया है कि कुछ विक्रेताओं द्वारा बिक्री दिखाने के बाद गलत तरीके से क्रेडिट नोट के द्वारा अपने करदायित्व में कमी कर दी जाती है जिसके कारण सरकार को कर की हानि होती है। उन्होंने बताया कि बिल प्रबंधन प्रणाली में जो बिल माह की 14 तारीख को दिखते हैं उनको स्वीकार ,अस्वीकार या लंबित करना क्रेता के लिए आवश्यक है ऐसा नहीं करने पर वह सारे अपने आप स्वीकार हो जाएंगे एवं कुछ गलत होने पर क्रेता के ऊपर ब्याज और शास्ती की कार्रवाई हो सकती है।

### विक्रम हायर सेकंडरी स्कूल के 93 बैच के पूर्व छात्रों ने किया 14वीं रि-यूनियन का आयोजन



**भोपाल।** भेल टाउनशिप के प्रतिष्ठित विक्रम हायर सेकंडरी स्कूल के 93 बैच के पूर्व छात्र ने विगत दिनों अपनी लगातार 14वी रियूनियन का आयोजन किया। जिसमें भोपाल के अलावा मुंबई, केरल, दिल्ली, पुणे, रायपुर, साथ ही दो पूर्व छात्र अमेरिका सहित 74 छात्रों ने शिरकत की। बहुत ही हर्षोल्लास के वातावरण में सब एक दूसरे से मिलकर खुश हुए और पुरानी यादें ताजा की और अपनी अपनी शरारतें साझा की। रियूनियन की शुरुआत में पूर्व छात्रों ने स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया। तत्पश्चात हॉटेल में डीजे पर जमकर थिरके, आपस में अंताक्षरी एवं खूब हंसी मजाक के साथ ही लजीज व्यंजनों का स्वाद भी लिया एवं ऐसा आयोजन हर वर्ष करने पर अपनी सहमति जताई एवं नम आंखों से एक दूसरे से विदाई ली।

**जाहिर - सूचना**

पंजीकृत विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) गुम होने के संबंध में आवासीय फ्लेट नं. FF-09 (प्रथम तल) जो कि शीतल टाउन फेस-2, अपार्टमेंट, वार्ड नं. 17, (नया वार्ड नं. 24) मण्डीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. मे स्थित है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्रीमति नीलू वरठी पत्नी श्री वासुदेव वरठी निवासी वर्तमान पता - मकान नं. 05, दानिश लॉ चेम्बर बेबी कान्वेंट स्कूल के पीछे जहांगीराबाद भोपाल जिला भोपाल म.प्र. के निदेर्शानुार आवासीय फ्लेट नं. FF-09 (प्रथम तल) जो कि शीतल टाउन फेस-2, अपार्टमेंट, वार्ड नं. 17 (नया वार्ड नं. 24), मण्डीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. मे स्थित है, जिसका दस्तावेज क्रमांक 1910(2), पुस्तक क्रमांक A-1, ग्रंथ नं. 2754, पृष्ठ नं. 07(44-50) पर दिनांक 16/02/2015 है, उक्त फ्लेट की मूल रजिस्ट्री कहीं गुम हो गई है, जिसे मेरे पक्षकार ने काफी ढूंढने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मिली। उसकी सूचना थाना मण्डीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. मे दिनांक 15/01/2025 को भी दी जा चुकी है। यदि किसी व्यक्ति को रजिस्ट्री मिलती है, तो कृपया मुझे सूचित करें।
गौहरगंज लॉ चैम्बर एंड एसोसियेट्स
जुनेद अंसार अहमद (अधिवक्ता)
आफिसः
भोपाल : 110, आकांक्षा कॉम्पलेक्स जोन 1, एम.पी. नगर,भोपाल
औबेदुल्लागंज : एन. एच. 12, औबेदुल्लागंज
मो. नं. 9425600298, 9303107752

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मेरे पक्षकार श्री जितेंद्र पचौरी पिता श्री राम जी लाल पचौरी निवासी 11 चौकसी नगर डीआईजी बंगला भोपाल को श्री सूरज सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री अमर सिंह एवं श्रीमती लक्ष्मी बाई पत्नी स्वर्गीय श्री अमर सिंह निवासीगण मकान नंबर 65, खेजड़ा बरामद, विदिशा रोड पिपलिया जाहिर पीर भोपाल (म.प्र) द्वारा चार किता भूमि खसरा नंबर 38/2/2(5) 39/2 रकबा 0.0950 हेक्टर संपूर्ण एवं खसरा नंबर 38/1/1/1 (5) रकबा 0.0110 हेक्टेयर का भाग 29/110 अर्थात रकबा 0.0029 हेक्टेयर एवं खसरा नम्बर- 38/1/2/2/1/1/1 (5) रकबा 0.2542 हेक्टेयर का आग 1837/2542 अर्थात रकबा 0.1837 हेक्टेयर एवं खसरा नम्बर- 40/1/1/1 (5) रकबा 0.2510 हेक्टेयर का भाग 2326/2510 अर्थात 0.2326 हेक्टेयर इस प्रकार कुल रकबा 0.5142 हेक्टेयर अर्थात 1.27 एकड़ (एक एकड़ सत्ताईस डेसीमल) के सम्बंध में मुख्तार आम नियुक्त किया जा रहा है जो कि ग्राम खेजड़ा बरामद, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में नगर निगम सीमा के अन्दर वार्ड क्रमांक- 74 में स्थित है, यह कि उक्त भूमि अविकसित, अव्यपवर्तित एवं असिंचित है। उक्त भूमि मुख्य मार्ग से अन्दर स्थित है। जिसमें महावीर सिटी के नाम से कालोनी काटी है जिसमें कुछ प्लाट है जिनके प्लाट नंबर इस प्रकार है 05,12,25, 26,28,30,31,32, 34,37, 38,39, 42,46,47,53,58, 77,78, 106, 107, 108 एवं शॉप नंबर 5,6,7 अगर किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति करना है तो सात दिवस के भीतर मेरे कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष मय दस्तावेजों के उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित अवधी पश्चात कोई भी आपत्ती एवं दस्तावेज शून्य माने जाएंगे ।
भवदीय आकाश चौहान अधिवक्ता
कार्या. - 2 चौकी इमामबाड़ा नूर महल रोड भोपाल (म.प्र.)
मो. 9754962144

**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**
मण्डल सस्त्र केन्द्र, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन नं. 0755-2550020

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:-

**ई नीलामी दिनांक : 28.03.2025**
(ई-नीलामी का समय : प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)

| ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि | मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे। मण्डल सस्त्र \| प्राधिकृत अधिकारी : श्री बिनीत कुमार \| फोन नं. 0755-2550020/9557822211 | | | |
| **स्व. श्री राकेश सिंह पुत्र श्री लाल जी सिंह (मृत्यु पश्चात कानूनी वारिस श्री मती रेणु सिंह पत्नि स्व. श्री राकेश सिंह एवं श्री रोहित सिंह पुत्र स्व.श्री राकेश सिंह** बंधक संपत्ति का समस्त भू-भाग आवासीय मकान प्लाट नं.158, खसरा नं 25/2/1/1-25/2/1/2, 25/2/2 क-25/2/2 ख, 25/2/3 क-25/2/3 ख , 26/1-26/2,27/1/2-27/1/1 एवं 27/2/1 का भाग, पल्लवी नगर कॉलोनी, ग्राम-बावड़ियाकलां, वार्ड नं. 53, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म प्र.)-462026, क्षेत्रफल : 1211 वर्ग फिट, सीमाऐं : पूर्व- प्लाट नं. ए-123 , पश्चिम- रोड, उत्तर-प्लाट नं. ए-157, दक्षिण-प्लाट नं. ए-159, सपंत्ति का मालिक : श्रीमती रेणु सिंह पत्नि स्व. श्री राकेश सिंह (सांकेतिक आधिपत्य) | (₹) 53.28 लाख | (₹) 05.33 लाख | 23-04-2024 / 17-08-2024 / ₹1603786.06 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **श्री यश उडईय्या पुत्र श्री देवेन्द्र उडईय्या** (सांकेतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति का समस्त भू-भाग मकान / फ्लैट बी-11, प.ह.नं. 59, बरखेड़ी बीरसा, मान्या रेसीडेंसी , विदिशा (म.प्र.), क्षेत्रफल : 71.07 वर्गमीटर (भूतल 57.21 वर्गमीटर एवं प्रथम तल 51.10 वर्ग मीटर) , सीमाऐं : पूर्व - प्रस्तावित रोड, पश्चिम-बाऊंड्री, उत्तर - प्लाट नं. बी-12, दक्षिण- प्लाट नं. बी-10, संपत्ति मालिक यश उडईय्या पुत्र देवेन्द्र कुमार उडईय्या। | (₹) 22.40 लाख | (₹) 02.24 लाख | 02-08-2024 / 12-11-2024 / ₹2706165.00 + दिनांक 01.08.2024 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **मेसर्स पी.के.ट्रेडिंग कंपनी प्रो. श्री बाबूलाल खटीक पुत्र श्री मदनलाल खटीक** 1. बंधक संपत्ति का समस्त भू-भाग आवासीय प्लाट मौजा कनेरा देव बाघराज वार्डनं. 47, पह नं. 63, सर्कल सागर 1, खसरा नं. 209/3 (ख), सागर, क्षेत्रफल: 1500 वर्ग फीट , सीमाऐं :पूर्व- चौबे जी का प्लाट, पश्चिम- 16 फिट चौड़ी रोड, उत्तर-देवेश पटेल का प्लाट, दक्षिण- अन्य प्लाट, संपत्ति मालिक : श्री बाबूलाल खटीक पुत्र श्री मदन लाल खटीक (सांकेतिक आधिपत्य) | (₹) 20.25 लाख | (₹) 02.03 लाख | 20-05-2024 / 06-08-2024 / ₹8131096.68 +दिनांक 01.05.2024 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 2. आवासीय संपत्ति प्लाटनं. 42/1, चकराघाट, वार्डनं. 40, तहसील एवं जिला -सागर (म.प्र.),क्षेत्रफल: 700 वर्ग फीट, सीमाऐं :पूर्व- गागेले जी का मकान , पश्चिम- रोड , उत्तर-रोड, दक्षिण- मोदी जी का मकान, संपत्ति मालिक : श्री बाबूलाल खटीक पुत्र श्री मदन लाल खटीक (सांकेतिक आधिपत्य) | (₹) 20.79 लाख | (₹) 02.08 लाख | |
| **1. श्रीमती संगीता चतुर्वेदी, 2.श्री अनुपम चतुर्वेदी, 3.श्री अतुल चावड़ा** बंधक संपत्ति का समस्त भू-भाग मकान नं. 34, आकांक्षा एनक्लेव, बावड़िया कलां , भोपाल , क्षेत्रफल : 5800 वर्ग फिट, सीमाऐं : पूर्व -ए.के.दत्ता की भूमि, पश्चिम- मकान नं. 35, उत्तर- शेष शासकीय भूमि, दक्षिण -रोड एवं पार्क, संपत्ति मालिक : श्रीमती संगीता चर्तुवेदी पत्नि श्री अनुपम चर्तुवेदी एवं अतुल चावड़ा (सांकेतिक आधिपत्य) | (₹) 194.60 लाख | (₹) 19.64 लाख | 11-11-2022 / 20-04-2023 / ₹1107353.00 +दिनांक 01.11.2022 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |

**नियम एवं शर्ते :-** 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तो के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा **दिनांक 28/03/2025** को **वेबसाइट https://baanknet.com** पर किया जायेगा।

इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा । यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा।

दिनांक: 24/02/2025, स्थान: भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

## चिंतन

# तीन वर्ष से जारी यूक्रेन व रूस युद्ध जल्द खत्म हो

युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है, यह बात अमूमन विश्व के सभी ताकतवर नेता जानते हैं, फिर भी यूक्रेन व रूस के बीच जारी युद्ध को तीन साल हो गए। अमेरिकी शह पर नाटो में शामिल होने की यूक्रेन की जिद के खिलाफ शुरू हुए युद्ध के तीन साल पूरे होने के बाद आज रूस व यूक्रेन तबाही के मंजर पर खड़े हैं। हजारों रूसी व यूक्रेनी सैनिकों की जान गई है। हजारों यूक्रेनी जनता को युद्ध की तबाही झेलनी पड़ी है। जिस अमेरिकी शह पर यूक्रेन युद्ध में कूदा था, आज तीन साल बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की लगभग अकेले खड़े हैं। अमेरिका में सरकार बदलने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन की ओर से मुंह मोड़ लिया है, उसके बाद जेलेंस्की के लिए युद्ध जारी रखना केवल यूरोप के भरोसे भारी पड़ रहा है। इस युद्ध को समाप्त कराने के लिए अमेरिका व रूस के प्रतिनिधि के बीच सऊदी अरब में वार्ता चल रही है। बड़ा सबक यह है कि जो देश दूसरे के भरोसे युद्ध में कूदते हैं और दूसरी की दुश्मनी निभाने का माध्यम बनते हैं, उसको हमेशा शिकस्त ही खानी पड़ती है या नुकसान अधिक उठाना पड़ता है। यूक्रेन ने कभी नहीं सोचा कि उसकी जड़ें यूएसएसआर (पूर्व के सोवियत संघ) में हैं, पश्चिम में नहीं। पश्चिम ने कभी भी रूसी संस्कृति, रूसी अस्मिता और पहचान को मान्यता नहीं दी है। अमेरिका व यूरोप के अधिकांश देशों की रूस से अदावत रही है। यूक्रेनी राष्ट्रपति को अपने आवाम की संरचना, संस्कृति और जरूरत को पहले देखना चाहिए। केवल नाटो में शामिल हो जाने से यूक्रेन अभेद्य नहीं बन सकता था, दूसरा कि यूक्रेन को यह पता होना चाहिए था कि अमेरिका कितनी दूर तक उसका साथ देगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने सत्ता संभालते ही नाटो के विचार को ही तिलांजलि दे दी, अमेरिका रूस के साथ नरम हो गया। सोमवार को यूरोप और कनाडा के कई नेता यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे हैं। इस दौरे से युद्धरत राष्ट्र के प्रति समर्थन प्रदर्शित किया गया है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो विदेशी आगंतुकों में शामिल हैं। केवल भौगोलिक रूप से यूरोप में होने के चलते यूक्रेन को अमेरिकी मदद अनवरत जारी रहने का मुगालता नहीं रहना चाहिए था। अमेरिका ने यूक्रेन का भ्रम तोड़ दिया है, साथ ही ट्रंप ने यूरोप को भी संदेश दिया है कि अमेरिकी जरूरत के बाद ही यूरोप की आकांक्षा है। कनाडा को लेकर ट्रंप का विवादित बयान चर्चा में है, कनाडा इसलिए भी यूक्रेन के साथ खड़ा हुआ है। अमेरिकी नीति में बदलाव के बाद कहा जा रहा है कि अस्तित्व की इस लड़ाई में, केवल यूक्रेन का ही नहीं बल्कि पूरे यूरोप का भविष्य दांव पर लगा है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा, उत्तरी यूरोपीय देशों के प्रधानमंत्रियों सहित कई नेता युद्ध की वर्षगांठ से जुड़ी बैठकों में भाग लेने और यूक्रेन को समर्थन देने पर चर्चा करेंगे। छह मार्च को ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ के 27 नेताओं की एक आपातकालीन बैठक होगी, जिसमें यूक्रेन बातचीत के एजेंडे पर शीर्ष में होगा। राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की युद्ध के प्रति अमेरिकी नजरिये में राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा किए गए बदलावों के कारण तेजी से बदलते अंतरराष्ट्रीय माहौल को देख रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने युद्ध को जल्दी खत्म करने के अपने चुनावी वादों को पूरा करने की कोशिश शुरू की है, इस कोशिश के तरीकों ने यूक्रेन और यूरोप में कई लोगों को चिंतित कर दिया है, जो मानते हैं कि उनका दृष्टिकोण समझौतावादी है। भारत ने वार्ता की हमेशा वकालत की, उस पर रूस व यूक्रेन अमल करें और युद्ध को तुरंत खत्म करें।



बैंकिंग
सतीश सिंह

यूं तो भारतीय बैंकिंग प्रणाली अभी भी मजबूत और स्थिर है। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक या पीएमसी या दूसरे बैंक में हुए घोटाले के आधार पर पूरी बैंकिंग प्रणाली को त्रुटिपूर्ण मानना गलत होगा। मौजूदा समय में बैंकिंग इंडस्ट्री जमा या डिपॉजिट की समस्या से जूझ रही है। ऐसे में अगर निवेशकों का भरोसा बैंकिंग प्रणाली पर से कम होगा तो बैंकों के लिए जमा जुटाने में और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। अब तक रिजर्व बैंक ने 27 सहकारी बैंकों को घोटालों या परिचालन में गड़बड़ी या अनियमतता के कारण अपने नियंत्रण में लिया है। रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार पिछले 2 दशकों में शहरी सहकारी बैंकों की संख्या 1,926 से घटकर 1,472 रह गई है।

# छोटे निवेशकों के भरोसे को बचाना होगा

हाल ही मुंबई के न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपये की नकदी की घटना सामने आई थी, जिसकी वजह से यह बैंक अभी गंभीर तरलता के संकट से जूझ रहा है। तदुपरांत, भारतीय रिजर्व बैंक ने स्थिति को संभालने के लिए तात्कालिक रूप से बैंक से निकासी पर रोक लगा दी, जिसके कारण ग्राहकों को अपने पैसों की निकासी में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे माहौल में ग्राहकों के मन में भय और संशय की स्थिति बनी हुई है। कुछ साल पहले पंजाब एवं महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक (पीएमसी), यस बैंक और लक्ष्मी विलास बैंक (एलवीबी) में हुए घोटाले की वजह से भी ग्राहकों को अपने पैसों की निकासी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। सहकारी बैंकों में अनियमितताओं और दिवालिया होने की घटनाएँ अब आम हो गई हैं, जिससे छोटे निवेशकों के मन में बैंकिंग प्रणाली के प्रति भरोसा कम हो रहा है। इसलिए, उनके भरोसे को अक्षुण्ण रखने के लिए केंद्र सरकार डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन एक्ट (डीआईसीजीसी) के तहत मिलने वाले मौजूदा 5 लाख रुपये के बीमा कवर को बढ़ाने पर विचार कर रही है।

मौजूदा समय में बैंकिंग इंडस्ट्री जमा या डिपॉजिट की समस्या से जूझ रही है। ऐसे में अगर निवेशकों का भरोसा बैंकिंग प्रणाली पर से कम होगा तो बैंकों के लिए जमा जुटाने में और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि सस्ती दर पर बैंक जमा में वृद्धि होने पर ही बैंक जरूरतमंदों और कारोबारियों को कर्ज देने में समर्थ हो सकेंगे, क्योंकि पूँजी की उपलब्धता रहने पर ही कारोबार में निवेश किया जा सकता है और निवेश में इजाफा होने पर आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है। डीआईसीजीसी, भारतीय रिजर्व बैंक की स्वामित्व वाली एक संस्था है, जो बैंक डिपॉजिट पर बीमा कवर मुहैया कराती है। बीमा कवर के प्रीमियम का भुगतान ग्राहक की जगह बैंक डीआईसीजीसी को करते हैं। भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं, स्थानीय क्षेत्रीय बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित सभी कॉमर्शियल बैंकों का बीमा डीआईसीजीसी द्वारा किया जाता है। मामले में बैंकों के पंजीकरण के बाद डीआईसीजीसी उन्हें बीमा का विवरण साझा करती है, ताकि ग्राहकों को बीमा के बारे में सुमुचित सूचना दी जा सके।

फिलवक्त, बैंक के बंद या दिवालिया होने पर डीआईसीजीसी ग्राहकों को 5 लाख रुपये तक की बीमित राशि का भुगतान करता है। बैंक के डूबने या बंद होने के 90 दिनों के अंदर ग्राहकों को उनके जमा पैसा का भुगतान किया जाता है। प्रभावित बैंक को 45 दिनों में डीआईसीजीसी को खाताधारकों का ब्योरा देना होता है। उसके बाद, शेष बचे हुए 45 दिनों में वह खाताधारकों को पैसे लौटाता है। यदि किसी जमाकर्ता का बैंक में 10 लाख रुपये जमा है और बैंक डूब जाता है तो जमाकर्ता को सिर्फ 5 लाख रुपये के बीमित राशि का ही भुगतान किया जायेगा और ग्राहक के 5 लाख रुपये डूब जाएंगे। ऐसे प्रावधान से निवेशक डरे हुए हैं। अस्तु, माना जा रहा है कि बीमा की राशि बढ़ाने पर निवेशक बैंकों में बीमित राशि तक पैसा जमा कराने से परहेज नहीं करेंगे और इससे बैंकों की साख में इजाफा होगा।

सहकारी बैंक का गठन एवं कार्यकलाप सहकारिता के



आधार पर होता है। विश्व के अधिकांश देशों में सहकारी बैंक हैं, जो जमा लेने और उधार देने का काम करते हैं। इनकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना और वित्तीय समावेशन की संकल्पना को साकार करना है। सामान्यतः इनकी शाखाएं एक राज्य तक सीमित होती है, लेकिन इसके अपवाद भी हैं। भारत में 4 तरह के सहकारी बैंक, पहला, प्राथमिक सहकारी साख समितियां, दूसरा केंद्रीय अथवा जिला सहकारी बैंक, तीसरा राज्य सहकारी बैंक और चौथा भूमि विकास बैंक होता है। सहकारी बैंक सहकारी साख संगठन की सर्वोच्च संस्था है। जिस प्रकार से साख समितियों का नियंत्रण जिले में अवस्थित केंद्रीय बैंक करता है, उसी प्रकार राज्य भर में फैले हुए समस्त केंद्रीय बैंकों को राज्य सहकारी बैंक संगठित करता है। इसतरह, यह बैंक राज्य भर में फैली हुई कृषि सहकारी संस्थाओं की शीर्ष संस्था है।

सहकारी बैंकों में अनियमितता या घोटाले का एक बड़ा कारण रिजर्व बैंक और रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव की दोहरी नियंत्रण व्यवस्था को माना जा रहा है। सहकारी बैंकों की स्थापना राज्य सहकारी समिति अधिनियम के अनुसार की जाती है। इनका पंजीकरण "रजिस्ट्रार ऑफ को-ऑपरेटिव सोसाइटी के पास किया जाता है, जिनका नियमन राज्य सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आंशिक रूप से किया जाता है। इस बैंक की कार्यप्रणाली में केंद्र सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। इस तरह के बैंकों पर निगरानी रखने का कार्य मुख्य तौर पर राज्य सरकार करती है, जिसके निदेशक सतारूढ़ दल के नेता होते हैं। मामले में नियामक के तौर पर रिजर्व बैंक की भूमिका सीमित होती है।

अब तक रिजर्व बैंक ने 27 सहकारी बैंकों को घोटालों या परिचालन में गड़बड़ी या अनियमतता के कारण अपने नियंत्रण में लिया है। भारतीय रिजर्व बैंक की भारत में बैंकिंग की प्रवृति और प्रगति पर रिपोर्ट के अनुसार पिछले 2 दशकों में शहरी सहकारी बैंकों की संख्या 1,926 से घटकर 1,472 रह गई है। इस तरह, वित्त वर्ष 2004-05 से लेकर अब तक 156 शहरी सहकारी बैंकों का विलय हुआ है, जिनमें 6 शहरी सहकारी बैंकों का विलय 2023 में हुआ है। बीते सालों में भारतीय रिजर्व बैंक ने कई शहरी को-ऑपरेटिव बैंकों को लाइसेंस दिये हैं, जिससे इनकी संख्या में बढ़ोतरी हुई है। हालाँकि, बाद में इनका विलय भी हुआ है, लेकिन उनकी संख्या न्यून है।

को-ऑपरेटिव गृह समितियों या आम जनता द्वारा सहकारी बैंकों में पैसा रखने के पीछे एक बड़ा कारण सहकारी बैंकों द्वारा बैंक जमा पर ज्यादा ब्याज देने की पेशकश करना है। इस वजह से निवेशक लालच में आ जाते हैं। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक और पीएमसी बैंक भी जमा पर ज्यादा ब्याज दे रहे थे, जो अन्य कई सहकारी बैंकों से भी ज्यादा थे। इसी लालच की वजह से फर्जी और पोंजी कम्पनियाँ भी देश में अरबों-खरबों का कारोबार कर रहे हैं। वैसे, भारतीय बैंकिंग प्रणाली अभी भी मजबूत और स्थिर है। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक या पीएमसी या दूसरे बैंक में हुए घोटाले के आधार पर पूरी बैंकिंग प्रणाली को त्रुटिपूर्ण मानना गलत होगा। यह सच भी है, लेकिन देश में सहकारी बैंकों के संदर्भ में निगरानी तंत्र बहुत ही कमजोर है, जिसे मजबूत बनाने की जरूरत है। साथ ही, खाताधारकों की जमा पूँजी बैंकों में सुरक्षित रहे के लिये बीमा कवर में इजाफा करने की भी जरूरत है। लिहाजा, मामले में सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक को जल्द से जल्द सुधारात्मक उपायों को मूर्त रूप देने की दिशा में अग्रत्तर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। बैंकिंग सिस्टम को दुरुस्त करना आवश्यक है।

*लेखक स्तंभकार व आर्थिक जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।*
*लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।*

## मुद्दा
प्रमोद भार्गव



# कठिन है अश्लीलता पर रोक की डगर


ऑनलाइन डिजिटल मंचों पर अष्लीलता और हिंसा दिखाए जाने पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय कानूनी रास्ते तलाश रहा है। सरकार को यह कदम इसलिए उठाना पड़ रहा है, क्योंकि यूट्यूब पर प्रसारित 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में यूट्यूबर रणवीर इलाहबादिया ने बयान नहीं की जा सकने वाली अत्यंत अशोभनीय टिप्पणियां की हैं। इस कारण उन पर अनेक राज्यों में कई एफआईआर भी दर्ज हुई हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर इस तरह की हरकतें और वार्तालाप इसलिए संभव हो जाते हैं, क्योंकि अश्लीलता को आईटी कानूनों में स्पष्ट रूप में परिभाषित अब तक नहीं किया जा सका है। नतीजतन न्यायाधीश स्वयं के विवेक और दृष्टिकोण पर निर्णय लेते हैं। ज्यादातर इस प्रकृति के निर्णय निंदा एवं चेतावनी देने तक सीमित रहते हैं, फलतः अश्लील सामग्री परोसने वाले बच निकलते हैं। रणवीर की टिप्पणियों के बाद पूरा देश गुस्से में हैं, इसलिए डिजिटल प्लेटफॉर्म अर्थात सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी की मांग उठ रही है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की संसदीय समीति ने भी चिंता जताई है कि अश्लील और हिंसक दृश्य एवं श्रव्य कार्यक्रम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने दिखाए जा रहे हैं, जो संवैधानिक अधिकार का दुरुपयोग है। अतएव इस परिप्रेक्ष्य में कठोर कानून जरूरी है।

'ओवर द टॉप' अर्थात ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फिल्म एवं वेब सीरीज पर दिखाई जा रही अश्लीलता चिंता का विषय है, अतएव इस पर नियंत्रण जरूरी है। सर्वोच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पीठ पहले भी कह चुकी है कि 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहुसंख्यक लोगों के धार्मिक स्वतंत्रता का हनन नहीं कर सकती है।' यह बात अदालत ने अमेजन प्राइम कमर्शियल की प्रमुख अपर्णा पुरोहित की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कही थी। दरअसल यह मामला तांडव वेब सीरीज से जुड़ा था। अदालत ने कहा था, 'अश्लीलता दिखाने वाले सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की जांच होनी चाहिए। इन पर नियंत्रण तो जरूरी है ही, एक बोर्ड का भी गठन किया जाए, जो इन पर नियंत्रण के उपाय सुझाए।' हालांकि अब ओटीटी पर नियंत्रण के लिए ऐसी व्यवस्था होगी, जिससे पालक अपने बच्चों के लिए ऐसी सीरीज प्रतिबंधित कर सकेंगे, जिनमें अश्लीलता परोसी जा रही है। आयु वर्ग के हिसाब से भी इन्हें बालक, किशोर एवं वयस्क श्रेणियों में बांटा जाएगा। जिससे जरूरत के हिसाब से इन पर नियमन संभव हो। हालांकि अभी तक कुछ किया नहीं जा सका है। इस बाबत दुविधा ये है कि मानव-मस्तिष्क को विकृत और दूषित करने वाली अश्लील सामग्री किसे माना जाए? क्योंकि साहित्य और कला के क्षेत्र में ऐसे हजारों पृष्ठ और कलाकृतियां एवं मूर्तियां हैं, जिन्हें अश्लीलता की परिभाषा में लाना आसान नहीं होता। मोबाइल व कंप्यूटर पर इंटरनेट की घातकता का दायरा निरंतर बढ़ रहा है। इंस्टाग्राम हो या फेसबुक या फिर गूगल ये सब विदेशी कंपनियां अकूत धन कमाने की तृष्णा में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से भारतीय बच्चों, किशोरों व युवकों को पोर्नोग्राफी के जाल में फंसाकर उनका न केवल भविष्य बर्बाद कर रहे हैं, बल्कि साइबर अपराधी बनाकर उनके पूरे जीवन पर ही कालिख पोतने का काम कर रही हैं। ये सब कंपनियां ऑनलाइन चाइल्ड सेक्स ट्रेफिकिंग को बढ़ावा दे रही हैं। इसका दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि किशोरों को अश्लील फिल्में दिखाकर बच्चे और सगे-संबंधी नाबालिग ही इनकी करतूतों का शिकार हो रहे हैं। लंदन के पास बसे शहर सोहो में इस तरह की वीडियो क्लीपिंग बनाने का धंधा खुलेआम चल रहा है।

आज सूचना तकनीक की जरूरत इस हद तक बढ़ गई है कि समाज का कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं रह गया है। भारत में इंटरनेट डेटा की खपत इसके सस्ते होने की वजह से भी बढ़ रही है। पिछले चार साल में डेटा की खपत 56 गुना बढ़ी है, वहीं दरों में कमी 99 प्रतिशत हुई है। इकोनॉमिक सर्वेक्षण के अनुसार 2016 में डेटा की दरें 200 रुपए प्रति जीबी थी, जो 2019 में घटकर 12 रुपए प्रति जीबी तक आ गई हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली एक पोर्न वेबसाइट ने बताया है कि भारत में 2018 में औसतन 8.23 मिनट पोर्न वीडियो देखे गए, वहीं 2019 में यह अवधि बढ़कर 9.51 मिनट हो गई। यह आंकड़ा सिर्फ एक वेबसाइट का है, जबकि दुनिया में पोर्न संबंधी 150 करोड़ वेब पेज सक्रिय हैं। इनमें 28 करोड़ वीडियो लिंक हैं। ये पोर्न वेबसाइट जिन 20 देषों में सबसे ज्यादा देखी गईं, उनमें भारत का स्थान तीसरा है। आज इस पर लगाम लगाने की जरूरत है।

*(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार व स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
## दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए।


# समर्पित भक्त का वास बैकुंठ में



संकलित
## प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ?

## मां गंगा




प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान संगम क्षेत्र का हवाई दृश्य।

## करंट अफेयर

# पाक सरकार करेगी मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार

पाकिस्तान सरकार ने देश में मंदिरों और गुरुद्वारों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए एक अरब पाकिस्तानी रुपये की लागत से एक 'मास्टर प्लान' तैयार किया है। यह निर्णय यहां 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' (ईटीपीबी) की बैठक में शनिवार को इसके प्रमुख सैयद अतउर रहमान की अध्यक्षता में लिया गया। रहमान ने कहा, 'मास्टर प्लान के तहत मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार कर उन्हें सजाया जाएगा और एक अरब पाकिस्तानी रुपये के बजट से विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की देखभाल पर खासा धन खर्च किया जा रहा है। रहमान ने यह भी कहा कि ईटीपीबी को इस वर्ष एक अरब रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। बैठक में देश भर से हिंदू और सिख समुदायों के सदस्यों के साथ-साथ सरकारी और गैर-सरकारी सदस्यों ने भाग लिया। ईटीपीबी विकास योजना में संशोधन की आवश्यकता के बारे में अपनी बात रख रहे बोर्ड सचिव फरीद इकबाल ने सदस्यों को बताया कि विभाग की आय बढ़ाने के उद्देश्य से योजना में बदलाव करने के बाद अब ट्रस्ट की संपत्तियों को विकास के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है।



## ऑफ बीट

# पहले गठिया सिर्फ अमीरों की बीमारी थी; अब आम

गठिया 'क्रिस्टल आर्थ्रोपेथी' समूह का एक रोग है, जो जोड़ों और मुलायम ऊतकों में 'क्रिस्टल' जमने के कारण होता है। गठिया तब विकसित होता है, जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है और यह जोड़ों में पहुंचकर सुई-नुमा 'क्रिस्टल' का रूप अख्तियार कर लेता है, जिससे तीव्र दर्द और सूजन की शिकायत सताती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे से शुरू होता है और इसमें त्वचा पर हल्का-सा स्पर्श भी अक्सर असहनीय लगता है। गठिया के कुछ मरीज अपने पैर के ऊपर एक विशेष पिंजरा रखकर सोते हैं, जिससे चादर सीधे उनके पैर पर नहीं पड़ती, क्योंकि वे प्रभावित जोड़ों पर चादर का भार भी सहन करने की स्थिति में नहीं होते। गठिया अन्य जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह 'टोफी' (नरम ऊतकों या जोड़ों के पास की हड्डियों में मोनोसोडियम यूरेट का पत्थर जैसा जमाव) विकसित होने का कारण बन सकता है। गठिया का निदान असहनीय दर्द, प्रभावित जोड़ों में और उनके आसपास सूजन तथा लालिमा जैसे आम लक्षणों पर आधारित है। सूजे हुए जोड़ से लिए गए तरल पदार्थ की माइक्रोस्कोप से जांच किए जाने के दौरान 'क्रिस्टल' दिखाई दे सकते हैं।



## ट्रेंड

### महिला शांति रक्षक बढ़े

संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में अधिक संख्या में महिलाओं को शामिल करना जरूरी है क्योंकि वे लैंगिक हिंसा से निपटने, विश्वास कायम करने और संवाद को बढ़ावा देने में ज्यादा सक्षम होती हैं। महिला शांति रक्षकों की स्थानीय समुदायों तक बेहतर पहुंच होती है। **-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**



### अभियान से मैं खुश हूं

मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मोटापे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान से जुड़कर बहुत खुश हूं। मोटापे के कारण हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह, पक्षाघात और सांस लेने की समस्या जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं **-उमर अब्दुल्ला, सीएम, जेएंडके**



### प्रधानमंत्री का आभार

मैं प्रधानमंत्री का आभार जताता हूं कि उन्होंने देश को बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोटापा के खिलाफ प्रभावशाली जागरूकता अभियान शुरू किया है। मैं इस महत्वपूर्ण संदेश को फैलाने के लिए नामित किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। **-आर माधवन, अभिनेता**



### बचने की संभावना कम

दो दिन पहले श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के निर्माणाधीन खंड के आंशिक रूप से ढहने के बाद उसमें फंस गए आठ लोगों के बचने की संभावना अब "बहुत कम" है, हालांकि उन तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। **-जुपल्ली कृष्ण राव, मंत्री तेलंगाना**



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### वार्ड प्रीमियर लीग में वार्ड 5 विजयी रही

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में 15 वार्डों का मैच हुआ, जिसमें वार्ड 5 की खटीक ब्रदर्स टीम ने फाइनल मुकबला जीता। कैप्टन अमित खटीक के नेतृत्व में उत्तरी 11 सदस्यों की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। नगर के सभी वरिष्ठों ने व्यापार महासंघ उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू, सुमित पचौरी, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, कमल मालवीय, दुर्गेश यादव, कमलेश लोधी, मनीष गोशिंदे, पंकज नागरानी आदि सभी टीम के खिलाड़ियों एवं कप्तान अमित खटीक का फूल माला पहनकर सम्मान किया।



### विधायक पटवा एवं नपा अध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र

**मंडीदीप।** महाराजा अजयपाल सामाज कल्याण संगठन के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा सोमवार को विधायक सुरेन्द्र पटवा एवं मंडीदीप नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल को एक सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। समाज अध्यक्ष सुनील पाल द्वारा बताया कि चक्रवती सम्राट महाराजा अजयपाल के नाम से वार्ड 3 नए बस स्टेंड पर स्वागत द्वार बनाया जाए एवं द्वार का नाम चक्रवर्ती सम्राट महाराजा अजयपाल रखा जाए। इस अवसर पर नगर पालिका प्रतिनिधि राजेन्द्र अग्रवाल, बद्री सिंह चौहान, जीवन सिंह पाल, गेंदा लाल पाल, प्रताप सिंह पाल, डॉ. दीपेंद्र सिंह पाल सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा के प्रकाश ने त्रिवेणी में लगाई डुबकी



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री प्रकाश पटेल प्रयागराज महाकुंभ त्रिवेणी संगम में स्नान किया और भोजपुर क्षेत्र के लिए सुख शांति और विकास के लिए प्रार्थना की।

### कांग्रेस में अनिल को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

**औबेदुल्लागंज।** नगर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल प्रजापति को कांग्रेस में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। अनिल प्रजापति सबसे ज्यादा सक्रिय और कांग्रेस के वफादार हैं। उनकी साफ-सुथरी छवि है। उनका अर्जुन नगर में अच्छा प्रभाव है। आने वाले नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष का चुनाव लड़ने में भी सक्षम है।



### वीर सावरकर में सात दिवसीय वार्षिक उत्सव शुरू



**औबेदुल्लागंज।** वीर सावरकर शा. महाविद्यालय में सात दिवसीय वार्षिक उत्सव का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता, पेपर क्राफ्ट प्रतियोगिता एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर, दीपू परमार, प्रभारी प्राचार्य राकेश सक्सेना, प्रोफेसर और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 447 | 57 | 269 |
| रात: | 290 | 13 | 166 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 579 | 11 | 128 |
| रात: | 300 | 36 | 880 |

# आयकर विभाग की टीम ने सेंट्रल जेल पहुंचकर 5 घंटे तक सौरभ शर्मा से की पूछताछ, आज आएगी शरद की बारी

### सौरभ से गोल्ड और कैश से भरी कार के अलावा उसकी डायरी में दर्ज नामों को लेकर किए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकायुक्त, आयकर और ईडी के छापों में करोड़ों की संपत्ति और गोल्ड एवं कैश से भरी कार को लेकर आयकर विभाग ने सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल से अपनी पूछताछ शुरू कर दी है। सोमवार को आयकर विभाग की टीम दोपहर सवा तीन बजे सेंट्रल जेल पहुंची।

छह अफसरों की टीम ने जेल प्रशासन को कोर्ट आदेश की कॉपी दी और जेल में बंद सौरभ से पूछताछ शुरू की। इस दौरान आयकर की टीम ने सबसे पहले सौरभ से उस कार के बारे में सवाल किए, जो 19 और 20 दिसंबर की दरम्यानी रात पुलिस के साथ मिलकर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने बरामद की थी। इसमें बरामद 10 करोड़ की नकदी और 50 किलो सोने के संबंध में सवाल किए गए जिसका सौरभ ने एक सा जवाब दिया कि न तो कार मेरी है और न ही इसमें रखी रकम और सोने से मेरा कोई लेना-देना है। सौरभ से 5 घंटे तक पूछताछ हुई।

**लोकायुक्त और ईडी की तरह, आयकर को भी दिया एक सा जवाब, कहा कार में मिला गोल्ड-कैश मेरा नहीं**



#### कोर्ट आदेश के दो दिन बाद जेल पहुंची टीम

आयकर विभाग को शुक्रवार को कोर्ट ने सौरभ, चेतन और शरद से जेल जाकर पूछताछ करने की अनुमति दी थी। इसके बाद शनिवार और रविवार को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम सेंट्रल जेल नहीं गई थी, जबकि कोर्ट में आयकर विभाग ने 20 दिनों तक पूछताछ का आवेदन दिया था। सौरभ से गोल्ड और कैश से भरी कार के अलावा उसकी डायरी में दर्ज नामों और उनके सामने लिखी रकम के बारे में भी सवाल किए गए। हालांकि फिलहाल आयकर विभाग इस पूछताछ के संबंध में किसी भी तरह की जानकारी देने को तैयार नहीं है।

#### पहले दिन सौरभ से हुए सवाल

आयकर के छापे के बाद शरद जायसवाल फरार हो गया था, जबकि सौरभ छापों के पहले ही दुबई भाग चुका था। इस अवधि में आयकर विभाग लगातार दोनों को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाता रहा। अब इनके हिरासत में आने के बाद आयकर विभाग को पहली बार मौका मिला, जब सौरभ शर्मा से सवाल किए गए। पहले दिन उससे पांच घंटे पूछताछ की गई। अब शरद और चेतन से पूछताछ बाकी है जो मंगलवार को होने की संभावना है। इसके अलावा इन तीनों को आमने-सामने बिठाकर भी सवाल किए जाएंगे। छापों के बाद तीसरे आरोपी चेतन को आयकर विभाग ने समन देकर बुलाया था और अपने दफ्तर में कई बार पूछताछ की थी।

#### शैल कंपनियों और बैंक ट्रांजेक्शन के संबंध में की पूछताछ

अब इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को तीनों के नाम पर बनीं शैल कंपनियों, बैंक खातों से हुए भारी-भरकम ट्रांजेक्शन, हर महीने मिलने वाले करोड़ों रुपए की मनी ट्रेल और बनाई हुई बेनामी संपत्ति में निवेश करने वालों के नाम भी पता लगाने हैं। चेतन के मोबाइल से इनकम टैक्स की टीम को करोड़ों के इंटरनल फंड ट्रांसफर के सबूत भी मिले हैं, जिसके बारे में आयकर की टीम को आगे और पूछताछ करनी है।

### बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम करणपुरा में हुआ दर्दनाक हादसा

# सड़क पार कर रही 11वीं की छात्रा को डंपर ने मारी टक्कर, सिर के ऊपर से गुजरा पहिया

**हादसे के बाद डंपर छोड़कर भागा ड्राइवर, परिजन ने किया हंगामा, पुलिस बल पहुंचा, दी समझाइश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम करणपुरा में कॉपी किताब खरीदने गई 11वीं कक्षा की छात्रा को डंपर ने कुचल दिया। घटना रविवार शाम करीब चार बजे के आसपास की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार निशि ठाकुर पिता पप्पूसिंह ठाकुर (17) ग्राम गांगापुरा थाना बैरसिया में रहती थी और ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ती थी। उसकी 25 फरवरी से परीक्षा शुरू होनी थी। रविवार शाम को अपने चाचा विशाल ठाकुर के साथ ग्राम करणपुरा गई थी। वहां स्टेशनरी से किताब कॉपी खरीदी और सड़क पार करने लगी, तभी डंपर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर गिर गई थी। डंपर का पहिया उसके सिर से गुजरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

#### डंपर में तोड़फोड़ का प्रयास

हादसे की जानकारी मिलते ही गांगापुरा से निशि के परिजन पहुंच गए थे। परिजन ने सड़क पर जमकर हंगामा किया और डंपर में तोड़फोड़ का प्रयास करने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम भी पहुंच गई थी। पुलिस ने परिजन को समझाइश दी तब जाकर उनका गुस्सा शांत हो सका। पुलिस ने बताया कि डंपर वीआरएस कंपनी का है। कंपनी को बायपास पर सड़क निर्माण का काम मिला है। निर्माण के लिए वह मुरम लेकर आया था।

### गुम हुआ मोबाइल तलाश कर रहे सगे भाइयों को अज्ञात कार ने मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान के पास रविवार-सोमवार की दरमियानी रात तेज रफ्तार अज्ञात कार ने सड़क पार कर रहे दो भाइयों को चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों को गंभीर चोट आई थी। उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान सोमवार दोपहर एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरे भाई की हालत नाजुक होने के कारण उसका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद कार का चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से ग्राम बरतलई तहसील बटियागढ़ अंकित सेन पुत्र प्रीतम सेन (21) यहां चार इमली में सर्वेट क्वार्टर में रिश्तेदार के घर रहता था और बिट्टन मार्केट में सब्जी की दुकान में काम करता था। शनिवार देर रात अंकित के भाई भागीरथ सेन का मोबाइल बिट्टन मार्केट में कहीं गिर गया। दोनों भाई मोबाइल तलाश करने लगे। रात करीब 2 बजे दोनों भाई ने मोबाइल तलाश लिया और बिट्टन मार्केट से चार ईमली स्थित घर की तरफ जाने लगी। इसी दौरान बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान के सामने सड़क पार करते समय रविशंकर नगर की ओर से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए दोनों भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अंकित सेन के सिर व जांघ के अलावा शरीर में अंदरूनी चोटें आई थीं, जबकि भागीरथ भी बुरी तरह जख्मी हो गया। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को गंभीर हालत में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान सोमवार को अंकित सेन की मौत हो गई, जबकि भागीरथ की हालत गंभीर है। उसका इमरजेंसी वार्ड में इलाज चल रहा है। घायल ने अपने बयान में बताया कि वह कार का नंबर नहीं देख सके थे।

**बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान के पास सड़क पार करते समय हुआ हादसा**

### गौतम नगर में युवक की सिर कुचलकर हत्या

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित बैरसिया रोड के चिनार कांप्लेक्स में अज्ञात हत्यारे ने एक युवक का सिर पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। घटना रविवार रात की बताई जा रही है। सोमवार तड़के पुलिस को सूचना मिली थी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कांप्लेक्स में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए तो पता चला कि अधिकतर सीसीटीवी कैमरे खराब हैं। पुलिस ने अज्ञात हत्यारे पर हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मूलतः विदिशा निवासी वसीम पिता नसीर खान (38) चिनार कांप्लेक्स के पास दुकानों के सामने रहता था और कबाड़ा बीनकर अपना गुजारा करता था। उसके साथ कबाड़ा बीनने वाले ने सोमवार तड़के पुलिस को सूचना दी कि वसीम की लाश चिना कांप्लेक्स में पड़ी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद लाश पीएम के लिए भेज दी।

#### नशे का आदी था मृतक

पुलिस ने वसीम के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह नशे का आदी था। अनुमान है कि नशे में उससे किसी का विवाद हुआ था। विवाद का बदला लेने उसकी सिर कुचलकर हत्या की गई है। घटनास्थल से पुलिस ने एक खून से सना पत्थर भी जब्त किया है।



### भाजपा के वरिष्ठ नेता पचौरी ने प्रधानमंत्री मोदी का विमानतल पर किया स्वागत-अभिनंदन

**औबेदुल्लागंज।** ढाबा संघ अध्यक्ष एवं भाजपा नेता देवेंद्र सिंह राजू ने बताया कि राजकीय विमानतल भोपाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत-अभिनंदन किया और उन्हें आत्मीय विदाई दी। पचौरी ने कहा कि मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री के आगमन से निश्चित ही विकास यात्रा को नई ऊर्जा मिलेगी।

### महिला ने जहर खा कर की आत्महत्या

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित होली फैमिली स्कूल के पास झुग्गीस्ती में रहने वाली 48 साल की महिला ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। शनिवार रात बेहोशी की हालत में उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृत्युपूर्व बयान नहीं होने के कारण फिलहाल कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया था। परिजन शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए बारा राजस्थान के लिए रवाना हो गए थे। पुलिस के मुताबिक होली फैमिली स्कूल के पास झुग्गीबस्ती गांधी नगर निवासी सादिकन बी पत्नी शौकत खान (48) ने शनिवार रात घर में रखा जहरीला पदार्थ पी लिया था।

### शराब विनष्टीकरण के घोटाले की शिकायत पहुंची ईओडब्ल्यू

**भोपाल।** शराब विनष्टीकरण के नाम पर राजस्व नुकसान पहुंचाने और करोड़ों का घोटाला कर गबन करने के मामले से जुड़ी एक शिकायत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ मुख्यालय भोपाल में की गई है। शिकायतकर्ता पंकज भदौरिया ने शराब विनष्टीकरण की प्रक्रिया पर ही सवाल उठाए है। ईओडब्ल्यू में की गई शिकायत में उल्लेख है कि आबकारी विभाग के अफसरों ने शराब विनष्टीकरण की आड़ में मिलकर 13 करोड़ का घोटाला किया है। दरसल पूरा मामला आबकारी विभाग जिला रायसेन ने 55 हजार पेटी यानी करीब 50 ट्रक बियर के विनष्टीकरण से जुड़ा है।

### संतनगर के उमापति महादेव मंदिर में आज से शुरू होंगे धार्मिक आयोजन

**संतनगर।** संत हिरदाराम नगर में स्टेशन रोड स्थित उमापति महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। शिव मंडली व मंदिर के मुख्य सेवाधारी चन्द्र कुमार रामचंदानी, हीरो केसवानी ने बताया कि मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

विगत 60 वर्षों से मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व बडे ही धूमधाम से मनाया जाता है। मंगलवार शाम 6 बजे मेले का उदघाटन क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा, संत हिरदाराम के परम शिष्य हीरो ज्ञानचंदानी व पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी व शिव भक्त करेंगे। इसके बाद रात्रि 9 बजे से अजमेर के भगत ढोलण शर्मा व पवन एंड पार्टी, लखनऊ वालो की भगत आयोजित की जाएगी। 26 फरवरी बुधवार को महाशिवरात्रि के दिन प्रातः 5 से 6 बजे तक शिव अभिषेक, 6 से 10: 30 बजे तक हवन का कार्यक्रम, 11 से दोपहर 2 बजे तक आम भंडारा आयोजित किया जाएगा। इसके बाद भगत का कार्यक्रम होगा, जो देर रात्रि में मेले के पल्लव के साथ सम्पन्न होगा।



### नेशनल स्पेल बी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बाजी मारी

**संतनगर।** विन नेशनल स्पेल बी, स्कूल लेवल कॉम्पिटिशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा केजी 2 के कुल 176 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें तीन विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। जिन्हें नेशनल स्पेल बी की कोऑर्डिनेटर संगीता माहेश्वरी द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर स्कूल निदेशक भगवान दामानी एवं प्रधानाध्यापिका मिष्टी वासवानी उपस्थित थीं। प्रथम पुरस्कार कक्षा केजी 2B के जयेश जगवानी, द्वितीय पुरस्कार कक्षा केजी 2D की प्रियल लालवानी एवं तृतीय पुरस्कार कक्षा केजी 2C की आलिया पथरोड को दिए गए। स्कूल परिवार द्वारा इन विद्यार्थियों के अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## दुकान के सामने विवाद करने से मना किया तो पिता और पुत्र पर तलवार से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सुभाष कॉलोनी दुकान के सामने विवाद कर युवकों को रोकना पिता पुत्र को महंगा पड़ गया। इस बात से नाराज युवकों ने पिता पुत्र से मारपीट करते हुए तलवार से हमला कर दिया। घटना रविवार शाम 6 के आसपास की है। पुलिस ने हमलवारों पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू करती है। इधर तलवार से हमला होने के कारण पिता पुत्र को गंभीर चोट आई है उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।पुलिस के अनुसार सुभाष कॉलोनी निवासी 66 साल के मदन मोहन शर्मा की घर के सामने पांच दुकानें हैं। इन दुकानों में एक टीवी रिपेयरिंग की भी दुकान है।

रविवार शाम उनकी दुकान के सामने आरिफ और उसके साथी आपस में विवाद कर रहे थे। विवाद बढ़ने पर वह एक दूसरे पर पथराव करने लगे। पथराव में कुछ पत्थर दुकान पर आकर लगने लगे। इस पर मदन मोहन के बेटे राकेश शर्मा ने उन्हें आपस में नहीं लड़ने का कहा। समझाइए देने पर आरिफ और उसके साथ मौजूद अमन ने राकेश के साथ गालीगलोज की और वहां से चले गए। करीब 15-20 मिनट बाद आरोपी एक बार फिर राकेश की दुकान के सामने पहुंचे और गालीगालोज करने लगे। विवाद होता देख मदन मोहन और उनका परिवार दुकान के पास पहुंच गया। इस दौरान आरोपियों ने मदन मोहन शर्मा और राकेश शर्मा के साथ मारपीट करते हुए तलवार से हमला कर दिया। तलवार लगने से मदन मोहन की अंगुलिया कट गई। जबकि राकेश को सिर में वह हाथ में तलवार से चोट लगी है। पिता और भाई के साथ मारपीट होती देख सनी शर्मा भी पहुंचा था जिसे भी सिर वा हाथ में तलवार से चोट आई है।



### महाशिवरात्रि पर निकलेगी शिव बारात तैयारियां जोरों पर

**औबेदुल्लागंज।** महाशिवरात्रि पर्व मनाने के लिए तामोट के शिव मंदिर, बिजली दफ्तर, रेलवे कॉलोनी, जनपद पंचायत दफ्तर के शिव मंदिर, खेड़ापति मंदिर हिरानिया, मैन रोड श्री राम मंदिर, अर्जुन नगर के शिव मंदिर और चौहान ढाबे के शिव मंदिर में तैयारियां जोरों पर चल रही है।

वहीं पदम चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, वचन लोधी, भोजपुर नारी शक्ति की आरती यादव, डॉ. सुनील गुप्ता, अनिल प्रजापति, महेंद्र चौहान, कांता अग्रवाल, अरुण भावसार, रवि राय, इंग्लिश यादव आदि ने बताया कि महाशिवरात्रि पर भव्य शिव बारात निकलीं जाएगी और फलाहारी भंडारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

**36,668 रुपए मंडी शुल्क वसूल कर वाहन को छोड़ा**

# मंडी क्षेत्र में अवैध परिवहन करते 152.25 क्विंटल सोयाबीन से भरा ट्रक मंडी उड़नदस्ते ने पकड़ा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड, आंचलिक कार्यालय के संयुक्त संचालक रितु चौहान के निर्देश पर मंडी समिति भोपाल के सचिव प्रवीण वर्मा के द्वारा अवैध व्यापार और परिवहन पर नियंत्रण के लिए गठित उड़नदस्ता दल द्वारा सोमवार को मंडी क्षेत्र में अवैध परिवहन करते हुए सोयाबीन से भरा एक ट्रक को पकड़ा।

जानकारी के अनुसार मंडी उड़नदस्ते द्वारा पकड़े गए वाहन क्रमांक -एमपी09 एचएफ 290 में अधिसूचित कृषि उपज सोयाबीन 152.25 क्विंटल लदा हुआ था, जिसकी कीमत 6 लाख 9 हजार रुपए थी। वाहन में लदा यह सोयाबीन फर्म राहुल कुमार राजेंद्र कुमार ब्यावरा राजगढ़ से बिना अनुज्ञा पत्र के भोपाल विक्रय के लिए लाया जा रहा था। निरीक्षण दल को वाहन चालक उद्यम सिंह ब्यावरा के पास अनुज्ञा पत्र नहीं मिलने पर पंचनामा बनाकर सोयाबीन को जब्त किया गया।



#### मंडी अधिनियम के तहत की कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि उड़नदस्ते में शामिल आरपी गुप्ता, मंडी निरीक्षक, जीवन सिंह राजपूत, सहायक उप निरीक्षक, मुकेश कीर ने उक्त अवैध परिवहन करते हुए वाहन को पकड़ा और मंडी कार्यालय लाए। उक्त उड़नदस्ते की टीम ने मंडी अधिनियम की धारा 19(4) के तहत कार्रवाई करते हुए पांच गुना मंडी शुल्क 30450 रुपए और मंडी अधिनियम की धारा 53 के तहत समझौता शुल्क 5000 रुपए रसीद क्रमांक 5561/53 से 35450 रुपए एवं निराश्रित शुल्क 1218 रुपए रसीद क्रमांक 4956/25 सहित कुल 36668 रुपए की मंडी शुल्क की वसूली कर मंडी कार्यालय में जमा कराई और वाहन को मुक्त किया।

# कचरा फेंकने गई महिला से की मारपीट, नुकीली लकड़ी गर्दन, पेट, सीने में घोंपी, हालत नाजुक

**50 क्वार्टर इलाके में महिला के घर से कुछ दूरी पर हुई वारदात, अज्ञात आरोपी फरार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित 50 क्वार्टर में घर से कुछ दूरी पर रविवार शाम नाले में कचरा फेंकने गई महिला से अज्ञात आरोपी द्वारा मारपीट कर नुकीली लकड़ी से जानलेवा हमला करने का मामला आया है। नुकीली लकड़ी गर्दन, पेट और सीने में लगने से उसे गंभीर चोट आई है। उसका एम्स में इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात हमलावर पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मंदिर के पास 50 क्वार्टर पिपलानी निवासी मीरा देवी पत्नी सुनील कुमार (27) गृहणी हैं, जबकि पति एम्स में माली का काम करता है। रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे मीरा घर के पीछे नाले में कचरा फेंकने गई थीं। नाले के पास 30-35 साल का एक युवक बैठा नजर आया। उसने मीरा को देखकर कुछ कहा। मीरा ने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया, पर उसकी नजर युवक पर पड़ी और उसने घर के पीछे न बैठने की बात कही। इस पर वह भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। मीरा ने गाली देने से मना किया तो वह मीरा को नाले में पटक दिया और लात घूंसों से मारपीट कर दी। इसी बीच वहां पड़ी नुकीली लकड़ी से मीरा के गले, पेट और सीने पर हमला कर दिया। मीरा की चीख सुनकर पति व पड़ोसी जबतक पहुंचे, तो आरोपी वहां से भाग चुका था।

#### इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है इलाज

मीरा के पति सुनील कुमार का कहना है कि मीरा को गंभीर चोट है और वह घबराई हुई भी है। पूरी तरह होश में नहीं होने के कारण कुछ कह नहीं है, लेकिन उसने यह जरूर बताया था कि वह आरोपी का चेहरा देखकर उसे पहचान लेगी। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी नीले रंग की जैकेट व सफेद जींस पहने हुए था। वह लंगड़ाकर दौड़ रहा था।

# निश्छल भाव से की गई कामना को गंगा मैया जरूर सुनती हैं

**प्रयागराज महाकुंभ में रोजाना लाखों लोग लगा रहे डुबकी, यहां भक्ति की गूंज सम्पूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त हो रही है**

सर्वसिद्धिप्रदः कुंभ
महाकुंभ के अनुभव

**भोपाल।** दो दिन बाद महाशिवरात्रि के अवसर शाही स्नान के साथ ही प्रयागराज महाकुंभ का भी समापन हो जाएगा। इन दो दिनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ स्नान में शामिल होने पहुंच रहे है। तो वहीं लाखों की संख्या में राजधानी सहित प्रदेश के श्रद्धालु पुनीत पवान मां गंगा में स्नान करके आए हैं। ऐसी ही कुछ लोगों से हरिभूमि ने बातचीत कर उनके अनुभव जाने। श्रद्धालुओं ने महाकुंभ स्नान को अद्भुत बताते हुए। वहां के इंतजाम के बारे में बताया।

## महाकुंभ में अमृत स्नान कर पुण्य लाभ लिया मध्यप्रदेश की खुशहाली की कामना की

प्रयागराज के महाकुंभ में सुबह साथियों के साथ गंगा स्नान किया। महाकुंभ हिंदू आस्था का अद्वितीय प्रतीक है, जहाँ लाखों श्रद्धालु एक साथ पवित्र गंगा में डुबकी लगाकर मां गंगा से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मैंने और मेरे साथी विधायक हेमंत कटारे, सचिन यादव ने भी माँ गंगा से देश और मध्यप्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। यह अनुभव न केवल आस्था का, बल्कि आत्मा के शुद्धिकरण का है। हम सभी ने गंगा मैया से अपने क्षेत्रों के साथ मप्र के विकास और समृद्धि की कामना की। साथ ही यह भी कहा कि मप्र को घोटालों और घोटाले करने वालों से मुक्ति दिलाए। हम सभी को उम्मीद है कि निश्छल भाव से की गई हमारी कामना गंगा मैया जरूर सुनेगी।



**उमंग सिंघार**
**नेता प्रतिपक्ष मप्र विधानसभा**

## महाकुंभ में आस्था, अध्यात्म और एकता का महासंगम हो रहा है

प्रयागराज में चल रहे दिव्य व अलौकिक महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में सनातन की धारा में पावन डुबकी लगाकर अध्यात्म और आस्था के संगम का अनुभव कर अभिभूत हूं। महाकुंभ भारत की संस्कृति का केंद्र है, जहां आस्था, अध्यात्म और एकता का महासंगम हो रहा है। जहां श्रद्धा की लहरें और भक्ति की गूंज सम्पूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त हो रही है। मेरी प्रार्थना है कि महाकुंभ के प्रभाव से समस्त विश्व का कल्याण हो, भारत देश विश्व में नए आयाम स्थापित करे एवं छिंदवाड़ा-पांढुरना वासियों पर ईश्वर की कृपा बनी रहे।



**नकुलनाथ**
**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता**

## महाकुंभ स्नान कर जो खुशी की अनुभूति हुई वह शब्दों में वर्णन नहीं की जा सकती

महाकुंभ स्नान कर जो खुशी की अनुभूति हुई। वह शब्दों में वर्णन नहीं की जा सकती है। मैं परिजनों के साथ संगम घाट पर मां गंगा में पुण्य डुबकी लगाई। त्रिवेणी स्नान के बाद ने पूजन-अर्चना की। महाकुंभ में हमारा स्नान अनुभव अविस्मरणीय रहा , हम महाकुंभ के पहले हफ़्ते में ही प्रयागराज गए थे । प्रयागराज में स्वच्छता और सुरक्षा की बेहतरीन व्यवस्था देखने को मिली। सुरक्षा बल और सफाई कर्मी पूरी निष्ठा से सेवा में लगे रहे, जिससे श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित और सुगम वातावरण मिला। संगम में डुबकी लगाते ही मन में अद्भुत शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। चारों ओर भक्तों की आस्था की अनुपम छटा बिखरी हुई थी।



**इंदु दुबे, गृहिणी**



## नवजोत प्रदेश अध्यक्ष तो चंद्रकांत बने प्रदेश महामंत्री

**भोपाल।** ठेंगड़ी भवन में स्टेट फार्मासिस्ट एसोसिएशन मप्र की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक नवीन प्रदेश कार्यकारिणी के साथ कई महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय लिए गए। बैठक में आए प्रदेश पदाधिकारियों एवं फार्मासिस्टों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नवजोत सिंह कुशवाह को प्रदेश अध्यक्ष एवं चंद्रकांत को प्रदेश महामंत्री चुना गया है। वहीं राजकुमार गौतम को प्रदेश संगठन महामंत्री, हरेंद्र सिंह गुर्जर को प्रदेश उपाध्यक्ष, नितिन साहू एवं चंद्रशेखर बघेल को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। बैठक कई संगठनात्मक निर्णयों के साथ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिसमें वार्षिक सदस्यता शुल्क में संशोधन कर एसोसिएशन द्वारा प्रत्येक फार्मासिस्ट से 1 रुपए प्रतिदिवस के हिसाब से 365 रुपए वार्षिक सदस्यता शुल्क तय की गई है सदस्यता अभियान की अवधि 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक निर्धारित की गई है।

### ट्रेन से कटकर दी जान, पत्नी बोली टेंशन में नहीं खा रहे थे खाना

## तीन बेटियों के बुजुर्ग पिता ने दुकान टूटने के बाद मकान टूटने की दहशत में की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेलवे की चौथी लाइन और सुभाष नगर ब्रिज की थर्ड लेयर के लिए सुभाष नगर स्थित मोती नगर की दुकान और मकान हटाने को लेकर रहवासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। सोमवार को तीन बेटियों के बुजुर्ग पिता ने दुकान टूटने के बाद मकान टूटने की दहशत में ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली, मृतक नसीर कुरैशी की उम्र 65 वर्ष बताई जा रही है।

ऐशबाग पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसा और खुदकुशी दोनों ही एंगल से जांच कर रही है। मृतक की 60 वर्षीय पत्नी जरीना बी का कहना है कि मेरे शौहर दोबारा से मिले नोटिस के बाद टेंशन में थे। हालांकि उनसे बार-बार कहा जा रहा था कि यहां रहने वाले परिवारों का जो होगा, वहीं हमारा भी हो जाएगा। तीन बेटियों की शादी कर दी है, अब मेरा कोई सहारा नहीं बचा।



**मोती नगर के 384 रहवासियों का विस्थापन नहीं होने से बेघर होने का डर**

**कांग्रेस नेता शुक्ला ने दी 10 हजार की सहायता**

बुजुर्ग की मृत्यु की खबर लगते ही कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उनको सांत्वना दी और 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की। उन्होंने चेतावनी दी कि मोतीनगर बस्ती के विस्थापन की उचित व्यवस्था करें, नहीं तो अगले 3 दिन में मोतीनगर रहवासियों के साथ दुकान के बदले दुकान और मकान के बदले मकान की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे।

**जीआईएस के बाद हटेंगे मकान**

एसडीएम एमपी नगर यहां के परिवारों को हटने के लिए चार बार नोटिस दे चुके हैं। कुछ समय पहले भी टीम नोटिस लेकर पहुंची थी, जिसे रहवासियों ने लेने से इंकार कर दिया था, जिसके बाद रहवासी कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे। हालांकि कलेक्टर ने रहवासियों को बोर्ड परीक्षाओं के खत्म होने तक दो महीने की मोहलत देने का आश्वासन दिया है।

**रहवासियों को सता रही परिवार की चिंता**

*रहवासी मोहम्मद शानू का कहना है कि पूरी बस्ती में दहशत का माहौल है। लोगों को अपनी और अपने परिवार की चिंता सता रही है। मजदूर नसीर कुरैशी ने जो आत्महत्या की है, वह यही दहशत का परिणाम है।*

**विस्थापन में आनाकानी कर रहे अफसर**

*राजधानी में भदभदा बस्ती के साथ जहां भी झुग्गीवासियों को सरकारी जमीन से हटाया गया है, उनके सहायता राशि देने के साथ मकान बनाने के लिए जगह भी दी जाती है, लेकिन मोती नगर के 384 रहवासियों को बेघर करने की तैयारी चल रही है। एमपी नगर एसडीएम लक्ष्मीकांत खरे रहवासियों से कई बार कह चुके हैं, कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों को घर नहीं दिया जाएगा। हालांकि कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने पिछले दिनों रहवासियों को जगह देने का आश्वासन दिया था।*



**अभियान चलाकर रोजाना पकड़े जाएंगे स्ट्रीट डॉग**

## चार इमली में धरपकड़ करने पहुंचा निगम अमला, दो स्ट्रीट डॉग पकड़े

**हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था मुद्दा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। इधर, शहर में स्ट्रीट डॉग को पकड़ने की कार्रवाई कागजों तक सीमित है, जबकि बीते एक वर्ष में स्ट्रीट डॉग ने 500 से अधिक लोगों पर हमला किया है, इनमें दो मासूमों की मृत्यु भी हो चुकी है।

सोमवार को नगर निगम की टीम ने चार इमली क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग को पकड़ने का अभियान चलाया, जिसमें एफ सेक्टर एरिया में पार्क के पास से दो स्ट्रीट डॉग को पकड़ा। नगर निगम के अफसरों का कहना है कि स्ट्रीट डॉग को पकड़ने की योजना बनी थी, जिसके तहत क्षेत्र में रोजाना स्ट्रीट डॉग की धरपकड़ की जाएगी। इधर स्ट्रीट डॉग की नस्ल को कंट्रोल करने और शहर में स्ट्रीट डॉग को पकड़ने से लेकर, नसबंदी और लोगों के इलाज पर हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं। वर्तमान में शहर में करीब डेढ़ लाख से ज्यादा स्ट्रीट डॉग हैं। इनकी नसबंदी में सालाना करीब 2 से 2.5 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। बीते आठ वर्षों में हुए खर्च की बात करें तो 8 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च हो चुके हैं।

**जल्द ही स्ट्रीट डॉग से मुक्त होगा क्षेत्र**

नगर निगम स्ट्रीट डॉग को पकड़ने के लिए अभियान चला रहा है। सभी स्ट्रीट डॉग की नसबंदी की जाएगी। जल्द ही क्षेत्र को स्ट्रीट डॉग मुक्त कर दिया जाएगा।

**राजीव सक्सेना,** प्रभारी डॉग स्क्वाड, चार इमली

**नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, अरब सागर से आ रही नमी**

## ठंडी हवा, बादलों से दिन में पारा गिरा, रात में 3 डिग्री की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सोमवार को सुबह से ही हवाएं बदली रहीं। दोपहर के समय हल्के बादलों के आने-जाने से दिन का पारा 2 डिग्री गिर गया। रात के तापमान में करीब 3 डिग्री की वृद्धि रही। हवा में नमी आने से मंगलवार को भी शहर सहित कुछ जिलों में हल्के बादलों का आना-जाना रहेगा, जिससे तापमान में बदलाव रहेगा। अभी अरब सागर से नमी आने के कारण मौसम में ऐसा बदलाव हो रहा है, जो दो दिन जारी रहेगा। इसके बाद दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है।



**दोपहर में छाए हल्के बादल, हवाओं में घुली ठंडक**

सोमवार को दिन का पारा 1.9 डिग्री गिरकर 28.8 डिग्री पर रहा, जो सामान्य से 1.2 डिग्री कम है। रात के तापमान में 2.8 डिग्री की वृद्धि के बाद 14.2 डिग्री रहा, जो नॉर्मल के करीब है।

**अभी ऐसे बदलाव जारी रहेंगे**

सोमवार को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। साथ ही एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन भी पाकिस्तान और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय है। इससे मौसम में अभी ऐसे बदलाव जारी रहेंगे। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवाएं बदलने और अरब सागर से नमी आने के कारण भोपाल सहित कुछ जिलों में हल्के बादलों का आना जाना रहा। यह क्रम मंगलवार को भी जारी रहेगा।

**मैनिट में सॉफ्टवेयर्स विषय पर कार्यशाला**

## रीसेंट ट्रेंड्स इन डिजाइन सॉफ्टवेयर्स पर विशेषज्ञों ने दी विशेष जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के मैकेनिकल विभाग में सोमवार को रीसेंट ट्रेंड्स इन डिजाइन सॉफ्टवेयर्स विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मैनिट के निदेशक डॉ. केके शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

वर्कशॉप में पीएसएससीआईवीई भोपाल के संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक पालीवाल, मैनिट के डीन डॉ. एसपीएस राजपूत, मैकेनिकल विभागाध्यक्ष डॉ. केआर अहिरवाल और मैकेनिकल विभाग के प्रोफेसर डॉ. जेएल भगोरिया सहित कई अतिथियों ने भाग लिया। उन्होंने डिज़ाइन सॉफ्टवेयर में हो रही नई प्रगति पर विचार साझा किए। इसके बाद, डॉ. केआर अहिरवाल ने प्रमुख डिज़ाइन सॉफ्टवेयर और उनके यांत्रिक एवं संरचनात्मक डिज़ाइन में उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी।



**इस व्रत के प्रभाव से व्यक्ति को समस्त पापों से मिल जाती है मुक्ति**

## विजया एकादशी पर लोगों ने रखा व्रत, मंदिरों में हुई विशेष पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फाल्गुन माह में कृष्ण पक्ष की विजया एकादशी होने पर लोगों ने सोमवार को व्रत रखा। इस मौके पर राजधानी के श्रीजी मंदिर, बिड़ला मंदिर, गुफा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ व आरती की गई। हर महीने के शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में एकादशी होती है और सभी का अलग-अलग महत्व है।

हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह में कृष्ण पक्ष की एकादशी को विजया एकादशी माना जाता है। यह भगवान विष्णु को समर्पित है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस व्रत के प्रभाव से व्यक्ति को समस्त पापों से मुक्ति मिलती है और वह विजयश्री को प्राप्त करता है। पद्म पुराण, स्कंद पुराण तथा अन्य धर्मग्रंथों में इस व्रत का विशेष महत्व बताया गया है।



**बाबा खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार**

मां वैष्णो धाम आदर्श नौ दुर्गा मंदिर, बाबा खाटू श्याम मंदिर प्लेटिनम प्लाजा में सोमवार को एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का विशेष अभिषेक किया गया। इसके बाद फूलों से श्रृंगार कर 56 भोग अर्पित किए गए। इस मौके पर विशेष ज्योत प्रज्वलित हुई और आरती के बाद प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। इसी तरह श्रीजी मंदिर व भेल के श्री कृष्ण मंदिर में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। एकादशी पर श्री बांके बिहारी मार्कडेण्य मंदिर तलैया में भगवान का श्रृंगार किया गया।



## पुजारी रामजीवन दुबे के बड़े भाई नर्मदा प्रसाद के निधन पर सांसद शर्मा ने दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे के बड़े भाई नर्मदा प्रसाद का विगत दिनों बीमारी के चलते असामयिक निधन हो गया था। भोपाल सांसद अलोक शर्मा मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित राम जीवन दुबे के आवास पहुंचे, जहां उनके बड़े भाई स्वर्गीय नर्मदा प्रसाद दुबे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पार्षद एवं एमआईसी सदस्य मनोज राठौर, शीलता माता मंदिर के पुजारी पंडित हरि जोशी, पूर्व पार्षद महेश मकवाना, जगदीश दुबे व सत्यनारायण दुबे आदि लोग मौजूद थे।

**प्रदेशभर में करीब 25 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं, नोडल अधिकारी भी नियुक्त**

## 5वीं-8वीं की परीक्षाएं शुरू, एक घंटे पहले केंद्रों पर पहुंचे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश की सभी शासकीय, मान्यता प्राप्त निजी और अनुदान प्राप्त स्कूलों के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में कक्षा पांचवीं-आठवीं की परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर सोमवार से शुरू हो गई हैं। बोर्ड पैटर्न पर आयोजित दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में प्रदेशभर में करीब 25 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। पहले दिन हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू व मराठी विषय का पेपर हुआ। परीक्षा का समय परीक्षा का समय दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक रहा। राजधानी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के चलते विद्यार्थी परीक्षा केंद्रों पर एक से डेढ़ घंटे पहले ही पहुंच गए थे। स्कूलों के शिक्षकों और अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि वह विद्यार्थियों के समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

**नि:शक्त विद्यार्थियों को विशेष सुविधा**

जिला कलेक्टर्स ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार नि:शक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा मिलेगी।

**5 मार्च तक चलेगी परीक्षा**



सोमवार को सरोजनी नायडू स्कूल में बोर्ड पर बैठक व्यावस्था देखते परीक्षार्थी।

बता दें कि सत्र 2024-25 की यह परीक्षाएं 5 मार्च को समाप्त होंगी। परीक्षा की व्यवस्था को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। कक्षा 5वीं की वार्षिक परीक्षा एक मार्च 2025 और कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षा का 5 मार्च 2025 तक चलेगी।

**अच्छी व्यवस्थाएं**

आज हमारा पहला पेपर था। परीक्षा केंद्र पर अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं। यहां कोई समस्या नहीं है।

**महक सेन**, विद्यार्थी



**बेहतर तैयारी**

परीक्षा का ब्रेसब्री से इंतजार था और हमने बेहतर तैयारी की है। आज पहला पेपर हुआ है और अच्छा हुआ है।

**मुस्कान रायकवार**, विद्यार्थी



**कोई परेशानी नहीं हुई**

परीक्षा केंद्र पर अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं। हम करीब एक घंटे पहले ही परीक्षा केंद्र पर पहुंच गए थे। कोई परेशानी नहीं हुई।

**पूनम ससाने**, विद्यार्थी



**पेपर सरल था**

परीक्षा के लिए सालभर तैयारी है। पहला पेपर सरल था और अच्छा हुआ है। समय पर परीक्षा केंद्र पहुंच गए थे।

**रोशनी साहू**, विद्यार्थी






## महाकुंभ के समापन में 2 दिन शेष, अब तक करीब 62.97 करोड़ श्रद्धालु लगा चुके डुबकी

# महाशिवरात्रि के स्नान को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ा भारी भीड़ के बावजूद लोग व्यवस्थाओं की कर रहे तारीफ

### श्रद्धालुओं ने सीएम योगी को दिया धन्यवाद

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ का सोमवार को 43वां दिन था। मेला खत्म होने में 2 दिन और बचे हैं। शाम 4 बजे तक 1.05 लाख से ज्यादा लोगों ने स्नान किया। संगम स्टेशन से लेकर संगम तक भीड़ ज्यादा थी। दोपहर तक भीड़ कम होना शुरू हो गई। 13 जनवरी से अब तक 62.97 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

प्रयागराज में एंट्री पॉइंट पर पार्किंग के आसपास जाम की स्थिति है। शहर के अंदर चौराहों पर भी बीच-बीच में जाम लग रहा है। प्रयागराज पहुंचने वाली गाड़ियों को संगम से 10 किमी पहले पार्किंग में रोका जा रहा है। उसके बाद मेला क्षेत्र तक ऑटो, ई-रिक्शा या शटल बसों से जा सकते हैं।ऐसे में बहुत श्रद्धालु 10 किमी तक पैदल चलने को मजबूर हैं।




महाशिवरात्रि के स्नान को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। उन्होंने प्रशासन और सरकार के कामों की भी तारीफ की। श्रद्धालु विनेश चौधरी ने बातचीत में कहा कि महाकुंभ में आकर मुझे अच्छा लगा है। प्रशासन ने मेला क्षेत्र में अच्छी व्यवस्थाएं की हैं, जिसके चलते किसी भी तरह की मुश्किलें नहीं आईं। मैं सीएम योगी को धन्यवाद देना चाहूंगी, जिन्होंने श्रद्धालुओं की हर एक सुविधा का ख्याल रखा है।श्रद्धालु पवन चौधरी ने बताया कि मैं राजस्थान के बीकानेर शहर से आया हूं और महाकुंभ में प्रशासन ने अच्छी व्यवस्थाएं की हैं। मैं लोगों को बताना चाहूंगा कि संगम के पानी को लेकर जिस तरह के भ्रामक दावे किए जा रहे हैं, वह गलत है। श्रद्धालु अनुज ने कहा कि मैंने संगम में स्नान किया है और यहां पर अच्छे इंतजाम हैं। गुजरात से आए श्रद्धालु प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि महाकुंभ मेला ने साबित कर दिया है कि सनातन धर्म ही सबसे आगे है।

### कैटरीना ने स्वामी से लिया आशीर्वाद

अभिनेत्री कैटरीना कैफ प्रयागराज के अरैल स्थित परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंची। कैटरीना ने परमार्थ निकेतन आश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा किमैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मैं इस बार यहां आ सकी। मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं।



### महाशिवरात्रि पर नहीं निकलेगी शोभायात्रा

*महाशिवरात्रि पर प्रयागराज शहर में 16 किमी लंबी शोभायात्रा निकाली जाती है। कई मंदिरों से भी जुलूस निकाले जाते हैं। पुलिस ने कमेटी से बात करके शोभायात्रा न निकालने पर राजी कर लिया है।*

### महाकुंभ हादसे की जांच भी न्यायिक आयोग ही करेगा

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार के आश्वासन पर महाकुंभ क्षेत्र में अमावस्या के दिन हुई सभी



तीनों हादसों में हुई मौतों और लापता लोगों का पता लगाने की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग वाली जनहित याचिका निस्तारित कर दी। सरकार ने कोर्ट को बताया कि न्यायिक आयोग के जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है।



अभिनेता अक्षय कुमार ने लगाई डुबकी।

## खबर संक्षेप

### गणोजी-कान्होजी के वंशजों से मांगी माफी

**मुंबई।** विक्की कौशल द्वारा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में अभिनीत फिल्म 'छावा' को देश के सभी हिस्सों से प्यार मिल रहा है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह मराठा योद्धाओं गनोजी और कान्होजी शिर्के के वंशजों को नाराज कर रही है। इसके बाद निर्देशक लक्ष्मण उतेकर ने उनसे माफी मांग ली है।



### महाकुंभ से लौट रहे 5 श्रद्धालु झुलसे

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार तड़के अयोध्या से लौट रहे राजस्थान के श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो मांट क्षेत्र में टायर फटने के बाद पलट गई। दो श्रद्धालु किसी तरह बाहर निकल ही पाए कि गाड़ी में आग लग गई। लपटों में घिरे पांच लोगों को बमुश्किल निकाला गया।



### आप के 32 विधायक संपर्क में: बाजवा

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा का सत्र अब से कुछ ही देर में शुरू होने वाला है । विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने सत्र शुरू होने से पहले ही मीडिया कर्मियों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि आम आदमी पार्टी के 32 विधायक उनके संपर्क में है। उनका इरादा सरकार को तोड़ने का नहीं है।



### जयपुर में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, पुलिस से उलझे

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस और पुलिस के बीच हल्की भिड़ंत भी हो गई। कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेडिंग से रोकने का प्रयास किया, इससे कार्यकर्ता उग्र हो गए।



### नगर निगम चुनावों से पहले राज- उद्धव मिले

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की मुलाकात ने राजनीतिक अटकलों को हवा दे दी है। रविवार को अंधेरी इलाके में एक शादी समारोह में दोनों ने आमने-सामने बातचीत की। यह मुलाकात ननि चुनावों में खास मानी जा रही है।



## पीएम मोदी ने बिहार और असम को दी सौगातें, नीतीश को 'लाडला' सीएम बताया

# जंगलराज लाने वाले और पशुओं का भी चारा डकारने वाले राज्य में नहीं कर सकते विकास

एजेंसी ▶▶ भागलपुर

मध्यप्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट का उद्घाटन करने के बाद पीएम मोदी बिहार के भागलपुर पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने कहा कि जंगलराज वालों को हमारी धरोहर और आस्था से नफरत है। महाकुंभ में यूरोप की जनसंख्या से ज्यादा लोग अब तक कुंभ में डुबकी लगा चुके हैं। बिहार से गांव-गांव के लोग कुंभ में डुबकी लगा रहे हैं। लेकिन, येजंगलराज वाले लोग महाकुंभ को गाली दे रहे हैं।

राम मंदिर पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। ऐसे लोगों ने बिहार को पीछे धकेला। लेकिन, अब एनडीए सरकार के नेतृत्व में बिहार को वहीं पहचान मिलेगा जो भगवान बुद्ध और सम्राट अशोक के समय में हुआ करती थी। पीएम मोदी ने बिहार में शुरू हुई कई योजनाओं ने नाम भी गिनाएं। उन्होंने कहा कि हम नालंदा विवि के प्राचीन गौरव को आधुनिक भारत से जोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही केंद्र सरकार विक्रमशिला विवि को सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनाने जा रहे हैं।

> ये जंगलराज वाले लोग महाकुंभ को गाली दे रहे, राम मंदिर पर ये अनर्गल टिप्पणी कर रहे, विकास के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार किया

### केंद्र सरकार विक्रमशिला विवि को सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनाएगी

#### भागलपुर के बुनकरों को काफी फायदा मिलेगा

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के देशों में तसर सिल्क की डिमांड बढ़ रही है। एनडीए सरकार रेशम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए काफी जोर दे रही है। कई प्रोजेक्ट पर काम भी कर रही है। इससे भागलपुर के बुनकरों को काफी फायदा मिलेगा।



### और ये लालू परिवार क्या बदलेगा हालात

पीएम नरेंद्र मोदी ने लालू परिवार हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं। वह कभी भी परिस्थितियों को बदल नहीं सकते हैं। एनडीए सरकार ने इसे बदला है। पहले यूरिया के लिए किसान लाठी खाता था। यूरिया की कालाबाजारी होती थी। आज देखिए किसानों को पर्याप्त खाद मिलती है।

**देश के करोड़ों किसानों के खाते में पैसे पहुंचे** : पीएम मोदी ने अंगिका भाषा में लोगों को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि मैं शहीद तिलका मांझी की धरती को नमन करता हूं। बाबा अजगैबीनाथ के आशीष वाले इस धरती पर आना मेरा सौभाग्य है। आज देश के करोड़ों किसानों के खाते में पैसे पहुंचे हैं। किसान सम्मान निधि की किस्त जारी की गई है। बिहार के 75 लाख के अधिक परिवार के किसानों के खाते में राशि डाली गई है।

### खगड़िया में रजिस्टर हुआ एफपीओ

पीएम मोदी ने कहा कि दलहन और तिलहन में हम आत्मनिर्भर हों, यहां अधिक से अधिक फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगे, किसान खुशहाल हो, इसके लिए सरकार एक से एक कदम उठा रही है। पीएम मोदी ने कहा कि मक्का, केला और धान पर काम करने वाला एफपीओ खगड़िया में रजिस्टर हुआ है। आज 10,000 एफपीओ बनाने का पूरा हो गया है। 10,000वें किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) यह कदम किसानों को बाजार में बेहतर पहचान और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा अवसर प्रदान करेगा।

### अब बारी मखाना की

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते सालों में भारत का कृषि निर्यात बहुत बढ़ा है। इसलिए किसानों को उत्पाद की ज्यादा कीमत मिल रही है। अब बारी बिहार के मखाना की है। इसलिए बजट में मखाना बोर्ड बनाने का एलान किया गया है।

### पहले तो छोटे किसानों का हक भी बिचौलिए हड़प लेते थे

पीएम मोदी ने कहा कि अब एक रुपया दिल्ली से निकलता है तो सौ पैसा किसानों को मिलता है। पहले छोटे किसानों का हक भी बिचौलिए हड़प लेते थे। मोदी और नीतीश किसानों का हक का किसी को नहीं खाने देंगे। जब कांग्रेस और राजद वाले जब सरकार में थे तब जितना खेती किसानी का बजट रखा था, उतना पैसा एनडीए सरकार आपके खाते में भेज चुकी है।

### असम में कई कार्यक्रमों में की शिरकत



## एडवांटेज असम निवेश और शिखर सम्मेलन होगा आज

> असम चाय के 200 साल पूरे होने पर किया जा रहा आयोजन

**गुवाहाटी।** पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को असम के दो दिवसीय दौरे पर गुवाहाटी पहुंचे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि पीएम मोदी मंगलवार को एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस प्रदर्शनी में असम राज्य के विभिन्न निवेश अवसरों और बुनियादी ढांचे के विकास की जानकारी दी जाएगी। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी सोमवार शाम को गुवाहाटी स्थित सरुसजाई स्टेडियम में आयोजित झुमुर नृत्य प्रदर्शन में भी भाग लिया। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि यह प्रदर्शन असम के चाय बागानों के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया और इस नृत्य प्रदर्शन में प्रधानमंत्री मोदी कलाकारों और दर्शकों का अभिवादन किया। झुमुर नृत्य के बाद राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक थीम पर एक लेजर शो भी आयोजित किया गया।

### हजारों कलाकारों ने झुमुर नृत्य प्रस्तुत किया

मोदी की इस यात्रा का एक खास अवसर असम चाय के 200 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित है। कार्यक्रम में 8,500 से अधिक कलाकारों द्वारा झुमुर नृत्य प्रस्तुत किया गया। भारत के 61 मिशन प्रमुखों के साथ गणमान्य व्यक्ति भी आएंगे।

### दिग्गज, भूटान के कृषि मंत्री, उद्योगपति आएंगे

मोदी मंगलवार सुबह पूर्ण सत्र में शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इसमें असम के राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर, सर्बानंद सोनोवाल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, पबित्र मार्गेरिटा, कोनराड संगमा, माणिक साहा, भूटान के कृषि मंत्री और देश के शीर्ष उद्योगपति शामिल होंगे।

### नवी मुंबई के साइबर सेल पहुंचे 'गालीबाज' यूट्यूबर

# इलाहाबादिया और चंचलानी ने अपने बयान दर्ज कराए, रैना देश से बाहर, नोटिस जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियाज गॉट लैटेंट शो में विवादित बयान देने वाले यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और यूट्यूबर आशीष चंचलानी सोमवार को महाराष्ट्र के नवी मुंबई साइबर सेल में पहुंचे हैं। दोनों का स्टेटमेंट नवी मुंबई में रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले इलाहाबादिया को सोमवार को अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था। इंडियाज गॉट लेटेंट शो के ऑर्गनाइजर समय रैना देश के बाहर हैं, जिनसे पुलिस ने संपर्क किया है।

### 18 से ज्यादा लोगों पर एफआईआर

#### पहले भी दर्ज हुआ था चंचलानी का बयान



इससे पहले 11 फरवरी को भी खार पुलिस ने इस मामले को लेकर यूट्यूबर आशीष चंचलानी का बयान दर्ज किया था। साइबर पुलिस ने कुछ यूट्यूबर्स और सोशल इन्फ्लुएंसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जिन्होंने समय रैना के इंडियाज गॉट लेटेंट शो में हिस्सा लिया था। अब तक इस शो में हिस्सा लेने वाले 30 से ज्यादा लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।

# महाराष्ट्र में सरकार गठन के बाद महायुति में तनाव चुनाव जीतने के बाद से ही 'गठबंधन' में बढ़ा दबाव

## सियासी बयानबाजियों ने दरार की बातों को दी हवा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में महायुति को जबरदस्त बहुमत मिला। विधानसभा की 288 सीटों में से 235 पर महायुति की तीन पार्टियां काबिज हो गईं। अब तक माना जा रहा था कि महायुति की सरकार में आपसी तनाव की स्थिति कम देखने को मिलेगी और विपक्ष की जबरदस्त कमजोरी से उसे 5 साल तक शासन करने में आसानी होगी, पर अब कुछ अनबन है।

### नहीं बैठ रही पटरी

- *मुख्यमंत्री-मंत्री पदों को लेकर खींचतान*
- *जिलों के प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति पर मतभेद*
- *शिवसेना नेताओं की सुरक्षा घटाने पर विवाद*
- *शिंदे और फडणवीस की बैठकों में मतभेद*



**'मुझे हल्के में नहीं लेना चाहिए' से बढ़ी हलचल**
शिवसेना और भाजपा के बीच खटपट की खबरों ने महायुति में दरार की अटकलों को हवा दी है। एकनाथ शिंदे के बयान ने हलचल बढ़ा दी है।

### शिंदे को मंत्री का चैलेंज

#### राजनीति में कोई परमानेंट नहीं

महाराष्ट्र की राजनीति में भाजपा और शिंदे भले ही साथ में सरकार चला रहे हैं, लेकिन दोनों के बीच शीत युद्ध भी जारी है। शिंदे को एक और चैलेंज मिला है। उनके ही गढ़ ठाणे में भाजपा के मंत्री गणेश नाइक ने सोमवार को जनता दरबार लगाया और बोले सियासत में कोई परमानेंट नहीं होता।

## दिल्ली विधानसभा में पहले ही दिन भारी हंगामा, स्पीकर गुप्ता की चेतावनी

# यहां गैर-जिम्मेदारपूर्ण रवैया कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

### कुर्सी छोड़ अध्यक्ष बोले- अकारण इसे राजनीतिक मंच न बनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई सरकार के गठन के बाद सोमवार को दिल्ली विधानसभा का सत्र शुरू हो गया। सत्र के पहले ही दिन दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी को स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने चेतावनी दे दी। स्पीकर चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विजेंद्र गुप्ता को बधाई दी, बाद में आतिशी ने भी उन्हें बधाई दी और साथ ही इस बात पर आपत्ति जताई कि मुख्यमंत्री कार्यालय से अंबेडकर और भगत सिंह की फोटो हटा दी गई है। उन्होंने कहा कि भाजपाी दलित और सिख विरोधी है। इसके साथ ही आप के विधायकों ने सदन में शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर विधानसभा स्पीकर अपनी कुर्सी छोड़कर खड़े हो गए। उन्होंने आतिशी से कहा, ये जो समय है, ये शिष्टाचार संबोधन था। राजनीतिक मंच नहीं बनाना चाहिए था। मैं कड़े शब्दों में आतिशी जी के व्यवहार की निंदा करता हूं।

#### प्रतिमा हटाने पर विवाद बढ़ा



**आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीर पर बढ़ा विवाद :** आतिशी ने मुख्यमंत्री दफ्तर से बाबा साहब भीमराव आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरें हटाने पर जोरदार हंगामा किया।

### स्पीकर ने आतिशी को दी चेतावनी

उन्होंने कहा कि उन्होंने सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में चल रहे इस सदन को बिना कारण के डिस्टर्ब करने की कोशिश की, मुद्दा उठाने के लिए आपको पूरा समय मिलेगा, आप जितने मर्जी मुद्दे उठाइए लेकिन अगर आप मुद्दा उठाने से पहले यहां इस तरह का वातावरण बनाना चाहेंगी तो ये विपक्ष का गैर-जिम्मेदार पूर्ण रवैया बर्दाश्त नहीं होगा।

**सीएम गुप्ता समेत मंत्रियों और विधायकों ने ली शपथ**
इसके पहले दिल्ली विधानसभा में प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली ने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई है। सबसे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शपथ ली।

### मोहल्ला क्लीनिक के बाद बसों का भी बदला जाएगा नाम


मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने के बाद भाजपा सरकार मोहल्ला बसों का नाम बदलने पर विचार कर रही है। आप ने मोहल्ला बसों के नाम से दिल्ली में छोटी बसें चलाने की योजना बनाई थी, मगर सड़कों पर नहीं उतार पाई। इस योजना के तहत 150 बसें आ चुकी हैं जो पिछले तीन महीने से कुशक नाला बस डिपो में खड़ी हैं।ये बसें दिल्ली विधानसभा चुनाव की अधिसूचना की घोषणा के पहले ही आ चुकी थीं। इसका एक कारण सत्ता में उस समय के नेताओं और अधिकारियों के बीच तालमेल न होना भी रहा था।

### ईसीआई की दो दिनी कॉन्फ्रेंस

## राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अफसरों से करेंगे मंथन

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों की दो दिनी कॉन्फ्रेंस आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह सम्मेलन 4-5 मार्च को इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट नई दिल्ली में होगा। यह पहला मौका होगा जब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में बैठक होगी। इसकी विशेषता यह है कि पहली बार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को एक जिला निर्वाचन अधिकारी और एक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को नामांकित करने के निर्देश दिए गए हैं।





## 61 देशों के राजनयिक भी रहे मौजूद

# विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने काजीरंगा में उठाया लुत्फ राष्ट्रीय उद्यान में हाथी और जीप सफारी का लिया आनंद

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने हाथी की सवारी के बाद यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल पार्क के अंदर जीप सफारी का आनंद लिया। सफारी के बाद जयशंकर और कुछ राजनयिकों को हाथियों को चारा खिलाते हुए देखा गया

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और 61 देशों के राजनयिकों ने सोमवार की सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी का लुत्फ उठाया। इस दौरान एस. जयशंकर ने हाथी और जीप की सवारी भी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ये राजनयिक रविवार रात विदेश मंत्री के साथ जोरहाट पहुंचे थे और आज सुबह काजीरंगा पहुंचे। राजनयिकों ने सबसे पहले पार्क के केंद्रीय रेंज कोहोरा में हाथी की सवारी का आनंद लिया। जयशंकर प्रसिद्ध हाथी प्रद्युम्न पर सवार हुए।

**खास बातें**

- लगभग 9,000 कलाकारों द्वारा पेश किया जाने वाला झुमोर नृत्य देखा
- आज 'एडवांटेज असम 2.0 शिखर सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र में भाग लेंगे







**हाथियों को खिलाया चारा**

हाथी की सवारी के बाद उन्होंने यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल पार्क के अंदर जीप सफारी का आनंद लिया। सफारी के बाद जयशंकर और कुछ राजनयिकों को हाथियों को चारा खिलाते हुए देखा गया। असम के कृषि मंत्री अतुल बोरा, काजीरंगा से लोकसभा सदस्य कामाख्या प्रसाद तासा, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की निदेशक सोनाली घोष और डीएफओ अरुण विग्नेश सफारी के दौरान मेहमानों के साथ थे।

**राजनयिकों संग झुमोर नृत्य देखा**

काजीरंगा से जयशंकर राजनयिकों के साथ सोमवार को गुवाहाटी रवाना हुए। यहां शाम को लगभग 9,000 कलाकारों द्वारा पेश किया जाने वाला झुमोर नृत्य देखा। इस दौरान वहां पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। ये राजनयिक मंगलवार को 'एडवांटेज असम 2.0 अवसंरचना एवं निवेश शिखर सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र में भी भाग लेंगे। असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा कि 'एक ऐतिहासिक यात्रा! रविवार रात विदेश मंत्री एस. जयशंकर असम की ऐतिहासिक यात्रा पर 50 से अधिक मिशन प्रमुखों के साथ जोरहाट पहुंचे।

---

## खबर संक्षेप

### रेलवे में एसी थ्री टियर की बंपर डिमांड!



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे में एसी 3 टियर क्लास राजस्व में सबसे बड़ा योगदान दे रहा है। पिछले पांच वर्षों में इस श्रेणी से रेलवे को होने वाली कमाई में उछाल देखा गया है। 2024-25 में, रेलवे के कुल अनुमानित 80,000 करोड़ के यात्री राजस्व में अकेले एसी थ्री टियर का योगदान 30,089 करोड़ रुपए (38%) रहने का अनुमान है। जबकि सिर्फ 26 करोड़ यात्री (कुल 727 करोड़ में से 3.5%) इस श्रेणी में यात्रा कर रहे हैं, फिर भी यह सबसे अधिक कमाई करने वाली श्रेणी बन गई है।

### सुप्रीम कोर्ट बोला इंटरनेट एक फ्री मार्केट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने सोमवार को देश में इंटरनेट की कीमतों को रेगुलेट करने की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से मना कर दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने रजत नामक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के पास इंटरनेट सेवाओं का लाभ उठाने के लिए कई विकल्प हैं। बेंच ने कहा कि यह एक फ्री मार्केट है। यहां ग्राहकों के पास कई विकल्प हैं।

---

### भारत और ब्रिटेन के बीच फिर से मुक्त व्यापार समझौता शुरू करने के लिए हुई पहली उच्च-स्तरीय बैठक

# दोनों देश संतुलित, महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर ध्यान केंद्रित करेंगे

मंत्री गोयल ने कहा कि दोनों देश एफटीए से जुड़े हुए विभिन्न जरूरी पहलुओं पर विचार विमर्श कर रहे हैं। जिसमें एफटीए, द्विपक्षीय निवेश संधि और दोहरा योगदान सम्मेलन समझौता मुख्य रूप से शामिल है।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) शुरू करने के लिए फिर से बातचीत का के सिलसिला शुरू हुआ। सोमवार को राजधानी में एक उच्च-स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारत की तरफ से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन से उनके व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स शामिल हुए।

बैठक के बाद मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि बैठक में हमारी चर्चा में मुख्य रूप से भारत-ब्रिटेन एफटीए पर बातचीत को आगे बढ़ाने और एक संतुलित, महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर ध्यान केंद्रित किया गया। हम इस विषय को लेकर तेजी से काम करेंगे, जिसमें जल्दबाजी नहीं की जाएगी। हमारा पूरा जोर तेजी के साथ चीजों को बेहतर ढंग से निपटाने पर रहेगा। बता दें एफटीए व अन्य मामलों पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन के व्यापार सचिव भारत के तीन दिवसीय दौरे पर हैं।



**कामगार वीजा और अप्रवासन मुद्दों पर चर्चा नहीं की**



### पीएम मोदी-स्टार्मर की बैठक की अहम भूमिका

भारत और ब्रिटेन के बीच वर्ष 2022 से एफटीए पर वार्ता जारी थी। पिछले साल 2024 में दोनों देशों में हुए आम चुनावों की वजह से यह बातचीत रुक गई थी। अब पुनः इसकी शुरुआत की जा रही है। जिसका संकेत ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने बीते साल 2024 में ब्राजील में आयोजित किए गए जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर पीएम नरेंद्र मोदी के साथ हुई मुलाकात के बाद दे दिया था। उन्होंने कहा था कि भारत के साथ 2025 में एफटीए पर बातचीत फिर से शुरू की जाएगी।

### सभी विकल्पों पर चर्चा जारी

*पीयूष गोयल ने कहा कि दोनों देश एफटीए से जुड़े हुए विभिन्न जरूरी पहलुओं पर विचार विमर्श कर रहे हैं। जिसमें एफटीए, द्विपक्षीय निवेश संधि और दोहरा योगदान सम्मेलन समझौता मुख्य रूप से शामिल है। भारत दुनिया के कई विकसित देशों के साथ एफटीए करने के लिए बातचीत कर रहा है। जबकि भारत और ब्रिटेन के व्यापार को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए हम टैरिफ में कमी कर सकते हैं। भारत द्वारा लगाए गए कई टैरिफ हकीकत में हमें गैर-बाजार, गैर-पारदर्शी अर्थव्यवस्थाओं, मूल्य निर्धारण और माल की डंपिंग के लिए जाने वाली अर्थव्यवस्थाओं से बचाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीयों को दिए जाने वाले कामगार वीजा और अप्रवासन के मामले में बैठक में कोई चर्चा नहीं की गई। क्योंकि यह विषय व्यापार से जुड़ी वार्ताओं का हिस्सा नहीं है।*

### भारत संग एफटीए सर्वोच्च प्राथमिकता: ब्रिटेन

*ब्रिटेन के व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स ने कहा कि भारत के साथ एफटीए करना ब्रिटेन की सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। ऐसे में उसके साथ मुक्त व्यापार समझौता करना अब ज्यादा दूर नहीं है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का इसे पूरा समर्थन हासिल है। इस लिहाज से यह एक अच्छा समझौता होगा।*

---

### मुंबई में आयोजित कार्यशाला में बोले केंद्रीय मंत्री

## 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के लिए जुटाएं पूंजीः प्रहलाद जोशी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के लिए वित्तीय पूंजी जुटाना महत्वपूर्ण है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आयोजित नवीकरणीय ऊर्जा के लिए वित्त जुटाने पर राष्ट्रीय कार्यशाला को करते हुए जोशी ने नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षेत्र को सुलभ वित्तपोषण सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय संस्थानों और नीति निर्माताओं से सामूहिक प्रयास करने का भी आह्वान किया। जोशी ने राज्य मंत्री श्रीपद नाइक के साथ सोमवार को मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कार्यशाला का विचार पीएम नरेंद्र

### मप्र में बोली 2.15 रुपए प्रति यूनिट पहुंची

*केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि भारत ने पहले ही अक्षय ऊर्जा में उल्लेखनीय प्रगति की है और इसकी क्षमता 222 गीगावाट तक बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा की दरें काफी कम हो गई हैं, हाल ही में मध्य प्रदेश में बोली 2.15 रुपए प्रति यूनिट तक पहुंच गई है, पहले यह 11 रुपए प्रति यूनिट थी। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा का समर्थन करने के लिए बैटरी भंडारण समाधानों के महत्व पर बल दिया।*

### 30 लाख करोड़ के निवेश की आवश्यकता

केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद यसो नाइक ने कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के लिए लगभग 30 लाख करोड़ के निवेश की आवश्यकता होगी, जिसमें बुनियादी ढांचा, पारेषण और भंडारण प्रणाली शामिल होगी। उन्होंने हितधारकों से अभिनव वित्तपोषण मॉडल अपनाने, लचीली ऋण शर्तों का विस्तार करने और हरित निवेश को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। यह हमारे ऊर्जा परिवर्तन को गति देगा। एमएनआरई सचिव निधि खरे ने एनर्जी ट्रांजिशन को आगे बढ़ाने में किफायती वित्त, ग्रीन बॉन्ड की भूमिका पर बल दिया।

---

### आईआईटी मंडी के 16वें स्थापना दिवस समारोह में बोले रक्षा मंत्री

## साल 2030 तक भारत का तकनीकी क्षेत्र 350 अरब डॉलर तक पहुंचेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी के 16वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत में तकनीकी क्षेत्र का विस्तार हो रहा है। अगले पांच वर्षों में यानी 2030 तक इसके करीब 300 से 350 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौती तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल बिठाना ही नहीं है। बल्कि नई तकनीक का सृजन करना भी है। उन्होंने कहा कि भारत 1.25 लाख



स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ उभर रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर का छात्रों को लाभ उठाना चाहिए। जिससे भारतीय छात्र न केवल देश की प्रगति में योगदान करें। बल्कि अनुसंधान-विकास के प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर नेतृत्व भी करें।

### नवाचार, सृजन पर दिया जोर

राजनाथ सिंह ने प्रौद्योगिकी के भविष्य के लिए नवाचार और सृजन पर जोर देते हुए कहा कि उद्यमशीलता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। इसी से भारत को कृत्रिम मेधा, मशीन लर्निंग और डिजिटल प्रौद्योगिकियों जैसे उभरते हुए क्षेत्रों में नेतृत्व करने का मौका मिलेगा। उन्होंने आईआईटी मंडी से राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में रक्षा संबंधी प्रौद्योगिकियों में और अधिक अहम भूमिका निभाने का आग्रह किया।

---

### श्रीसैलम सुरंग हादसा पर बोले मंत्री

## 'अंदर फंसे' लोगों के बचने की संभावना अब बहुत कम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम सुरंग नहर परियोजना के एक निर्माणाधीन खंड के आंशिक रूप से ढह जाने के बाद 8 लोग इसके अंदर फंस गए। बीते दो दिनों से इन लोगों को बचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### 'रैट माइनर्स' की भी ले रहे मदद

भारतीय सेना, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियां बचाव अभियान चला रही हैं। तेलंगाना सरकार के मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने कहा है कि सुरंग के अंदर फंसे आठ लोगों के बचने की संभावना अब बहुत कम है। हालांकि उन तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। श्रमिकों को बचाने वाले "रैट माइनर्स" की एक टीम लोगों को निकालने के लिए बचाव दल के साथ सहयोग कर रही है। सुरंग के भीतर फंसे हुए लोगों को बचाने में कम से कम तीन से चार दिन लगेंगे।

---

### रूस के साथ युद्ध की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर बोले भारत में यूक्रेन के राजदूत

## यूक्रेन बनेगा यूरोपीय संघ-नाटो का सदस्य, रूस के लिए माफी नहीं, हमें लड़ने का पूरा अधिकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर भारत में यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक के नेतृत्व में उनके दूतावास परिसर के प्रांगण में यूरोपीय संघ (ईयू) के विभिन्न देशों के राजनयिकों ने युद्ध में मारे गए लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मोमबत्तियां जलाईं। इसे यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को दिए जा रहे अपने समर्थन का प्रमाण भी प्रस्तुत किया है।

इसके बाद यूक्रेन के राजदूत ने कहा कि हम यूरोपीय संघ और नाटो के सदस्य बनेंगे। हमें किसी को अनुमति देने के लिए कहने की आवश्यकता



नहीं है, हम एक स्वतंत्र देश हैं। हमारी एकजुटता ने हमारी एकता को प्रदर्शित किया है। साथ ही बता दिया है कि हम युद्ध में रूस के खिलाफ हैं।

उन्होंने कहा कि हमने कुछ भारतीय स्कूलों की मदद से सद्भावना के रूप में करीब एक हजार पीले और नीले रंग के गुब्बारे आसमान में छोड़े। इसमें युद्ध की समाप्ति के लिए हमने दुआ मांगी। लेकिन हम कभी भी हार नहीं मानेंगे, न ही रूस को इस आक्रामकता के लिए माफ करेंगे। इस लड़ाई में हमें अपने देश के मानवाधिकारों के लिए लड़ने का पूरा अधिकार है। हम एक स्वतंत्र देश के रूप में जीना चाहते हैं।

---

### वैश्विक दक्षिण के देशों की महिला शांति सैनिकों के एक समूह से बोलीं राष्ट्रपति मुर्मू

**महिला शांति सैनिकों की पहुंच स्थानीय समुदाय तक बेहतर ढंग से होती है**

## महिलाओं की भागीदारी वाले शांति मिशन दीर्घकालिक समझौते करने में हैं 'मददगार'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को वैश्विक दक्षिण की कुल करीब 35 देशों की महिला शांति सैनिकों के एक समूह से राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इसके बाद अपने संबोधन में उन्होंने महिला कर्मियों की अत्यधिक भागीदारी वाले शांति मिशन की सराहना करते हुए कहा कि यह हिंसा को कम करने और दीर्घकालिक शांति समझौते हासिल करने में अधिक प्रभावी रहे हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में अधिक



**वे महिलाओं और बच्चों के लिए रोल मॉडल के रूप में काम कर सकती**

महिलाओं को शामिल करें। महिला शांति सैनिकों का यह समूह 24 फरवरी को राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में उद्घाटित सम्मेलन में भाग लेने के लिए राजधानी की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। जिसका शीर्षक 'शांति स्थापना में महिलाएंः वैश्विक दक्षिण का परिपेक्ष्य' है। सम्मेलन का आयोजन विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र (दिल्ली) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

### समावेशी बनते महिलाओं वाले मिशन

राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं की मौजूदगी शांति स्थापना मिशन को और अधिक विविधतापूर्ण और समावेशी बनाती है। महिला शांति सैनिकों की पहुंच स्थानीय समुदाय तक ज्यादा बेहतर ढंग से होती है। वह महिलाओं और बच्चों के लिए रोल मॉडल के रूप में काम कर सकती हैं। इसके अलावा वह लिंग आधारित हिंसा से निपटने, विश्वास को बरकरार रखने और संवाद को बढ़ावा देने के लिए भली भांति अपने कर्तव्य का निर्वाह करती हैं।

### 50 देशों में 2.50 लाख से अधिक की तैनाती

संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में भारत के योगदान के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा देश के 2 लाख 90 हजार शांति सैनिकों ने 50 से अधिक संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवा की है। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए अक्सर प्रतिकूल परिस्थितियों में तैनात 9 सक्रिय मिशनों में 5 हजार से अधिक शांति सैनिक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला शांति सैनिक कर्तव्य के आह्वान में सबसे आगे रही हैं। जारी 6 मिशनों में 154 से अधिक भारतीय महिला शांति सैनिक तैनात हैं। इनमें कांगो, दक्षिण सूडान, लेबनान, गोलन हाइट्स, पश्चिमी सहारा और अबेई मुख्य हैं। उन्होंने कहा कि 1960 के दशक में कांगो से लेकर 2007 में लाइबेरिया तक हमारी महिला शांति सैनिकों ने व्यावसायिकता और आचरण की उच्च परंपराओं का प्रदर्शन किया है।

---

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का खुलासा

## भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल पर कार्य करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास द्वारा एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटी रेल भवन में उपस्थित रहे। रेल मंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र का संकल्प है कि देश को इनोवेशन की दिशा में आगे बढ़ाना है। इसी कारण हम शिक्षा संस्थानों के साथ मिलकर कार्य कर पा रहे हैं। उन्होंने



कहा कि आईआईटी मद्रास द्वारा हासिल की गई 5जी तकनीकी में सफलता स्थापित के साथ और भारत दुनिया में सबसे तेज 5जी रोलआउट कर रहा है। इसी क्रम में, भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास मिलकर वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल पर कार्य करेंगे, जिसे भारतीय रेल द्वारा फंड किया जाएगा।

# शर्मनाक : पाकिस्तानी टीम के लिए नहीं मिल रहे प्रायोजक, हार से गिरी 'ब्रांड वैल्यू'

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान क्रिकेट एक बार फिर मुश्किल में है और इस बार चैंपियंस ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए प्रायोजक जुटाना भी सत्ताधारियों के लिए चुनौती बन सकता है। पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी भारत ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया जिससे मेजबान टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच गई। भारत से हारने से एक दिन पहले ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच के लिए गद्दाफी स्टेडियम में लोगों की शानदार भीड़ को देखकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी आत्मविश्वास से भरे हुए थे।

### पीसीबी के लिए चुनौती

बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, 'लोगों की प्रतिक्रिया और पाकिस्तान से इतर मैच का आनंद लेते देखना एक उत्साहवर्धक अनुभव था। लेकिन अब चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि पाकिस्तान में बचे हुए मैचों के लिए दर्शकों की भीड़ आती रहे क्योंकि हम 29 साल बाद इतने बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं।'




**पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर**

1996 के विश्व कप के बाद पाकिस्तान में आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का पहला टूर्नामेंट है और उम्मीद थी कि घरेलू टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। सोमवार को न्यूजीलैंड की जीत का मतलब है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

### टीम की 'ब्रांड वैल्यू' पर असर

बोर्ड के वाणिज्यिक इकाई के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि अगर पाकिस्तान सेमीफाइनल में नहीं भी खेलता है तो भी पीसीबी को वित्तीय रूप से कोई बड़ा झटका नहीं लगेगा क्योंकि केवल गेट पर्ची और मैदान की आय के अन्य स्रोत ही प्रभावित होंगे। लेकिन संकटग्रस्त टीम की 'ब्रांड वैल्यू' पर असर पड़ने वाला है। उन्होंने कहा, 'हमें मेजबानी शुल्क, टिकट बिक्री सहित आईसीसी राजस्व में हमारा हिस्सा मिलने की गारंटी है, लेकिन अन्य मुद्दे भी हैं जैसे कि लोगों का इस बड़े टूर्नामेंट में रुचि खत्म होना और प्रसारणकर्ता द्वारा आधे भरे हुए स्टेडियम दिखाना आदि। और सबसे बड़ी चिंता यह है कि यहां क्रिकेट के प्रति दीवानगी के बावजूद भविष्य में पाकिस्तान क्रिकेट को एक ब्रांड के रूप में बेचना आसान नहीं होगा।'

### हम एक जैसी गलतियां दोहरा रहे : रिजवान



**दुबई।** पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा कि उनके खिलाड़ी लगातार एक जैसी गलती दोहरा रहे हैं और स्वीकार किया है कि यहां भारत से मिली हार के बाद उनकी टीम का चैंपियंस ट्रॉफी अभियान लगभग खत्म हो गया है। पाकिस्तान को रविवार को यहां भारत के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें लगभग समाप्त हो गई हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने उसे 60 रन से हराया था। ग्रुप ए में उसका आखिरी मुकाबला 27 फरवरी को बांग्लादेश से होगा। रिजवान ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हमारा सफर लगभग समाप्त हो चुका है। अब हमें अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। एक कप्तान के रूप में मुझे इस तरह की स्थिति पसंद नहीं है। हमें अपनी किस्मत खुद लिखनी चाहिए थी।'

## खबर संक्षेप



### मीराबाई चानू मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल होते हुए ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को जोर देते हुए कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव इस 'बड़ी स्वास्थ्य समस्या' से निपटने में महत्वपूर्ण अंतर पैदा कर सकते हैं। इस पहल की शुरुआत सोमवार को हुई जब प्रधानमंत्री मोदी ने मोटापे से निपटने के प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए चानू सहित विभिन्न क्षेत्रों से 10 व्यक्तियों को नामित किया। प्रधानमंत्री ने इससे एक दिन पहले ही लोगों से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया था जिसके बाद उन्होंने यह घोषणा की।

### यू मुंबा ने राकेश को बनाया मुख्य कोच

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान और तीन बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता राकेश कुमार प्रो कबड्डी लीग में मुख्य कोच के रूप में नौ साल बाद यू मुंबा में वापस आएंगे। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को इसकी घोषणा की।



पहले पीकेएल में सबसे अधिक राशि में बिकने वाले खिलाड़ी रहे राकेश तीसरे सत्र में फ्रेंचाइजी में शामिल हुए थे। यू मुंबा के सीईओ सुहैल चंडोक ने कहा, 'निश्चित रूप से भारत के सबसे महान कबड्डी खिलाड़ी, अर्जुन पुरस्कार विजेता, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण, वह खुद यू मुंबा के पूर्व खिलाड़ी हैं और हमारे परिवार में वापस आ गए हैं। मुझे राकेश का इस बार मुख्य कोच के रूप में स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है।'

### दिल्ली और गुजरात की नजरें बेहतर प्रदर्शन पर

**बेंगलुरु।** बल्लेबाजों के कमजोर प्रदर्शन से जूझ रहे गुजरात जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग मैच में जगह आमने-सामने होंगे तो जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगे। दोनों टीम को अपने पिछले मुकाबले में शिकस्त का सामना करना पड़ा है। पिछले दो सत्र में अंतिम स्थान पर रही गुजरात की टीम तीन मैच में सिर्फ एक जीत के साथ अंतिम स्थान पर है। टीम की पांच मैच में यह तीसरी हार थी।

### गिल भविष्य में भारतीय टीम के कप्तान : बांगड़

**दुबई।** पूर्व खिलाड़ी संजय बांगड़ ने शुभमन गिल के स्ट्रोक्स और तकनीक से प्रभावित होकर सोमवार को कहा कि यह 25 वर्षीय खिलाड़ी आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की बल्लेबाजी की अगुवाई करेगा। गिल ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत की छह विकेट की जीत में 46 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में शतक लगाया था। बांगड़ ने 'जियोहॉटस्टार' से कहा, 'साफ तौर पर वह आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभालने वाले खिलाड़ी हैं।'

## चैंपियंस ट्रॉफी: ऑलराउंडर ब्रेसवेल ने चार विकेट लेकर बने मैच के हीरो

# न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा, भारत भी अंतिम चार में, पाकिस्तान-बांग्लादेश बाहर

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल के चार विकेट के बाद रचिन रविंद्र के शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बांग्लादेश की इस हार के साथ उसके अलावा मेजबान और गत चैंपियन पाकिस्तान भी सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया जबकि भारत ने अंतिम चार में प्रवेश किया।

न्यूजीलैंड और भारत दोनों के समान दो-दो मैच में दो जीत से चार-चार अंक हैं। न्यूजीलैंड (प्लस 0.863) हालांकि भारत (प्लस 0.647) से बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है। बांग्लादेश और पाकिस्तान ने अब तक अपने दोनों मुकाबले गंवाए हैं और उनके अंकों का खाता भी नहीं खुला है। न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के 237 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र की 105 गेंद में 12 चौकों और एक छक्के से 112 रन की पारी और टॉम लैथम (55 रन) के साथ उनकी चौथे विकेट की 129 रन की साझेदारी से 46.1 ओवर में पांच विकेट पर 240 रन बनाकर जीत दर्ज की।



रविंद्र के शतक से ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंचा न्यूजीलैंड

### शंटो का अर्धशतक

बांग्लादेश की टीम इससे पहले ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज ब्रेसवेल (26 रन देकर चार विकेट) और तेज गेंदबाज विलियम ओरोर्के (48 रन देकर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 236 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने 110 गेंद में नौ चौकों की मदद से सर्वाधिक 77 रन बनाए लेकिन बीच के ओवरों में टीम के विशेषज्ञ बल्लेबाजों के पास न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का कोई जवाब नहीं था। सातवें नंबर के बल्लेबाज जाकिर अली ने अंत में 45 रन बनाकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तनजीद का विलियमसन बो ब्रेसवेल | 24 | 24 | 1 | 2 |
| शंटो का ब्रेसवेल बो ओरोर्के | 77 | 110 | 9 | 0 |
| मिराज का सेंटनर बो ओरोर्के | 13 | 14 | 1 | 1 |
| तौहीद का विलियमसन बो ब्रेसवेल | 07 | 24 | 0 | 0 |
| रहीम का रविंद्र बो ब्रेसवेल | 02 | 05 | 0 | 0 |
| महमूदुल्लाह का ओरोर्के बो ब्रेसवेल | 04 | 14 | 0 | 0 |
| जाकिर अली रन आउट | 45 | 55 | 3 | 1 |
| रिषाद हुसैन का सेंटनर बो हेनरी | 26 | 25 | 2 | 1 |
| तास्किन का कॉनवे बो जेमीसन | 10 | 20 | 1 | 0 |
| मुस्ताफिजुर रहमान नाबाद | 03 | 05 | 0 | 0 |
| नाहिद राणा नाबाद | 00 | 04 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 25, कुल : 50 ओवर में 236/9

**गेंदबाजी :** हेनरी 9-0-57-1, जेमीसन 9-1-48-1, ब्रेसवेल 10-0-26-4 , ओरोर्के 10-1-48-2, सेंटनर 10-1-44-0, फिलिप्स 2-0-10-0.

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विल यंग बो तास्किन | 00 | 06 | 0 | 0 |
| डेवोन कॉनवे बो मुस्ताफिजुर | 30 | 45 | 6 | 0 |
| विलियमसन का रहीम बो नाहिद | 05 | 04 | 1 | 0 |
| रविंद्र का स्थानापन्न बो रिषाद | 112 | 105 | 12 | 1 |
| टॉम लैथम रन आउट | 55 | 76 | 3 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 21 | 28 | 2 | 1 |
| माइकल ब्रेसवेल नाबाद | 11 | 13 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :** 06, कुल : 46.1 ओवर में 240/5

**गेंदबाजी :** तास्किन 7-2-28-1, नाहिद 9-0-43-1, मेहदी 10-0-53-0, मुस्ताफिजुर 10-0-42-1, रिषाद 9.1-0-58-1, शंटो 1-0-12-0.

### चैंपियंस ट्रॉफी पर मंडराया आतंकी साया

पाकिस्तान में हो रहे चैंपियंस ट्रॉफी 2025 एक बड़ी खबर सामने आई है। चैंपियंस ट्रॉफी पर अब आतंकी खतरा मंडराने लगा है। इस खबर ने खेल प्रेमियों की टेंशन बढ़ा दी है। मगर यह पहली बार नहीं है कि पाकिस्तान में ऐसा सबकुछ हो रहा है। 16 साल पहले भी यहां एक क्रिकेट टीम पर आतंकी हमला हुआ था। यह टीम श्रीलंका थी। चैंपियंस ट्रॉफी देखेन पहुंचे विदेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी पाकिस्तान खुफिया ब्यूरो ने एक अलर्ट जारी किया है। इसके मुताबिक इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत ने कथित तौर पर पाकिस्तान में मैच देखने आए विदेशियों को निशाना बनाने का प्लान बनाया है।

**हार पर उठाए सवाल**

## मंदबुद्धि कप्तान, अजीब खिलाड़ी... पाकिस्तान के दिग्गजों ने अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी


एजेंसी ▶▶| कराची



एक और आईसीसी टूर्नामेंट और एक और बार भारत ने पाकिस्तान को धूल चटा दी। रविवार को दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में रोहित एंड कंपनी ने रिजवान की टीम को छह विकेट से हरा दिया और लगभग टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वहीं, टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारत के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट में एक और हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स से लेकर लोग बौखला गए हैं। कुछ समय पहले पाकिस्तान में इस बात तक की चर्चा हुई थी कि भले ही पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी हार जाए, लेकिन भारत के खिलाफ जीत दर्ज करे। अब स्थिति ऐसी है कि न तो उन्हें भारत के खिलाफ जीत मिली और न ही चैंपियंस ट्रॉफी के अगले दौर में पहुंच सके। इसके बाद कई दिग्गज पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर, मोहम्मद हफीज, शोएब मलिक, मोहम्मद आमिर और अहमद शहजाद ने अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी। इन सभी ने हार पर अलग अलग एनालिसिस किया, लेकिन सभी ने टीम चयन पर जरूर सवाल खड़े किए। सभी का मानना था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गलत टीम चयन किया था और उन्हें इसका अंजाम भुगतना पड़ा। दुबई में भारत से पाकिस्तान की हार के बाद दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम ने अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रशंसक अब खाली वादों और उम्मीदों को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं।

### अख्तर ने रिजवान को मंदबुद्धि बताया

हार के बाद एक पाकिस्तानी टीवी चैनल पर बोलते हुए अख्तर ने कहा, 'क्या आप बाबर को विराट से बेहतर मानेंगे? क्या आप श्रेयस अय्यर को खुशदिल



शाह से बेहतर मानेंगे? क्या आप रोहित शर्मा को मोहम्मद रिजवान से बेहतर मानेंगे? पिछले दस सालों से मैं सुन रहा हूं कि ये एक टैलेंटेड ग्रुप है। प्रतिभा कहां है? आप रन बनाकर और विकेट लेकर स्टार बन जाते हैं। मुझे कोई प्रतिभा नहीं दिखती। जब उनसे पूछा गया कि लोग उनकी बात सुनना चाहते हैं, तो अख्तर ने कहा, 'मैं 2011 से टीवी पर हूं, मेरा विश्वास करें, मैंने सब कुछ कह दिया है। मैं 2001 से देश के लिए क्रिकेट देख रहा हूं। अगर आप मंदबुद्धि लोगों को कप्तान बनाते हैं और अजीब लोगों को आने देते हैं, तो यही होगा।'

**चैंपियंस ट्रॉफी**

## ऑस्ट्रेलिया-अफ्रीका के बीच आज होगी रन वर्षा



एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

अपने बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान का जीत से आगाज करने वाले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका मंगलवार को जब यहां आमने सामने होंगे तो पूरी संभावना है कि इस मैच में खूब रन बरसेंगे।

इन दोनों टीमों का बल्लेबाजी विभाग काफी मजबूत है और इससे यह मुकाबला काफी रोचक हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों ही इस मैच में जीत हासिल करके सेमीफाइनल की तरफ मजबूत कदम बढ़ाना चाहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के कई प्रमुख खिलाड़ी चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहे हैं। इसलिए कम लोग ही उसे दावेदारों में शामिल कर रहे थे लेकिन लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ जिस तरह से उसने रिकार्ड लक्ष्य हासिल किया उससे साफ हो गया है कि आईसीसी की प्रतियोगिताओं में ऑस्ट्रेलिया को कमजोर आंकना बहुत बड़ी गलती होगी। ऑस्ट्रेलिया को टूर्नामेंट में पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की कमी खलेगी, लेकिन कम से कम शुरुआती मैच में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन ने उनकी अनुपस्थिति की भरपाई कर दी। जोश इंग्लिश ने शतक जड़कर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे वह आत्मविश्वास से भरे होंगे। उनके अलावा मैथ्यू शॉर्ट, मार्नस लाबुशेन, एलेक्स कैरी और ग्लेन मैक्सवेल ने भी उपयोगी योगदान दिया।

### फार्म में अफ्रीकी बल्लेबाज

इंग्लिस की तरह दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रयान रिकलटन भी अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ आक्रामक शतक के बाद आत्मविश्वास से भरे होंगे। दक्षिण अफ्रीका के तीसरे चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाज ने पिछले मैच में अर्धशतक लगाए थे जो टेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली टीम के लिए अच्छे संकेत हैं। हेनरिक क्लासेन चोट के कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे और उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना भी संदिग्ध है। कैगिसो रबाडा के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका का तेज गेंदबाजी आक्रमण बेहतर नजर आ रहा है और वह इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा।

## सीएसके ने श्रीराम को नियुक्त किया सहायक गेंदबाजी कोच

**चेन्नई।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर श्रीधरन श्रीराम आगामी इंडियन प्रीमियर लीग चरण में चेन्नई सुपर किंग्स के सहायक गेंदबाजी कोच होंगे। पांच बार की चैंपियन टीम ने सोमवार को इसकी घोषणा की। चेन्नई सुपर किंग्स ने 'एक्स' पर घोषणा करते हुए पोस्ट किया, 'हमारे सहायक गेंदबाजी कोच श्रीराम श्रीधरन को सलाम। चेपॉक की पिच से लेकर ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश में कई वर्षों तक कोचिंग देने वाले श्रीधरन गर्व के साथ इस नयी यात्रा पर निकल पड़े हैं।' बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी के पूर्व ऑलराउंडर श्रीधरन टीम में स्टीफन फ्लेमिंग (मुख्य कोच), माइक हसी (बल्लेबाजी कोच) और एरिक सिमंस (गेंदबाजी सलाहकार) के साथ काम करेंगे। सीएसके की स्पिन गेंदबाजी लाइनअप में आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, श्रेयस गोपाल, नूर अहमद, दीपक हुड्डा और रचिन रविंद्र शामिल हैं। श्रीधरन (49 वर्ष) ड्वेन ब्रावो की जगह लेंगे जो अब गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर (मार्गदर्शक) के रूप में शामिल हो गए हैं।



## राजस्थान ने रियल कश्मीर को 4-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान यूनाईटेड ने सोमवार को यहां रियल कश्मीर पर 4-0 की शानदार जीत से आई लीग तालिका में ऊपर की ओर बढ़ना जारी रखा। राजस्थान यूनाईटेड ने पहले 32 मिनट में तीन गोल दाग दिए। एलेन ओयारजुन ने 13वें और माईकोल काब्रेरा ने 14वें ओर 32वें मिनट में दो गोल दागे। गौतम वीरवानी ने 90+4वें मिनट में टीम के लिए चौथा गोल किया। राजस्थान यूनाईटेड के इस जीत से 24 अंक हो गए हैं जिससे टीम चौथे स्थान पर पहुंच गई। वहीं रियल कश्मीर की खिताब की उम्मीदों को करारा झटका लगा और वह 26 अंक पर कायम है लेकिन तीसरे स्थान पर खिसक गई। टीम चर्चिल ब्रदर्स से तीन अंक पीछे है।



## राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए उत्तराखंड की सराहना

# तेजी से वैश्विक खेल शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए उत्तराखंड की सराहना की। साथ ही यादगार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की सराहा। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा खिलाड़ियों की दृढ़ता एवं उनके अनुशासन की बदौलत भारत तेजी से वैश्विक खेल शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों में 11,000 से अधिक खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया। उत्तराखंड देश में खेलों के मजबूत बल के रूप में भी उभर रहा है। इन खेलों ने दिखाया कि कभी हार न मानने वाले जीतते जरूर हैं। पीएम ने कहा, उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन किया। राज्य 7वें स्थान पर रहा। यही तो खेलों की ताकत है, जो व्यक्ति विशेष और समुदाय के साथ पूरे राज्य का कायाकल्प कर देती है। युवा एथलीटों की दृढ़ता और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि आरामतलबी के साथ कोई चैंपियन नहीं बनता।



### खेलो इंडिया अभियान ने दी खिलाड़ियों को पहचान

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों के यादगार प्रदर्शनों की देश-भर में खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने सबसे ज्यादा स्वर्ण जीतने वाली भारतीय सशस्त्र बलों की टीम सर्विसेज को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन खेलों में भाग लेने वाले बहुत से खिलाड़ी खेलो-इंडिया अभियान की देन हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल, महाराष्ट्र के किरण मात्रे, तेजस शिरसे और आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी का जिक्र करते हुए कहा कि इन्होंने देश को नई उम्मीदें दी हैं।

### यूपी और कर्नाटक के खिलाड़ियों ने जीता दिल

*प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव और हरियाणा की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा और कर्नाटक की तैराक धिनिधि देसिन्धु ने देशवासियों का दिल जीता। पीएम ने कहा कि इस बार किशोर चैंपियंस ने भी हैरान किया। निशानेबाज गेविन (15 साल), यूपी की हैमर थ्रो खिलाड़ी अनुष्का (16) व मप्र के पोल वाल्टर देव कुमार मीणा (19) ने साबित किया कि भारत में खेलों का भविष्य बेहद प्रतिभावान पीढ़ी के हाथों में है।*




# बसंत की दस्तक के साथ बिखरा नृत्य का उत्साह और उल्लास




## बुन्देलखंड की ऐतिहासिक भूमि इन दिनों नृत्य की जिज्ञासा, प्रयोग और नवाचारों से सुसज्जित

खजुराहो से मधुरिमा राजपाल

ऋतुओं के राजा बसंत की दस्तक के साथ प्रेम और अध्यात्म की प्राचीन नगरी में नृत्य की उमंग और उल्लास अपने उत्कर्ष पर है। घुंघरुओं की झंकार से खजुराहो की आबो-हवा में सुरीला संगीत सुनाई पड़ रहा है। मधुमास के राग के साथ नर्तक-नर्तकियों की थिरकन आत्मा को आनंद से भर रही है। 51वें खजुराहो नृत्य समारोह में जिज्ञासा, प्रयोग और नवाचारों से सजी प्रस्तुतियों ने दूर-दराज से आए नृत्यप्रेमियों के अंतर्मन को गुदगुदा दिया है। 51वां खजुराहो नृत्य समारोह के पांचवें दिवस की शाम में मोहिनीअट्टम, कथक और ओडिसी के नाम रही।



### मोहिनीअट्टम में प्रस्तुत किया नृत्य बाला गणपति

*पांचवें दिन पहली नृत्य प्रस्तुति पद्मश्री विदुषी भारती शिवाजी, दिल्ली की मोहिनीअट्टम की रही। उन्होंने सर्वप्रथम बाल गणपति से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की। नृत्य बाला गणपति एक आह्वान था जो बाल गणपति का वर्णन करता है जब वह हाथी के सिर वाले भगवान के रूप में पैदा हुआ था। जब शिव और पार्वती ने नर और मादा हाथी का रूप धारण किया।*

### शाश्वत चक्र की महिमा को अभिव्यक्त करती कथक प्रस्तुति



दूसरी प्रस्तुति कथक की रही, जिसे प्रस्तुत करने मंच पर नमूदार थी पद्मश्री शोवना नारायण, दिल्ली। समय, सृजन, प्रेम और मृत्यु - यह सभी जीवन के चक्र में बंधे हैं, जो निरंतर गतिशील है। पद्मश्री शोवना नारायण की नृत्य प्रस्तुति ने इस शाश्वत चक्र की महिमा को अभिव्यक्त किया। चित्रगुप्त, कंदरिया महादेव और जगदंबा मंदिरों की दिव्य आभा में इस नृत्य प्रस्तुति ने जीवन के सार को उद्घाटित किया।

### शबरी पर प्रस्तुत किया एक गहन मार्मिक अभिनय

अंतिम प्रस्तुति रतिकांत मोहापात्रा, ओडिसा की ओडिसी नृत्य की रही। उन्होंने नव-शास्त्रीय नवाचारों का एक गुलदस्ता प्रस्तुत किया, जिसमें कलाकारों द्वारा शिव तांडव स्तोत्रम और जीवन मधु संगीत माया" की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद गुरु रतिकांत महापात्र द्वारा रामचरित मानस से शबरी पर एक गहन मार्मिक अभिनय प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति का समापन भगवान सूर्य की प्रार्थना वंदे सूर्यम की जीवंत प्रस्तुति के साथ हुआ।

युवा साहित्यकारों की कार्यशाला संपन्न

## साहित्य सृजन केंद्र में राष्ट्रीयता का भाव बोध सर्वोपरि हो



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

'साहित्य सृजन के केंद्र में राष्ट्रीयता का भाव बोध सर्वोपरि हो, अच्छा और सच्चा साहित्य सृजन यश व धन की कामना को ध्यान में रखकर नहीं लिखा जा सकता। युवाओं को अपने सृजन में राष्ट्र विरोधी समाज विरोधी भाव जहां भी दिखाई दें उनका पुरजोर विरोध अपनी कलम से करना चाहिए।'यह उदगार हैं डॉ. विकास दवे निदेशक साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल के जो कोपल युवा साहित्यकारों की कार्यशाला के समापन अवसर पर बोल रहे थे।

### कहानी 'कुंभ बुआ 'का किया वाचन

इस कार्यशाला में प्रदेश के युवा रचनाकारों को वरिष्ठ साहित्यकारों ने साहित्य की विविध विधाओं उनके शिल्प पर अपने अनुभव साझा किए। अशोक जमनानी नर्मदापुरम ने गद्य साहित्य में विशेषकर कहानी विधा के शिल्प और तत्वों पर अपनी बात रखते हुए अपनी कहानी 'कुम्भ बुआ 'का वाचन किया। आमंत्रित वक्ताओं में लघुकथाकार घनश्याम मैथिल अमृत,भोपाल ने लघुकथा विधा के शिल्प एवं विधान पर अपने विचार रखते हुए कुछ महत्वपूर्ण लघुकथाओं का वाचन किया।

जीआईएस के अंतर्गत मैत्रेयी पहाड़ी के निर्देशन में 125 आर्टिस्ट ने दी मनभावन प्रस्तुति

# नृत्य में दिखी महाकाल की सवारी, नर्मदा आरती और साथ ही बाग और माहेश्वरी प्रिंट की झलक

## नर्मदा आरती तक की झलकियां दिखाई गईं



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में हो रही ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) में महाकाल की सवारी से लेकर नर्मदा आरती तक की झलकियां नृत्य के जरिए दिखाई गई। इसके लिए शास्त्रीय विधाओं में पारंगत दिल्ली की कोरियोग्राफर मैत्रेयी पहाड़ी के निर्देशन में एक वृहद सांस्कृतिक प्रस्तुति का आयोजन हुआ। करीब 35 मिनट की इस प्रस्तुति में समूचे मप्र के पर्यटन स्थलों के साथ ही सांस्कृतिक विरासत को पेश किया गया। इसके लिए मप्र और दिल्ली के करीब 125 आर्टिस्ट्स का चयन किया गया है।

### बधाई, मटकी जैसे फोक डांस भी किए शामिल

करीब 35 मिनट चलने वाली इस प्रस्तुति की शुरुआत शंकराचार्य द्वारा रचित शिवोहम सॉन्ग पर कथक, भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नृत्यों से हुई। इसमें मध्यप्रदेश के फोक डांस भी शामिल किए गए हैं। इनमें बधाई, मटकी, गोंड, काठी, मांच जैसे लोक नृत्य पेश किए गए।

### कथक, ओडिसी में दिखी एमपी टूरिज्म की झलक

इसके अलावा कथक, ओडिसी, भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नृत्य में एमपी टूरिज्म की झलक देखने को मिली। इसमें बाग और महेश्वरी प्रिंट से लेकर उज्जैन का महाकाल मंदिर और खजुराहो के मंदिर, नर्मदा घाट, नर्मदा आरती भी मंच पर देखने को मिला। साथ ही मांडू के महल, सांची के स्तूप, भीम बैठका के दृश्यों की झलकियां की प्रस्तुति खास रही।




कलाकारों ने किया पेंटिंग का प्रदर्शन

## अंतरराष्ट्रीय आर्ट वर्कशॉप में मप्र के कलाकारों का रंगोली प्रदर्शन

**भोपाल।** ओडिशा के पावन धाम जगन्नाथ पुरी में ग्लोबल आर्ट फोरम द्वारा इंटरनेशनल आर्ट वर्कशॉप का आयोजन हुआ, जिसमें देश-विदेश के विभिन्न राज्यों से आए हुए कलाकारों ने पेंटिंग व रंगोली का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन जगन्नाथ मंदिर परिसर पश्चिम द्वार पर हुआ, जिसका विषय प्रतिबिंब रिफ्लेक्शन ऑफ पुरी था जिसमें शहर के कलाकारों गोविन्द विश्वकर्मा, वीर सिंह राजपूत, ऋषि बॉथम, अंजली राउत, सौम्या जैन ने मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए भगवान जगन्नाथ की विशाल रंगोली का निर्माण किया, जिसमें भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की कहानी को दर्शाया गया। साथ ही रंगोली के वीडियो को मंदिर प्रशासन ने पुरी मंदिर के सोशल मीडिया के ऑफिशियल पेज पर भी शेयर किया ।




## नाट्य प्रस्तुति व्यंग्यों के जरिए सामाजिक विसंगतियों पर किया गया तगड़ा प्रहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

### शहीद भवन में नाटक 'आधी रात के बाद' का मंचन

जब तक कसूर साबित नहीं हो जाता हर आदमी बेकसूर है...। इस तरह के संवाद सोमवार को शहीद भवन में सुनाई दिए। अवसर था, कारवां संस्था द्वारा नाटक 'आधी रात के बाद' के मंचन का। शंकर शेष द्वारा लिखित इस नाट्य प्रस्तुति का निर्देशन नजीर कुरैशी ने किया। करीब 1 घंटा 40 मिनट चले इस नाटक में आर्टिस्ट्स ने व्यंग्य संवादों के जरिए सामाजिक विसंगतियों पर तीखे प्रहार किए। नाटक में दिखाया कि एक जज के घर में चोर घुसता है तो जज उससे पूछता है कि तुम्हारे पास छुरा तो नहीं है? इसके जवाब में चोर बोलता है मैं चोर हूं साहब हज्जाम नहीं, यह हमारे उसूलों के खिलाफ है चोर को सिर्फ चोर रहना चाहिये जैसे जज को सिर्फ जज। जज को चोर की बातों और उसकी कहानी में रस आने लगता है। चोर की जिंदगी की घटनाओं की पर्तें खुलती जाती हैं। अंत में चोर बताता है कि वह इसलिए गिरफ्तार होना चाहता है क्योंकि वह बाहर रहेगा तो सफेद पोश अपराधियों द्वारा मार दिया जाएगा। उसके पास उन सफेद पोशों की करतूतों का काला चिट्ठा है।



गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में होगी द एक्सपर्ट शॉट्स विषय पर क्लास

## फिल्म अभिनेता पंकज त्रिपाठी एमसीयू में लेंगे मास्टर क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



फिल्म अभिनेता पंकज त्रिपाठी मंगलवार को माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में मीडिया के विद्यार्थियों की मास्टर क्लास लेंगे। त्रिपाठी द एक्सपर्ट शॉट्स विषय पर अपनी बात रखेंगे, वहीं विद्यार्थियों को छोटे से गांव से मुंबई तक अपने संघर्ष से सफलता की कहानी भी बताएंगे। कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय का जलवा बिखेर चुके त्रिपाठी विद्यार्थियों के प्रश्नों के जवाब भी देंगे और उनकी जिज्ञासाओं को भी शांत करेंगे। माखनपुरम बिशनखेड़ी परिसर के गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में आयोजित मास्टर क्लास में अभिनेता विजय विक्रम सिंह संवाद संचालक होंगे। इस अवसर पर विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

उज्जैन, साँची, भोजपुर, भीमबेटका, खारी विलेज होमस्टे और भोपाल के प्रमुख पर्यटन स्थल भी बने आकर्षण का केंद्र

# जीआईएस के मप्र टूरिज्म बोर्ड के पवेलियन में राज्य की समृद्ध विरासत और निवेश क्षमता का हुआ प्रदर्शन, डेलीगेट्स ने महाकाल के किए सजीव दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

## समिट में हो रहा मध्यप्रदेश की लोक कलाओं का रंगारंग प्रदर्शन

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड का पवेलियन आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थल, प्राचीन मंदिर, राजसी किले और लुभावने प्राकृतिक स्थलों को नवीन तकनीक और इंटरैक्टिव पैनल के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है। यहां डेलीगेट्स ने होलोग्राम के जरिए महांकाल के सजीव दर्शन कराये जा रहे हैं। विशेष रूप से उज्जैन से मंगाया गया बाबा महाकाल का प्रसाद भी दिया जा रहा है। इसके अलावा, साइक्लिंग करते हुए वर्चुअल रियलिटी के ज़रिए ओरछा, खजुराहो और सांची स्तूप के साथ वन्य जीवन का अनुभव कराया जा रहा है।



### साउंड हीलिंग तकनीक का विशेष जोन

पवेलियन में वेलनेस टूरिज्म को प्रदर्शित करते हुए साउंड हीलिंग तकनीक का विशेष जोन बनाया गया है। प्रदेश के पारंपरिक हस्तशिल्प बाग प्रिंट का लाइव काउंटर में डेलीगेट्स बाग प्रिंट को करीब से जानने के साथ साड़ी, स्टोल जैसे उत्पाद भी खरीद रहे है। जीआईएस के पलो को यादगार बनाने के लिए मोगली सेल्फी पॉइंट स्थापित किया गया हैं। जिसमें डेलीगेट्स जंगल बुक के कैरेक्टर मोगली, बघीरा सहित चीता और बाघ के साथ सेल्फी ले सकते है।

### पर्यटन ग्राम खारी बना पहली पसंद

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आए देश-विदेश के प्रतिनिधियों के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन ने विशेष यात्रा टूर प्लान किया गया है। डेलीगेट्स ने उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के साथ ही, सांची के बौद्ध स्तूप, भोजपुर के शिव मंदिर और भीमबेटका की एतिहासिक गुफाओं में रुचि व्यक्त की है। साथ ही पर्यटन ग्राम खारी को भी डेलीगेट्स द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है, जहां डेलीगेट्स ग्रामीण जीवनशैली और स्थानीय संस्कृति का

### प्रमुख तौर पर

- आदिवासी नृत्यः बोंगा, बैगा, सहरिया, कोल और कोरकू जनजातियों के पारंपरिक नृत्यों की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं।
- हस्तशिल्पः चंदेरी और महेश्वरी साड़ियों, बाग प्रिंट, मिट्टी के बर्तन, धातु के आभूषण और लकड़ी के खिलौने मध्यप्रदेश की शिल्प कला का उत्कृष्ट नमूना प्रस्तुत किया जा रहा है।
- लोक संगीतः निमाड़ और बुंदेलखंड के लोक गायकों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक गीत संगीत की प्रस्तुति की जा रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930